পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 256 | गुवाहाटी | बुधवार, 17 अप्रैल, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

अल्फा-स्वा ने ली असम राइफल्स के वाहनों पर हमले की जिम्मेदारी — पेज 3
भारतीय आर्थिक सेवा के प्रोबेशनर्स ने राष्ट्रपति से मुलाकात की — पेज 4
विकास को लेकर सुल्तानपुर में महिलाओं की पहली पसंद मेनका — पेज 5
आने वाले 25 साल भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं : निर्मला सीतारमण — पेज 8

## पीएम मोदी का गुवाहाटी में भव्य रोड शो



**गुवाहाटी (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंगलवार शाम गुवाहाटी में एक भव्य रोड शो आयोजित हुआ। इस रोड शो में सड़क के दोनों तरफ हजारों की संख्या में लोग देखे गए। प्रधानमंत्री अपने काफिले के साथ लोगों का अभिवादन करते हुए आगे बढ़ते गए। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री अपने दो दिवसीय पूर्वोत्तर के कार्यक्रम के साथ आज शाम गुवाहाटी पहुंचे। रोड शो में शामिल होने के बाद वे रात को यहां ठहरेंगे। राजधानी गुवाहाटी के खानापाड़ा के कोईनाधरा पहाड़ पर स्थित एक नंबर स्टेट गेस्ट हाउस में प्रधानमंत्री रात्रि विश्राम करेंगे। सुबह प्रधानमंत्री खानापाड़ा से हेलीकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल नलबाड़ी पहुंचेंगे। बुधवार को राज्य के नलबाड़ी में प्रधानमंत्री एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली में दो लाख से अधिक लोग शामिल हो रहे हैं। उधर पीएम की रैली के दौरान असम यातायात पुलिस ने मार्ग पर वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया है और जिला अधिकारियों ने इसे दोनों दिन *नो ड्रोन फ्लाई जोन* घोषित कर दिया है। इससे पहले, एक चुनावी रैली की तर्ज पर बोलते हुए, हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी 17 अप्रैल को भाजपा सहयोगी एजीपी के लिए नलबाई में प्रचार करने वाले हैं। रिपोर्टों के अनुसार, पीएम मोदी बरपेटा निर्वाचन क्षेत्र से एजीपी उम्मीदवार फणी भूषण चौधरी के लिए प्रचार करने के लिए नलबाड़ी के सरकारी गुर्डन एचएस स्कूल के खेल के -शेष पृष्ठ दो पर

## असम में कमल के आगे पंजा फिर नाकाम : सर्वे



**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव को लेकर हर ओर हलचल है। पहले चरण की वोटिंग के लिए कल बुधवार को चुनाव प्रचार खत्म होने जा रहा है और फिर 19 अप्रैल को 102 सीटों पर वोटिंग कराई जाएगी। वोटिंग शुरू होने से पहले टीवी9, पिपुल्स इनसाइट, पोलस्ट्रेट की ओर से एक ओपिनियन पोल सर्वे कराया गया है, जिसमें 25 लाख लोगों का सैंपल साइज लिया गया है। ओपिनियन पोल में यह बात सामने आई है कि असम में भी भारतीय जनता पार्टी का जलवा बिखरने जा रहा है जबकि कांग्रेस को पिछले चुनाव से भी कम सीट मिलने जा रही है। पूर्वोत्तर भारत के सबसे बड़े राज्य में असम में लोकसभा की 14 सीटें आती हैं और ओपिनियन पोल सर्वे के आधार पर भारतीय जनता पार्टी को 14 में से 11 सीटों पर जीत मिलने जा रही है। जबकि कांग्रेस के खाते में महज एक सीट जाने का अनुमान लगाया गया है। असम गण परिषद (अगप) को भी एक सीट मिल सकती है। असम गण परिषद भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए का हिस्सा है तो एनडीए के खाते में कुल 12 सीटें आ सकती हैं। अन्य के खाते में भी एक सीट जाने का अनुमान लगाया गया है। असम की राजनीति में खास पहचान रखने वाली स्थानीय पार्टी ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) को बड़ा झटका लगने वाला है। एआईयूडीएफ को 2019 में हुए पिछले चुनाव में एक सीट पर जीत मिली थी, जबकि ओपिनियन पोल सर्वे के अनुसार, बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ का खाता भी नहीं खुलने जा रहा है। जबकि 2014 के संसदीय चुनाव में एआईयूडीएफ के खाते में 3 सीटें आई थीं। -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रियंका को देखने से बेहतर काजीरंगा का बाघ और गैंडा देखना : सीएम



**माजुली (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि गांधी परिवार की प्रियंका गांधी और राहुल गांधी अमूल बेबी की तरह हैं जो सिर्फ देखने के काम आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी को देखने से बेहतर काजीरंगा में जाकर बाघ और गैंडे को देखना होगा। प्रियंका गांधी के रोड शो से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 सौ से 7 सौ लोग सिर्फ प्रियंका गांधी के रोड शो में थे। मुख्यमंत्री आज माजुली में एक रोड शो कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माजुली में कांग्रेस का जो एक वोट बैंक था वह भी अब समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष -शेष पृष्ठ दो पर

## सर्वाइकल और कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाएंगे मोदी : मुख्यमंत्री



**शोणितपुर (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के शपथ लेने के बाद सर्वाइकल और कैंसर से बचाव के लिए टीके लगाए जाएंगे। डॉ. शर्मा ने भाजपा के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि महिलाओं को आमतौर पर दो तरह का कैंसर होता है। गर्भाशय और सर्वाइकल कैंसर। भाजपा के संकल्प पत्र में इस तरह के कैंसर को रोकने के लिए महिलाओं के टीकाकरण के लिए नरेंद्र मोदी द्वारा उठाए गए उचित कदमों का उल्लेख किया गया है। चावल पकाने वाली महिलाओं को उज्ज्वला योजना की रसोई गैस उपलब्ध कराकर राहत, कोविड से निजात दिलाने, मुफ्त चावल देने, अरुणोदय योजना, जल जीवन योजना के माध्यम से पीने के पानी की व्यवस्था, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त ईलाज, 3 साल के भीतर एक लाख सरकारी नौकरियों की भर्ती आदि भाजपा सरकार के कार्यों को लोगों ने देखा है। मुख्यमंत्री मंगलवार को शोणितपुर लोकसभा क्षेत्र से -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*दंड से सम्पदा का आयोजन होता है।*

- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

#### चुनाव अभियान : भाजपा ने कांग्रेस के विरुद्ध ईसी से की शिकायत

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के *घर-घर गारंटी* अभियान पर सवाल उठाते हुए -शेष पृष्ठ दो पर

## सुरजेवाला के प्रचार पर ईसी ने लगाया 48 घंटे का बैन



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला को 48 घंटे के लिए प्रचार करने से रोक दिया। कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी को लेकर भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। चुनाव आयोग का यह फैसला मथुरा से भाजपा सांसद के खिलाफ सांसद की टिप्पणी पर सुरजेवाला और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद आया है। भाजपा द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में सुरजेवाला को यह कहते -शेष पृष्ठ दो पर

## बालूरघाट में पीएम ने गिनवाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां, तृणमूल पर साधा निशाना



**बालूरघाट (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के बालूरघाट लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुकांत मजूमदार के समर्थन में मंगलवार को आयोजित रैली को संबोधित करने पहुंचे प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मोदी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि कल पूरा देश रामनवमी मनाने जा रहा है और इस बार यह रामनवमी भी खास है। यह नवरात्रि भी खास है, और ये बांग्ला नववर्ष वर्ष भी खास है। यह पहली रामनवमी है जब अयोध्या में भव्य राममंदिर में रामलला विराजमान हो चुके हैं। मोदी ने भाजपा के संकल्प पत्र के बारे में कहा कि अभी दो दिन पहले वैशाख के दिन भाजपा ने अपना संकल्प पत्र देश के सामने रखा है। संकल्प पत्र में मोदी ने अगले पांच वर्षों की गारंटी दी है। हम गरीबों के लिए तीन करोड़ और नए मकान बनाएंगे। हम मुक्त बिजली के लिए कम दाम पर सोलर पैनल लेंगे और बिजली बिल जीरो कर देंगे। यह मोदी की गारंटी है। भाजपा सरकार आने वाले पूरे पांच वर्ष मुफ्त राशन देती रहेगी। सत्तर वर्ष से अधिक हर बुजुर्ग को आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज मिलेगा। बंगाल में हमारी बेटियों का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए उन्हें आईटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रिटेल और टूरिज्म जैसे सेक्टर की ट्रेनिंग दी जाएगी। मकान, पानी, बिजली, सिलेंडर जैसी सुविधाएं देश के हर गरीब तक पहुंचाई जाएगी। तृणमूल पर आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि इन्हें लगता है इतने दिनों से तो यह लोग मोदी की योजनाओं को बंगाल के लोगों तक पहुंचने से रोक रहे थे। गरीबों को पीएम आवास नहीं मिलने दे रहे थे। हर घर जल का जो मिशन है उसको गांव तक नहीं जाने दे रहे थे। केंद्र मनरेगा का पैसा भेजती थी, यह रोक कर बैठ जाते थे। अब इन्हें लग रहा है अब तो मोदी ने हर गरीब का योजनाएं पहुंचने की गारंटी दी है। अगर बंगाल के गरीब को मोदी के कामों का लाभ मिल जाएगा, गरीब आगे बढ़ जाएगा, तो तृणमूल की दुकान बंद हो जाएगी। बंगाल और बालूरघाट के बारे में बोलते हुए पीएम ने कहा कि बंगाल और बालूरघाट ने देश को कितना कुछ दिया है। यहां के आदिवासी समाज के त्याग और बलिदान का देश पर बड़ा कर्ज है। बांग्लादेश युद्ध में युवा जुर्का मुर्मू के बलिदान को कौन भूल सकता है। मोदी ने आगे कहा कि आज भाजपा यहां आदिवासियों दलितों के सम्मान के लिए लड़ रही है। यह भाजपा सरकार है जिसने आदिवासी समाज के सम्मान में जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत की है। हमारी सरकार ने -शेष पृष्ठ दो पर

## कानूनी प्रक्रिया को ओवरलैप करने वाला कदम उठाना सही नहीं : ईसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह पार्टियों और उम्मीदवारों के समान अवसर और प्रचार अधिकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन उसने किसी भी तरह का कदम उठाना सही नहीं पाया है। ऐसा कदम जो कानूनी न्यायिक प्रक्रिया को ओवरलैप कर सकता है। बता दें कि इससे पहले विपक्षी दलों ने सरकार पर विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। एक बयान में, चुनाव प्राधिकरण ने कहा कि यह संवैधानिक ज्ञान द्वारा निर्देशित था जब राजनीतिक व्यक्तियों से जुड़ी *जीवित स्थितियों* को प्रस्तुत किया गया था जो आपराधिक जांच के आधार पर अदालतों के सक्रिय विचार और आदेशों के अधीन थे। यद्यपि आयोग राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के समान अवसर और प्रचार अधिकार की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से -शेष पृष्ठ दो पर

## पूरे बंगाल में निकलेंगी रामनवमी की एक हजार से अधिक शोभायात्राएं



**कोलकाता (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच पश्चिम बंगाल में बुधवार को जोर-शोर से रामनवमी का त्योहार मनाया जाएगा। इस मौके पर कमोबेश एक हजार से अधिक शोभायात्राएं निकाली जानी हैं। रामनवमी से पहले कई चुनावी सभाओं से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दंगा होने की आशंका जाहिर की है इसलिए लोग दहशत के साए में हैं और इस बात की आशंका है कि कई जगहों पर शोभायात्राओं पर हमले हो सकते हैं। वैसे चुनाव आयोग ने भी इसे लेकर बड़े पैमाने पर सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है और पुलिस को -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर : हथियारबंद लोगों ने दो तेल टैंकरों को निशाना बनाया

**इंफाल।** मणिपुर के तमेंगलोंग जिले में मंगलवार को हथियारबंद लोगों ने कथित तौर पर ईंधन टैंकरों को निशाना बनाया, जिसमें एक ड्राइवर को गोली मार दी गई। पुलिस ने बताया कि इम्फाल को सिलचर से जोड़ने वाले एनएच-37 पर केइमी गांव के पास हुई गोलीबारी में कम से कम दो ईंधन टैंकर प्रभावित हुए हैं। बताया कि हथियारबंद लोगों ने पहाड़ी की चोटियों से हाईवे पर ईंधन टैंकरों को निशाना बनाकर गोलीबारी की, जिसमें चालक के पैर में गोली लग गई।

## लोस चुनाव से पहले कांकेर में मुठभेड़ 29 नक्सली ढेर, तीन जवान भी घायल



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया है। इस घटना में तीन जवान भी घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कांकेर जिला कांकेर लोकसभा क्षेत्र में आता है, जहां 26 अप्रैल को आम चुनाव के दूसरे चरण में मतदान होगा। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीनागुंडा और कोरोनार गांवों के मध्य हापाटोला गांव के जंगल में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया है। सुंदरराज ने बताया कि सुरक्षाबलों को माओवादियों के उत्तरी बस्तर -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# फैसले लेते समय अधिकारी गरीब के हितों का रखें ध्यान : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंगलवार को गरीबों के हितों का ध्यान रखने के लिए वाणिज्यिक सेवा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्णय लेते समय पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखा जाए। भारतीय आर्थिक सेवा के प्रवोशनर्स अधिकारियों के बैच 2022-2023 की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ बैठक हुई। इस बैठक में मुर्मू ने नीतियों को गरीब के हितों को ध्यान में रखकर बनाने के लिए कहा। उन्होंने कि आर्थिक वृद्धि देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। मैक्रो और माइक्रो आर्थिक संकेतक प्रगति के मानक माने जाते हैं। सरकारी नीतियों, योजनाओं को प्रभावी और उपयोगी बनाने में अर्थशास्त्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवा अधिकारियों से कहा कि वाणिज्यिक सेवा अधिकारियों से कहा कि नीति संबंधी सुझाव देते समय या कोई निर्णय लेते समय पिछड़े वर्ग का ध्यान रखें। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने यह भी कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। आने वाले समय में सभी को अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के अनगिनत अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इन अवसरों का समुचित लाभ उठाकर देश का विकास करें। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि युवा भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे नए विचारों, तरीकों और तकनीकों के माध्यम से अपनी कार्य कुशलता बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि उनकी रचनात्मकता इस तेजी से बदलते युग में देश के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने में मदद करेगी। डाटा के विश्लेषण और साक्ष्य-आधारित विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से सरकार को लोगों के आर्थिक उत्थान में तेजी लाने में मदद मिली है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह खुशी की बात है कि इस बैच में 60 प्रतिशत से अधिक आईईएस महिलाएं हैं। महिलाओं की इस तरह की बढ़ती भागीदारी से भारत का समावेशी विकास हो सकेगा। उन्होंने महिला अधिकारियों से कहा कि वे महिलाओं के सर्वांगीण विकास पर काम करें।



# कंगाली के बावजूद पाकिस्तान बना रहा नए परमाणु हथियार : अमेरिकी खुफिया अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद पाकिस्तान ने पिछले साल अपने परमाणु आधुनिकीकरण के प्रयासों को जारी रखा और भारत के साथ उसके विवादास्पद संबंध उसकी रक्षा नीति को आगे बढ़ा रहे हैं। सोमवार को चीन के संबंध में हुई बैठक के दौरान रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने यह टिप्पणियां कीं। क्रूस ने सांसदों को बताया कि पाकिस्तान ने कश्मीर को लेकर भारत के साथ अपने विवाद सुलझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और विभिन्न देशों से समर्थन मांगा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच नियंत्रण रेखा पर फरवरी 2021 से एक असहज युद्धविराम कायम है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद अपने परमाणु आधुनिकीकरण प्रयासों को जारी रखा है। पिछले साल पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी हिंसा में भी वृद्धि हुई। क्रूस ने शीर्ष अमेरिकी सांसदों को बताया कि भारत के साथ पाकिस्तान के विवादास्पद रिश्ते उसकी रक्षा नीति को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, फरवरी 2021 में युद्धविराम के बाद से दोनों देशों के बीच सीमा पार हिंसा में कमी आई है।

# पाकिस्तान सरकार ने 16 दिन में फिर बढ़ाए पेट्रोल-डीजल की कीमत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 16 दिन बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में फिर आग लग गई है। मंगलवार को पेट्रोल के दाम 4.53 रुपए की बढ़ोतरी के बाद 293.94 पाकिस्तानी रुपए हो गए। वहीं हाई-स्पीड डीजल 8.14 रुपए बढ़कर 290.38 पाकिस्तानी रुपए हो गया। इसके अलावा केरोसिन ऑयल की कीमत में भी 6.69 रुपए की बढ़ोतरी हुई। इसका रेट अब 193.8 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल की कीमतें बढ़ाने की वजह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दाम में बढ़ोतरी है। दरअसल, ईरान-इजराइल के बीच टकराव की वजह से वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं। पाकिस्तान सरकार हर 15 दिनों में ईंधन की कीमतों की समीक्षा करती है। इस दौरान वैश्विक तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव और स्थानीय मुद्रा के एक्सचेंज रेट के आधार पर उन्हें बढ़ाती या घटाती है। इससे पहले 1 अप्रैल को पेट्रोल की कीमत में 9 रुपए बढ़ा दिए गए थे। तब इसकी वजह टैक्स की चोरी को बताया गया था। इसके बाद अप्रैल महीने में पेट्रोल की कीमत में कुल 13 रुपए की बढ़ोतरी हुई।

# बंगाल में पहली बार रामनवमी पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में पहली बार ऐसा होगा जब बुधवार को रामनवमी के मौके पर सरकारी छुट्टी रहेगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मार्च में ही इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी थी। लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार के इस फैसले को राजनीतिक चश्मे से देखा जा रहा है। अमूमन मुस्लिम तुष्टीकरण के आरोपों को झेलने वाली ममता बनर्जी का यह फैसला सोच-समझ कर लिया गया माना जा रहा है। प्रदेश में बुधवार को सभी स्कूल, कॉलेज और सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। बंगाल में दुर्गा पूजा, काली पूजा का त्योहार बहुत बड़े स्तर में मनाया जाता है। इसके अलावा कई अन्य त्योहारों पर सार्वजनिक छुट्टी रहती है, मगर रामनवमी पर न तो कभी छुट्टी होती थी और न ही शोभायात्रा निकालने की अनुमति मिलती थी लेकिन इस बार पहली बार छुट्टियां रहेगी। हालांकि शोभायात्रा को इस बार भी राज्य सरकार की ओर से बहुत जगह अनुमति नहीं मिली है। हावड़ा में तो महज 200 लोगों की शोभायात्रा को निकालने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा है।

# जीवन भर की कमाई 200 करोड़ रुपए दान कर पति पत्नी बन गए जैन भिक्षु



**अहमदाबाद।** गुजरात के एक व्यवसायी और उनकी पत्नी ने अपनी जीवन भर की कमाई 200 करोड़ रुपए दान कर दी है और भिक्षुत्व अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसी साल फरवरी में भावेश भंडारी और उनकी पत्नी ने एक समारोह के दौरान अपनी सारी संपत्ति दान कर दी थी। हिम्मतनगर का रहने वाला भंडारी परिवार निर्माण व्यवसाय में था। उन्होंने अपने 16 वर्षीय बेटे और 19 वर्षीय बेटी के नक्शेकदम पर चलने का फैसला किया, जिन्होंने 2022 में भिक्षुत्व अपनाया। जैन परिवार से ताल्लुक रखने वाले भावेश भंडारी, साबरकांठा और अहमदाबाद में निर्माण व्यवसाय से जुड़े थे और छोटी उम्र से ही विलासिता और समृद्धि के जीवन के आदी थे। फरवरी में 35 व्यक्तियों के साथ, भंडारी दंपत्ति ने चार किलोमीटर के जुलूस का नेतृत्व किया, जिसके दौरान उन्होंने मोबाइल फोन से लेकर एयर कंडीशनर तक अपना सारा सामान दान कर दिया। कार्यक्रम के फुटेज में दंपत्ति को शाही पोशाक में रथ के ऊपर दान करते हुए दिखाया गया है। 22 अप्रैल को अपनी प्रतिज्ञा के बाद, दंपति सभी पारिवारिक संबंधों को तोड़ देंगे और सभी भौतिक संपत्ति त्याग देंगे। इसके बाद, वे भारत भर में नंगे पैर यात्रा पर निकलेंगे, केवल भिक्षा के माध्यम से अपना भरण-पोषण करेंगे। विशेष रूप से, जैन धर्म में, *दीक्षा* लेने के लिए गहन समर्पण की आवश्यकता होती है, जिसमें व्यक्ति भौतिक विलासिता और आधुनिक प्रौद्योगिकियों को त्याग देते हैं, खुद को पूरी तरह से भिक्षा पर निर्भर करते हैं, और देश भर में नंगे पैर यात्रा करते हैं।

# बांग्लादेश में बस और ट्रक में जोरदार टक्कर, 14 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के ढाका-खुलना राजमार्ग पर मंगलवार को एक बस और एक ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में एक परिवार के पांच सदस्यों समेत कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अखबार ने पुलिस के हवाले से कहा कि यह हादसा फरीदपुर में हुआ जब खुलना मंडल में मगुरा शहर जा रही बस की ढाका की तरफ जा रहे ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि दो लोगों ने अस्पताल ले जाते समय और एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में ट्रक के यात्री, चालक व सहायक भी शामिल हैं। ट्रक पर चालक समेत 15 लोग सवार थे। उधर एक समाचार पोर्टल ने अपनी खबर में मृतकों की संख्या 13 बताई और कहा कि मृतकों में सात महिलाएं, तीन पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं।

**HAJ, 2024 PRESS RELEASE**
**BALANCE HAJ AMOUNT PAYABLE FOR HAJ, 2024**

In pursuance to the Circulars No. 20 of the Hajj Committee of India, Mumbai dtd- 13/04/2024, all the selected pilgrim under Joint State Haj Committee are hereby inform that, those pilgrims who have already deposited the 1st and 2nd instalment amounting to Rs. 81,800/- and 1,70,000/- respectively for Haj, 2024 are required to pay the Balance Haj Amount on or before 27/04/2024 as detailed below.

| EMBARKA-TION POINT | BALANCE AMOUNT TO BE PAID (WITHOUT QURBANI/ ADAHI AMOUNT) | BALANCE AMOUNT TO BE PAID (WITH QURBANI/ADAHI AMOUNT of RS. 15,180 /-) |
|---|---|---|
| GUWAHATI | 1,58,000/- | 1,73,180/- |
| KOLKATA | 1,06,900/- | 1,22,080/- |

1. Only those pilgrims who opted for Qurbani/Adahi have to pay the above mentioned amount of Rs. 15,180/-/
2. Flights are likely to commence from 09/05/2024.
3. The payment can be made by e-payment facility available on https://hajcommittee.gov.in through credit card, debit card, net banking and UPI or through designated Pay-in-Slip of any branch of the State Bank of India or Union Bank of India. When depositing money, the unique bank reference number issued against each cover should be used and mentioned in the designated place on the Pay-in-Slip.

Executive Officer & Secretary,
Joint State Haj Committee,
Assam, Meghalaya, Nagaland etc.,
Dispur, Guwahati- 781 006

*-- Janasanyog /D/262/ 24/17-Apr-24*

## पृष्ठ एक का शेष

### पीएम मोदी का...

मैदान में एक विशाल रैली को संबोधित करेंगे। मोदी गुवाहाटी हवाई अड्डे पर पहुंचे और वहां से कोइनाधारा गेस्ट हाउस जाएंगे। नलबाड़ी की रैली समाप्त करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी दोपहर दो बजे त्रिपुरा की राजधानी अगरतला पहुंचेंगे। अगरतला के एमबीबी एयरपोर्ट पर 2 बजे उतरकर प्रधानमंत्री वहां से सीधे स्वामी विवेकानंद मैदान पहुंचेंगे, जहां एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो. डॉ मानिक साहा ने आज प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और तैयारी से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### असम में कमल के ...

ओपिनियन पोल सर्वे के अनुसार, कांग्रेस इस बार महज एक सीट पर सिमट जाएगी। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में उसे 3 सीटों पर जीत मिली थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में भी कांग्रेस ने 3 सीटों पर कब्जा जमाया था। लेकिन इस बार उसे महज एक सीट पर ही संतोष करना पड़ सकता है। भारतीय जनता पार्टी की स्थिति असम में लगातार सुधरती जा रही है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा शर्मा की अगुवाई में पार्टी का प्रदर्शन सुधरता जा रहा है। ओपिनियन पोल सर्वे के अनुसार, भाजपा को 14 में से 11 सीटों पर जीत मिलने जा रही है। अगर पिछले 2 लोकसभा चुनाव के परिणाम को देखें तो यहां पर भगवा पार्टी तेजी से आगे निकलती दिख रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 14 सीटों में से 9 सीटों पर जीत हासिल की थी। भाजपा 2014 के आम चुनाव में पहली बार नरेंद्र मोदी की अगुवाई में मैदान में उतरी थी और उसे यहां पर 7 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। पिछले 2 चुनावों में उसकी स्थिति यहां पर बेहतर हुई है। सर्वे को अगर जीत का आधार बनाया गया जाए तो भाजपा असम में अपना सबसे शानदार प्रदर्शन करने जा रही है। भाजपा पहली बार यहां पर दहाई का आंकड़ा पार कर सकती है और उसे 11 सीटें मिल सकती है। असम में ओपिनियन पोल के वोट प्रतिशत को देखें तो एनडीए को कुल 54.95 फीसदी वोट मिल सकती है जबकि कांग्रेस की अगुवाई वाले इंडिया के खाते में 20.26 वोट आ सकते हैं।

### प्रियंका को देखने ...

माजुली में 100 सीटों वाले मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के साथ ही डेंटल कॉलेज तथा आयुर्वेदिक कॉलेज के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि माजुली में निर्माणाधीन पुल 2026 से पहले बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद माजुली की दशा बदल जाएगी। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि गौरव गोगोई ने कभी भी अपने लोकसभा क्षेत्र कलियाबर या जोरहाट की समस्याओं को संसद में नहीं उठाया। वे सिर्फ मणिपुर को लेकर संसद में चिल्लाते रहे। क्या वह मणिपुर के नाती भांजे हैं? उन्होंने कहा कि लोगों ने देख लिया है कि गौरव गोगोई किस काम के हैं।

### सर्वाइकल और कैंसर ...

भाजपा के उम्मीदवार रंजीत दत्ता के समर्थन में प्रचार करने के लिए सोमवार को बिहाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्रह्माजान चाय बागान पहुंचे। मुख्यमंत्री ने ब्रह्माजान चाय बागान के खेल मैदान में आयोजित चुनावी सभा में भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि शोणितपुर लोकसभा क्षेत्र के नौ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं के उत्साह ने साबित कर दिया है कि भाजपा प्रत्याशी रंजीत दत्ता लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड स्थापित कर जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से अपील की कि वे शोणितपुर लोकसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी रंजीत दत्ता को वोट दें और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित करें। मुख्यमंत्री ने चकीघाट पुल के निर्माण, गहपुर से नुमलीगढ़ तक ब्रह्मपुत्र के नीचे सुरंग बनाने, गहपुर में कनकलता विश्वविद्यालय की स्थापना के निर्णय जैसे भाजपा सरकार की विभिन्न गतिविधियों को उजागर किया। अपने भाषण में शर्मा ने यह भी कहा कि राज्य सरकार एक साल के भीतर 50 हजार नई भर्तियों के लिए कदम उठाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया में जिन बेरोजगार युवाओं के घर में सरकारी नौकरी नहीं है, उन्हें दस से अधिक अंक देने की व्यवस्था सरकार करेगी। इसके अलावा, चार महीने के भीतर, हर घर को अरुणोदय योजना का लाभ मिलेगा, उन्होंने कहा कि सरकार आत्मनिर्भर असम योजना के माध्यम से प्रत्येक बेरोजगार युवाओं को दो लाख रुपए प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इसमें से एक लाख रुपए पांच साल बाद दो हजार रुपए प्रति माह के हिसाब से वापस करना होगा। शर्मा ने यह भी कहा कि आधार कार्ड की समस्या से जूझ रहे लोगों के आधार कार्ड की समस्या का समाधान अगले छह महीने में हो जाएगा। सरकार ने विश्वनाथ मेडिकल कॉलेज में अगले 8/9 महीनों के भीतर औपचारिक रूप से शैक्षिक प्रणाली शुरू करने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं। डॉ शर्मा ने में कहा कि गहपुर में कनकलता बरुवा विश्वविद्यालय की स्थापना का काम 2024 तक शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने ब्रह्मजान चाय बागान क्षेत्र में एक अस्पताल स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताया। घाहीगांव से अरुणाचल बालीजन तक की सड़क को असम माला योजना के माध्यम से फिर से बनाया गया है, बुराई और बरगांग नदियों पर बारंगाबाड़ी से मोनाबाड़ी तक पीडब्ल्यूडी सड़क का पुनर्निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने असम में रहने वाले गोरखा लोगों के *डी* मतदाताओं की समस्या को हल करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए प्रभावी कदमों और असम में रहने वाले हर जातीय समूह के लोगों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। अपने भाषण में डॉ शर्मा ने लखपति बाइदेउ योजना के लाभों और छात्रों को कॉलेजों में प्रवेश पाने के लिए सरकार की सहायता के बारे में भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घरों को जियो-टैग करने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को काम पर रखकर लाभार्थियों के चयन में अधिक पारदर्शिता लाई जाएगी। बैठक में शोणितपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार और बिहाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक रंजीत दत्ता, गहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक उत्पल बोरा, भाजपा नेता दिगंत घटवार, पंकज बोरा, नोमल बरुवा, दीपक साहू सहित 5 हजार से अधिक भाजपा नेता, कार्यकर्ता, समर्थक और शोणितपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार शामिल हुए।

### सुरजेवाला के प्रचार पर ...

हुए सुना गया कि लोग अपने विधायकों/सांसदों को क्यों चुनते हैं? ताकि वे (विधायक/सांसद) जनता की आवाज उठा सकें। यह हेमा मालिनी की तरह नहीं है, जिन्हें चाटने के लिए चुना गया था। सुरजेवाला उस समय भाजपा के निशाने पर आ गए जब पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक अदिनांकित वीडियो साझा किया जिसमें कांग्रेस सांसद को हेमा मालिनी के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए सुना गया। भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आपने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला का वो बयान भी सुना होगा, जिसमें वो हमारी पार्टी की वरिष्ठ सांसद हेमा मालिनी जी के लिए इस प्रकार के आपत्तिजनक, अशोभनीय और अभद्र शब्द का प्रयोग कर रहे हैं, जिसे किसी औपचारिक मंच से बोलना भी संभव नहीं है। ये भारत की राजनीति में कांग्रेस पार्टी के द्वारा महिलाओं के प्रति अवमानना की एक नई निम्नता है। भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि ये विषय केवल रणदीप सुरजेवाला का नहीं है। ये विषय कांग्रेस पार्टी की महिलाओं के प्रति एक व्यवस्थित और कुत्सित मानसिकता का है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के किसी व्यक्ति ने मंडी की पवित्र भूमि का अपमान किया था, उसे कौन भूल सकता है? यह अजीब बात है कि कांग्रेस पार्टी के किसी भी सदस्य ने आज तक यह *खोज* नहीं किया कि वह बेशर्म ट्वीट किसने किया था! ऐश्वर्या राय बच्चन जी पर राहुल गांधी की टिप्पणी भी उतनी ही अपमानजनक थी। शहजाद पूनावाला ने कहा कि नारी शक्ति का अपमान, कांग्रेस की पहचान। कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने न केवल हेमा मालिनी बल्कि नारी शक्ति के लिए भी घृणित, स्त्री द्वेषी, लैंगिक भेदभावपूर्ण टिप्पणी की है।

### पूरे बंगाल में निकलेंगी ...

साफतौर पर कानून व्यवस्था हर हाल में बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। हावड़ा में विश्व हिंदू परिषद की ओर से निकाली जाने वाली शोभायात्रा को राज्य सरकार ने अनुमति नहीं दी थी जिसके बाद हाई कोर्ट की अनुमति से शोभायात्रा निकाली जाएगी। कोलकाता में भी कम से कम 20 से अधिक शोभायात्राएं निकाली जानी हैं। सबसे बड़ी शोभायात्रा इंटाली से निकलेगी। इसके बाद हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा समेत बर्दवान आदि जिले में भी बड़े पैमाने पर शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग और कलिमपोंग में भी शोभायात्रा निकालने की तैयारी की गई है। हिंदू जागरण मंच के एक वरिष्ठ नेता ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि हर जगह शोभायात्रा निकालने की जानकारी राज्य प्रशासन को दी गई है। पुलिस के साथ कोआर्डिनेशन बैठक भी हुई है और कानून व्यवस्था को मानते हुए शांतिपूर्वक तरीके से रामनवमी की शोभायात्राएं निकाली जाएंगी।

### बालूरघाट में पीएम...

बंगाल में आदिवासी बच्चों के लिए आठ नए एकलव्य आवासीय विद्यालय खोले और यह भाजपा है जितने द्रौपदी मुर्मू जी को देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति बनाया है। दूसरी ओर तृणमूल जैसी पार्टी है जो दलित, आदिवासी महिलाओं को अपना बंधक बनाकर रखना चाहते हैं। इसी बालूरघाट में तीन आदिवासी महिलाओं ने भाजपा को ज्वाइन किया था तो तृणमूल के गुंडे वहां आ धमके थे। तृणमूल के लोगों ने उन महिलाओं को घुटनों के बल बैठ कर माफी मांगने को मजबूर किया था। तृणमूल को लगता है कि दलित, आदिवासी, गरीब अपनी मर्जी से चलने के लिए आजाद नहीं है। लेकिन यह चुनाव इन्हें बताएगा कि बाबा साहब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित, आदिवासी तृणमूल के गुलाम नहीं है और नहीं रहेंगे। आदिवासी महिलाओं को घुटनों पर बैठने वाली तृणमूल, यह पूरी की पूरी तृणमूल, जल्द ही घुटनों पर आ जाएगी। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में तृणमूल के तमाम विरोध के बावजूद भाजपा ने बालूरघाट और बंगाल के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया है। भाजपा बालूरघाट स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकसित कर रही है। अभी जनवरी में भाजपा एनडीए सरकार ने यहां से सियालदह को जोड़ने के लिए एक नई ट्रेन शुरू की है। पीएम मोदी ने कहा कि भठिंडा से मालदा तक चल रही ट्रेन को भी बालूरघाट से जोड़ दिया गया है। केंद्र सरकार ने बालूरघाट एयरपोर्ट के लिए भी बहुत प्रयास किया है लेकिन यहां की तृणमूल सरकार की नीयत ही नहीं है कि यहां एयरपोर्ट बने। तृणमूल के लाख विरोध के बावजूद अगले पांच वर्षों में भाजपा सरकार बंगाल और बालूरघाट के विकास के लिए हर प्रयास करेगी। यह मोदी की गारंटी है। वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों और अच्छे हाईवे इस पूरे क्षेत्र को मिलेग। संदेशखाली की घटना पर बोलते हुए मोदी ने कहा कि संदेशखाली में महिलाओं पर जो जुल्म हुए, शोषण की जो घटनाएं सामने आई उनसे पूरा देश दहल गया है। देश ने यह भी देखा कि तृणमूल सरकार किस तरह संदेशखाली के अपराधी को आखिर तक बचाने में लगी रही। तृणमूल बंगाल में भ्रष्टाचार का खुला खेल खेल रही है। सरकारी ठेके तृणमूल के गुंडों का बिजनेस बन गए है। यहां तक कि प्राइमरी शिक्षकों की भर्ती तक में घोटाले हो रहे हैं। सरकार में मंत्रियों के ठिकानों पर रेड होती है, तो करोड़ों रुपया कैश बरामद होता है। एजेंसियां भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई के लिए जाती है तो उन पर हमले करवाए जाते हैं। तृणमूल को उनके पापों की सजा कमल का बटन दबाकर देनी है। आने वाले 26 अप्रैल को बंगाल के भविष्य के लिए बड़ा अवसर है। सुकांत मजूमदार ने पांच वर्षों में यहां के विकास के लिए दिन-रात मेहनत की है। आपको इस बार इन्हें रिकॉर्ड वोटों से जिताना है।

### कानूनी प्रक्रिया को ...

प्रतिबद्ध है, लेकिन उसने ऐसा कोई भी कदम उठाना सही नहीं पाया है जो कानूनी न्यायिक प्रक्रिया को ओवरलैप या ओवरराइड कर सकता है। इंडिया ब्लॉक के कई राजनीतिक दलों ने सरकार पर उनके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से संपर्क किया था। उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एक कथित मामले में ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद, विपक्ष ने चुनावी मौसम में विपक्ष को चुप कराने के कथित प्रयास के लिए सरकार पर हमला किया था।

### लोस चुनाव से पहले ...

डिवीजन के नक्सली शंकर, ललिता, राजू समेत अन्य नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना के बाद छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया। दल मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे हापाटोला गांव के जंगल में था तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटनास्थल से 29 नक्सलियों का शव, एके-47 राइफल, एसएलआर राइफल, इंसास राइफल और 303 बंदूक समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी के बीच इलाके में अब भी खोजी अभियान जारी है। अभियान खत्म होने के बाद अधिक जानकारी साझा की जाएगी। सुंदरराज ने बताया कि मुठभेड़ में तीन जवान घायल हुए हैं तथा उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा है। जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में बड़ी संख्या में बीएसएफ को तैनात किया गया है। इस घटना के साथ ही इस वर्ष में अब तक कांकेर सहित बस्तर क्षेत्र के सात जिलों में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 79 नक्सलियों को मार गिराया है। कांकेर लोकसभा क्षेत्र से लगे नक्सल प्रभावित बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को आम चुनाव के पहले चरण में मतदान होगा। इस महीने की दो तारीख को राज्य के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 13 नक्सली मारे गये थे।

### चुनाव अभियान : भाजपा ...

इसको लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपते हुए इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, ओम पाठक और संजय मयूख शामिल थे। ज्ञापन में कहा गया है कि तीन अप्रैल 2024 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घर-घर गारंटी नाम के पहल की शुरुआत की। भाजपा का आरोप है कि इस पहल में कथित तौर पर पूरे भारत में घरों में *गारंटी कार्ड* का वितरण किया जा रहा है, जिसमें एक क्यूआर कोड, आवेदन पत्र और घोषणापत्र प्रतिज्ञाएं शामिल हैं। कांग्रेस के सहयोगी इन कार्डों को सभी लोकसभा क्षेत्रों में वितरित कर रहे हैं। गारंटी कार्ड प्राप्तकर्ताओं को कांग्रेस के वादों का लाभ उठाने के लिए आवेदन दस्तावेजों के रूप में दिखाई दे रहा है। कांग्रेस इसे पोस्ट-डेटेड चेक के तौर पर वितरित कर रही है। यह चुनाव आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। उल्लेखनीय है कि खड़गे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत की।

# अल्फा-स्वा ने ली असम राइफल्स के वाहनों पर हमले की जिम्मेदारी



**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन उल्फा-स्वा ने तिनसुकिया के नामधांग में मार्घेरिटा-चांगलांग रोड पर असम राइफल्स के वाहनों पर हमले की जिम्मेवारी ली है। यह हमला मंगलवार की सुबह करीब 8:30 बजे उस समय हुआ था, जब तीन वाहन असम राइफल्स के गश्ती दलों को लेकर जा रहे थे। असम राइफल्स के अनुसार यह हमला घात लगा कर बैठे अज्ञात बंदूकधारियों ने उस समय किया, जब असम राइफल्स के तीन वाहन गुजर रहे थे। सुरक्षा बलों ने त्वरित जवाबी कार्रवाई करके हमले को विफल कर दिया। हालांकि, इस हमले में असम राइफल्स का एक जवान घायल हो गया, जिसे जोरहाट सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल सैनिक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उल्फा-स्वा के स्वयंभू कप्तान रुमल असम ने दावा किया है कि यह हमला उल्फा-स्वा ने किया है, जिसमें कई सैनिक मारे गए। इस दौरान कई सैनिक घायल हो गए, जिन्हें हवाई मार्ग से वहां से ले जाया गया। अल्फा ने दावा किया कि सही नुकसान की जानकारी नहीं हो सके, इसलिए मीडिया को घटनास्थल पर नहीं जाने दिया गया। हालांकि, अल्फा के बयान पर असम राइफल्स ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। तिनसुकिया के नामदांग में मार्घेरिटा-चांगलांग रोड पर मंगलवार की सुबह हथियारबंद बदमाशों ने असम राइफल्स के 3 वाहनों पर हमला कर दिया। यह वाहन असम राइफल्स के एक गश्ती दल को लेकर जा रहे थे। हमले की जिम्मेदारी यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (इंडिपेंडेंट) ने ली है। एक बयान में प्रतिबंधित संगठन अल्फा (आई) ने कहा कि असम-अरुणाचल प्रदेश की सीमा से लगे मार्गेरिटा के नामदांग वन क्षेत्र में 16 अप्रैल को सुबह लगभग 7:45 बजे *यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (इंडिपेंडेंट)* संगठन के सैनिकों ने *ऑपरेशन रिवेंज* नाम से एक सैन्य अभियान चलाया। स्थानीय लोगों ने कहा कि घात लगाकर किए गए हमले में दो ग्रेनेड विस्फोट हुए। असम राइफल्स के गश्ती दल के वाहनों पर अज्ञात बंदूकधारियों ने अचानक गोलीबारी की। असम राइफल्स के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की है। संदेह है कि संदिग्ध अल्फा (आई) के इस हमले में असम राइफल्स का एक जवान घायल हो गया है लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इसके बाद सेना के हेलीकॉप्टर मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान चलाया। घटना के तुरंत बाद पूरे इलाके की पुलिस और सेना ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी है। फिलहाल इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया है।

# तीताबर में प्रियंका गांधी ने किया रोड शो
## जीते तो चाय बागान श्रमिकों की बढ़ेगी मजदूरी



**जोरहाट ( हिंस )।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने तीताबर में एक रोड शो में हिस्सा लिया। स्थानीय लोगों ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी से असम के लोगों की ओर से पांच वादों को पूरा करने का आग्रह किया, जिसमें नागरिकता संशोधन अधिनियम को समाप्त करना भी शामिल हैं। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी मंगलवार को जयपुर से विशेष विमान से दोपहर 12 बजे जोरहाट के रौरिया हवाई अड्डे पर पहुंचीं। रौरिया हवाई अड्डे पर प्रियंका गांधी का असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा और जोरहाट से कांग्रेस उम्मीदवार गौरव गोगोई ने बिहू नृत्य कर गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रियंका गांधी ने तीताबर में तीताबर पहुंचकर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को तीताबर चौराहे से स्टेशन तीनिआली तक रोड शो में भाग लिया। उनके साथ भूपेन बोरा, देवव्रत सैकिया और गौरव गोगोई भी थे। प्रियंका के रोड शो से पहले कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी से असम के लोगों की ओर से पांच वादों को पूरा करने का आग्रह किया। गोगोई ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर नागरिकता संशोधन कानून को खत्म करने की भी मांग की। गोगोई ने चाय मजदूरों की दैनिक मजदूरी में वृद्धि के लिए उचित कदम उठाने, महंगाई को नियंत्रित करने की मांग की। गौरव गोगोई ने कहा कि आज मौसम प्रतिकूल है लेकिन प्रियंका गांधी के तीताबर पहुंचने के बाद सूरज निकल आया। इससे प्रकृति ने संकेत दिया है कि इस बार कांग्रेस जीतेगी। अपने संबोधन में प्रियंका गांधी ने तीताबर के लोगों को नए साल की बधाई दी और गौरव गोगोई को लेकर कई टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि गौरव गोगोई संसद में मजबूती से लोगों की समस्याओं और मुद्दों को उठाते रहे हैं। अगर उन्हें सांसद के तौर पर भेजा जाता है तो अगली बार और अधिक मुद्दे उठाएंगे। उन्होंने कहा कि गौरव गोगोई ने आज आपकी पांच महत्वपूर्ण समस्याओं के मुद्दे उठाए हैं। प्रियंका गांधी ने वादा किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह असम के छह समुदायों की मांग को पूरा करेंगी। दैनिक मजदूरी चाय श्रमिकों की बढ़ाएगी। कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में कहा गया है कि मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश चुनावों में जो वादे किए थे, उन्हें हमने पूरा कर दिया है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने पूर्वोत्तर में बड़े पैमाने पर चलाया अभियान

**एजल/इंफाल/शिलांग।** चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी पूर्वोत्तर राज्यों में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है। मिजोरम को छोड़कर, 2019 के संसदीय चुनावों में पूर्वोत्तर राज्यों में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से बहुत अधिक था। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, 2019 के लोकसभा चुनाव में मिजोरम में 7.92 लाख मतदाताओं में से 63.13 प्रतिशत ने वोट डाले, जबकि पिछले साल (7 नवंबर) विधानसभा चुनाव में पहाड़ी राज्य में 8.57 लाख मतदाताओं में से 80 प्रतिशत से अधिक ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 17वें लोकसभा चुनाव (2019) में, नागालैंड और मणिपुर 83 प्रतिशत मतदान के साथ पूर्वोत्तर राज्यों में शीर्ष पर रहे, इसके बाद असम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश लगभग 82 प्रतिशत और मेघालय 71.4 प्रतिशत रहे। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, पूर्वोत्तर राज्यों के विधानसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत हमेशा लोकसभा चुनावों की तुलना में अधिक होता है। मिजोरम में, महिलाओं, युवा और पहली बार मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए, चुनाव आयोग ने 19 अप्रैल को मिजोरम की एकमात्र लोकसभा सीट के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर राज्यव्यापी अभियान चलाया है। मिजोरम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मधुप व्यास और अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. लियानजेला ने आगामी संसदीय चुनावों में मतदान बढ़ाने के लिए रणनीतियों को अंतिम रूप देने के लिए पिछले दो सप्ताह में विभिन्न हितधारकों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। बैठकों में निर्णय लिया गया कि सभी प्रकार के शैक्षणिक संस्थानों, खेल और युवा सेवाओं और समाज कल्याण विभागों को इस कार्य में शामिल किया जाएगा। इन बैठकों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा विभिन्न संगठनों के नेता शामिल हुए। संगठनों में मिजोरम उपा पावल, यंग मिजो एसोसिएशन, मिजोरम यूथ क्रिश्चियन एसोसिएशन, डायोसीज कैथोलिक यूथ एसोसिएशन, मिजो जिरलाई पावल शामिल हैं।

# उच्चतम न्यायालय ने *कवच* के कार्यान्वयन के लिए भारतीय रेल की सराहना की

**गुवाहाटी ( हिंस )।** सर्वोच्च न्यायालय ने ट्रेनों में स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली-*कवच* के कार्यान्वयन के लिए भारतीय रेल के पहल की सराहना की। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची दे ने मंगलवार को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि भारतीय रेल ने ट्रेनों में टक्कर-रोधी प्रणाली को बेहतर बनाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं- जैसे संरक्षा प्रणाली की स्थापना, पटरियों की गुणवत्ता में सुधार, कर्मचारियों का प्रशिक्षण और संवेदनशीलता, कवच प्रणाली के अनुरक्षण प्रथाओं और कार्यान्वयन। *कवच* - ट्रेनों के परिचालन में संरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उद्योग के सहयोग से अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा विकसित एक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है। यह सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल-4 मानकों की एक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली है। कवच का उद्देश्य ट्रेनों को खतरे (लाल) का सिग्नल पार करने से रोकने और टकराव से बचने के लिए सुरक्षा प्रदान करना है। यदि चालक गति प्रतिबंधों के अनुसार




ट्रेन को नियंत्रित करने में विफल रहता है, तो यह स्वचालित रूप से ट्रेन ब्रेकिंग सिस्टम को सक्रिय कर देता है। इसके अलावा, यह कार्यात्मक कवच प्रणाली से सुसज्जित दो रेल इंजनों के बीच टकराव को रोकता है। *कवच* सबसे सस्ती, सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल 4 (एसआईएल-4) प्रमाणित प्रौद्योगिकियों में से एक है, जिसमें त्रुटि की संभावना 10 हजार वर्षों में एक है। साथ ही, यह रेलवे के लिए इस स्वदेशी तकनीक के निर्यात के रास्ते भी खोलता है। रेल यातायात का अधिकतम भाग भारतीय रेलवे के उच्च घनत्व नेटवर्क (एचडीएन) और अत्यधिक प्रयुक्त नेटवर्क (एचयूएन) मार्गों पर किया जाता है। इस यातायात को सुरक्षित रूप से परिवहन करने के लिए, कवच कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर केंद्रित तरीके से किया जा रहा है। कवच के कार्यान्वयन के लिए पूसी रेलवे में उच्च घनत्व नेटवर्क (एचडीएन) और अत्यधिक प्रयुक्त नेटवर्क (एचयूएन) मार्गों की पहचान की गई है। इस स्वदेशी रूप से विकसित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली को मालदा टाउन से डिब्रूगढ़ तक लगभग 1966 रूट किलोमीटर क्षेत्र में चालू करने की योजना बनाई गई है।

# एलपीजी टैंकरों पर कूकी उग्रवादियों ने की फायरिंग
## एक चालक घायल

**इंफाल ( हिंस )।** संदिग्ध कूकी उग्रवादियों ने मणिपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर एलपीजी टैंकरों पर अंधाधुंध फायरिंग की। फायरिंग से एक टैंकर चालक घायल हुआ है। टैंकरों में छेद होने से एलपीजी रिसाव होने लगा, जिस पर बाद में काबू पाया गया। गनीमत रही कि गैस ने आग नहीं पकड़ी अन्यथा भीषण हादसा हो सकता है। बताया गया कि मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर एलपीजी भरे टैंकर जा रहे थे। तभी दिन में 10:40 बजे अचानक हमलावरों ने टैंकरों पर गोलीबारी कर दी। फायरिंग में तीन टैंकरों में गोली लगने से छेद हो गया, जहां से एलपीजी का रिसाव होने लगा। फायरिंग में एक टैंकर का चालक भी घायल हो गया। टैंकर चालक मैतेई समुदाय का बताया गया है। चालक के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल चालक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना की सूचना मिलने पर सुरक्षाबल घटनास्थल पर पहुंचा और टैंकरों से हो रहे एलपीजी रिसाव को रोकने के काम शुरू कर दिया। इस हमले के बाद मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने एलजी तथा पेट्रोलियम से जुड़े ट्रांसपोर्ट डीलरों, डीलर यूनियनों के अध्यक्षों तथा सचिवों की एक आपात बैठक बुलाई।

## तेज रफ्तार वाहन पेड़ से टकराया, चार लोगों की मौत


**धुबड़ी ( हिंस )।** धुबड़ी के गौरीपुर में भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मारे गए लोगों में साहिल अहमद, शाहिद अहमद, नूर अमीन और एक महिला है। इनमें से साहिल, शाहिद और नूर अमीन का घर धुबड़ी के बिद्यापारा इलाके में है। खबर लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल चारों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए धुबड़ी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।

# मणिपुर में शांतिपूर्ण होगा चुनाव, भाजपा का दावा, दोनों सीट पर जीतेगा हमारा गठबंधन

**इंफाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की प्राथमिकता जातीय संघर्ष प्रभावित मणिपुर में शांति स्थापित करना है। शाह ने इम्फाल में एक जनसभा में कहा कि यह लोकसभा चुनाव मणिपुर को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों और इसे एकजुट रखने वालों के बीच है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की प्राथमिकता जातीय संघर्ष प्रभावित मणिपुर में शांति स्थापित करना है। शाह ने इम्फाल में एक जनसभा में कहा कि यह लोकसभा चुनाव मणिपुर को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों और इसे एकजुट रखने वालों के बीच है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य की जनसांख्यिकी को बदलने के लिए घुसपैठ के प्रयास किए गए। शाह ने कहा कि सभी समुदायों को साथ लेकर और राज्य को तोड़े बिना मणिपुर में शांति स्थापित करना नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है। पिछले साल तीन मई को मणिपुर में जातीय झड़प शुरू होने के बाद कम से कम 219 लोग मारे गए थे, जब मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि देश का भाग्य तब बदलेगा जब पूर्वोत्तर और मणिपुर का भाग्य बदलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा मणिपुर को विभाजित करने का है लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि किसी में भी मणिपुर को बांटने की हिम्मत नहीं है।

# भाजपा गठबंधन के उम्मीदवार जावेद ने चलाया जोरदार चुनाव प्रचार अभियान

**नगरबेड़ा ( विभास )।** जैसे-जैसे चुनाव का दिन नजदीक आ रहा है, हर राजनीतिक दल के नेता और कार्यकर्ता दिन-रात चुनाव प्रचार को गुलजार बना रहे हैं। धुबड़ी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार रकीबुल हुसैन के कल गोवालपारा पूर्व और दुधनई निर्वाचन क्षेत्रों के विभिन्न हिस्सों में प्रचार करने के बाद, संसदीय क्षेत्र में एजीपी-भाजपा और यूपीपीएल दलों के गठबंधन उम्मीदवार जावेद इस्लाम ने भी गरुसतका, बरपाथार, गेरुआ, चेचापानी, खेरोपारा, सुतारपारा, बदुचर बाजार आदि विभिन्न स्थानों पर चुनावी रैलियां कीं। विभिन्न चुनावी रैलियों में मौजूद



गठबंधन उम्मीदवार जावेद इस्लाम ने एआईयूडीएफ और कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उनके संबोधन में वर्तमान सरकार ने सभी जातीय समूहों को समान अधिकार दिए हैं। हिंदू और मुसलमान सभी को एक ही योजना में शामिल किया गया है।भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के लोगों की विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियां ऐसा करने के बारे में बात करते हुए इस्लाम ने कहा कि धुबड़ी के लोगों ने इस बार बाहरी लोगों को जिम्मेदारी नहीं देने का फैसला किया है। इस्लाम ने लोगों से अपील की कि वे विकास के हित में स्थानीय और सहयोगी उम्मीदवार के रूप में उन्हें बड़े अंतर से जीतेंगे। बैठक में एजीपी के वरिष्ठ नेता अपूर्वा भट्टाचार्य, पूर्व विधायक जोतीश दास, विधान परिषद अध्यक्ष इंदिरा मेधी, विधान परिषद सचिव अब्दुर रहीम जिबरान, एजीपी जिला सचिव सुजीत कुमार सेन, एजीपी कार्यकर्ता मतवर अली और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया। इस दौरान थौबल जिले के वेथौ खोंगनांग काचिन से एक एसएमजी कार्बाइन, एक सिंगल बैरल, एक इंसास राइफल, तीन 36 एचई हैंड ग्रेनेड और चार लाइव गोला बारूद बरामद किया गया।

# कावेरी हॉस्पिटल अलवरपेट में सफल लंग ट्रांसप्लांट किया गया

**चेन्नई।** चेन्नई में एक अग्रणी स्वास्थ्य सेवा संस्थान, कावेरी हॉस्पिटल अलवरपेट ने गर्व से इंटरस्टीशियल लंग डिजीज (आईएलडी) की तीव्रता के लिए ब्रिज-टू-ट्रांसप्लांट के रूप में ईसीएमओ पर रखे जाने के छह दिन बाद 41 वर्षीय मरीज में द्विपक्षीय फेफड़े के प्रत्यारोपण के सफल समापन की घोषणा की है। यह स्वास्थ्य सेवा में अग्रणी प्रगति के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। यह प्रत्यारोपण हृदय एवं फेफड़े प्रत्यारोपण के कार्यक्रम एवं सर्जिकल निदेशक डॉ. कुमुद धीताल कुमार के नेतृत्व में; ट्रांसप्लांट पल्मोनोलॉजी के निदेशक डॉ. श्रीनिवास राजगोपाला; और एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार, कावेरी अस्पताल में एक बड़ी प्रत्यारोपण-समर्पित बहु-विषयक टीम के साथकिया गया। यह जीवन बचाने वाली सर्जरी केवल एक दाता और रिश्तेदारों द्वारा अंग दान के उदार उपहार और दाता अस्पताल में उत्कृष्ट दाता देखभाल और प्रबंधन से संभव हो सकी। सुचारू शल्य चिकित्सा प्रक्रिया को संभव बनाने के लिए फेफड़ों को समय पर हवाई मार्ग से तेजी से चेन्नई ले जाया गया।

# दिल की देखभाल के लिए मार्गदर्शिका

**अपोलो अस्पताल, चेन्नई।** आपने यह बार-बार सुना होगा, सही खाओ, स्वस्थ रहो, अपने दिल के लिए अच्छा करो और न जाने क्या-क्या। हम यह भी जानते हैं कि स्वस्थ जीवन के लिए हमारे हृदय का स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन आप अपने दिल की परवाह कैसे करते हैं? ये हृदय देखभाल की मूल बातें हैं। **हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारक :** मधुमेह, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, तनाव, गतिहीन जीवन शैली और समय से पहले हृदय रोग का सकारात्मक पारिवारिक इतिहास जैसे विभिन्न जोखिम कारक हैं। **मधुमेह :** यदि लोगों में निम्नलिखित जोखिम कारक हैं तो उनमें टाइप 2 मधुमेह विकसित होने की अधिक संभावना है। **उच्च रक्तचाप :** भारत में 40 वर्ष से अधिक आयु के 4 में से 1 व्यक्ति को उच्च रक्तचाप प्रभावित करता है। निम्नलिखित सभी भूमिका रक्तचाप का कारक हैं: पर्याप्त शारीरिक गतिविधि न करना, अधिक वजन, आहार में बहुत अधिक नमक होना, बहुत अधिक शराब पीना और पर्याप्त फल और सब्जियां न खाना और जीन एक अन्य कारक हैं। **उच्च कोलेस्ट्रॉ :** पूरे शरीर में प्रत्येक कोशिका कैसे काम करती है, इसमें कोलेस्ट्रॉल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रक्त में बहुत अधिक कोलेस्ट्रॉल हृदय और संचार संबंधी रोग होने का खतरा बढ़ा सकता है। **धूम्रपान :** धूम्रपान हृदय रोग के प्रमुख कारणों में से एक है। जो लोग धूम्रपान करते हैं उनमें दिल का दौरा पड़ने की संभावना दोगुनी होती है जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया है। **स्वस्थ जीवन और हृदय रोग की रोकथाम : पौष्टिक भोजन :** एक स्वस्थ आहार में भरपूर मात्रा में फल और सब्जियां और स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थ जैसे कि साबुत अनाज की ब्रेड, पास्ता और चावल शामिल होते हैं; और इसमें वसा, नमक और चीनी कम होती है। इस बात के अच्छे प्रमाण हैं कि विभिन्न प्रकार के फलों और सब्जियों से भरपूर आहार खाने से कोरोनरी धमनी रोग के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। **शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहें :** इसका उद्देश्य धीरे-धीरे अपनी शारीरिक गतिविधि को बढ़ाना है जब तक कि आप 30 मिनट की मध्यम तीव्रता की गतिविधि न कर लें - इसका मतलब ऐसी गतिविधि है जो आपको गर्म महसूस कराती है और सामान्य से थोड़ा अधिक जोर से सांस लेना पड़ता है। **शारीरिक और भावनात्मक तनाव :** कोरोनरी धमनी रोग के लिए शारीरिक और भावनात्मक तनाव महत्वपूर्ण योगदान कारक हैं। यही एक कारण है कि युवाओं को दिल का दौरा पड़ता है। काम से जुड़ा तनाव दिल पर कई तरह से असर डाल सकता है। तनाव से बचने के लिए नींद सहित पर्याप्त आराम आवश्यक है। प्रार्थना, ध्यान और योग जैसी अन्य गतिविधियां आपके दिमाग को शांत कर सकती हैं और अनावश्यक तनाव से बचा सकती हैं जिससे हृदय को नुकसान हो सकता है।

# होजाई : आगामी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

**होजाई ( निसं )।** मारवाड़ी पंचायती से उपलब्ध जानकारी के अनुसार विक्रम संवत 2056 (अंग्रेजी सन् 1999) के 21 मार्च को मारवाड़ी पंचायती ने एक साधारण सभा समाज सेवी राजेंद्र भीमसरिया की अध्यक्षता में आयोजित कर गहन विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि मंदिर परिसर में भी श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जाए। सभा में श्री हनुमान जन्मोत्सव के सफल आयोजन हेतु श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति का गठन किया गया। जिसमें कार्यक्रम संयोजक प्रमोद मोर, कोषाध्यक्ष गजानंद केजड़ीवाल सहित एक समिति का गठन किया गया जिसमें राजेश केजड़ीवाल, प्रदीप सुरेका, लावण्य कुमार अगरवाला, सुनील भीमसरिया, रवि छावछरीया, निरंजन सरावगी, मोहन मोर, ओम प्रकाश बजाज, मनोज शर्मा, ललित पंसारी, कमल पोद्दार, किशोरी लाल केजड़ीवाल, विनोद गाड़ोदिया, रमेश अग्रवाल, संजय गाड़ोदिया, अजय छावछरीया, संजय छावछरीया सहित सभी समाज बंधुओं के सहयोग से श्री हनुमान जन्मोत्सव का श्री गणेश किया गया। और



देखते ही देखते श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति इस वर्ष अपने रजत वर्ष के कार्यक्रम के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन करने जा रही है। उल्लेखयोग्य है, महापूर्णिमा के उपलक्ष पर यहां जीवंत हनुमान द्वारा सवामण के लड्डू का भोग हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहता है। इस प्रसाद को ग्रहण करने के लिए भक्तों में काफी उत्साह रहता है। वहीं, 25 वर्षों के दौर में महोत्सव की भजन संध्या में भारत के विभिन्न कलाकारों ने अपने भजन प्रस्तुत किए हैं। रजत वर्ष को लेकर हनुमान भक्तों में काफी उत्साह है। हर वर्ष की भांति इस बार भी कार्यक्रम तीन दिवसीय होगा। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में कार्यक्रम को लेकर श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति के कार्यकर्ता तैयारीयों में जुट चुके हैं। इस बार कार्यक्रम हेतु संयोजक दिनेश दीक्षित, मनोज केजरीवाल, प्रवीण सरावगी, राजेश बजाज व संजय मुरारका को बनाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को प्रात: 9:15 से पूजा प्रारंभ होगी इसके बाद 10:30 बजे से अखंड रामायण पाठ का श्री गणेश होगा वहीं अपराह्न 3.30 बजे से शोभायात्रा, ध्वज पूजन के बाद बालाजी इंजीनियरिंग से निकालेगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकलेगी जिसमें मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र होगी। 23 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से पूजा प्रारंभ, 10.30 बजे से महास्नान एवं सहस्त्राभिषेक, 11.30 बजे सवामणी का भोग, 11:54 बजे महिलाओं द्वारा छप्पन भोग, इसके बाद महाज्योत व महाआरती का आयोजन होगा। 6:30 से नृत्य नाटिका व 7.30 बजे जीवंत हनुमान के हाथों सवामणी के लड्डू का भोग लगाया जाएगा। वहीं 24 अप्रैल को हवन, पूर्णाहुति व आरती होगी। अपराह्न 3.00 बजे से सुंदरकांड का आयोजन होगा। सायं 6 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें भागलपुर से अतिथि कलाकार राहुल सोनी व कोलकत्ता से श्रीमती श्वेता कौशिक भजनों की प्रस्तुती देंगे। भजन संध्या के बाद जीमणवार होगा। सभी समिति ने सभी हनुमान भक्तों से अनुरोध किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं व अक्षय पूण्य के भागी बनें।

# भारतीय आर्थिक सेवा के प्रोबेशनर्स ने राष्ट्रपति से मुलाकात की



नई दिल्ली, (हि.स.)। भारतीय आर्थिक सेवा (2022 और 2023 बैच) के प्रोबेशनर्स के एक समूह ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विकास में आर्थिक वृद्धि एक महत्वपूर्ण घटक है। मैक्रो और माइक्रो आर्थिक संकेतक प्रगति के उपयोगी मानक माने जाते हैं, इसलिए सरकारी नीतियों और योजनाओं को प्रभावी और उपयोगी बनाने में अर्थशास्त्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चूंकि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, इसलिए आने वाले समय में उन्हें अपनी क्षमताओं को बढ़ाने और उनका पूरा उपयोग करने के अनगिनत अवसर मिलेंगे। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि वे इन अवसरों का समुचित लाभ उठाकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्थिक सेवा अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे आर्थिक विश्लेषण और विकास कार्यक्रमों के डिजाइन के साथ-साथ संसाधन वितरण प्रणाली को मजबूत करने और योजनाओं के मूल्यांकन के लिए उचित सलाह प्रदान करें। यह बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, क्योंकि उनके द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर ही नीतियां तय की जाएंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि आंकड़ों के विश्लेषण और साक्ष्य-आधारित विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से सरकार को लोगों के आर्थिक उत्थान में तेजी लाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि यह युवा आईईएस अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे नए विचारों, तरीकों और तकनीकों के माध्यम से अपनी कार्य कुशलता बढ़ाएं। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी रचनात्मकता इस तेजी से बदलते युग में देश के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने में मदद करेगी। राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि 2022 और 2023 बैच के 60 प्रतिशत से अधिक आईईएस अधिकारी महिला अधिकारी थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से भारत के समावेशी विकास के संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने महिला अधिकारियों से महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने युवा अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यस्थल पर नीति संबंधी सुझाव देते समय या कोई भी निर्णय लेते समय देश के गरीबों और पिछड़े वर्गों के हित को ध्यान में रखें।

# आम आदमी पार्टी ने पंजाब में चार लोकसभा सीटों पर किया उम्मीदवारों का ऐलान, इनमें तीन विधायक




चंडीगढ़, (हि.स.)। आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब की चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। दो दिन पहले अकाली दल से आप में आए पवन कुमार टीनू पर भी पार्टी ने भरोसा जताते हुए जालंधर से चुनाव मैदान में उतार दिया है। इसके अलावा तीन विधायकों को लोक सभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया गया है। पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने सबसे अधिक विधायकों को चुनाव मैदान में उतारा है। आप द्वारा मंगलवार को जारी की सूची के अनुसार वर्तमान में बटाला विधानसभा हलके से विधायक अमन शैरी कलसी को गुरदासपुर लोकसभा हलके से, मुक्तसर साहिब के विधायक जगदीप सिंह काका बराड़ को फिरोजपुर लोकसभा हलके से तथा लुधियाना सेंट्रल से विधायक अशोक पराशर पप्पी को लुधियाना लोकसभा हलके से चुनाव मैदान में उतारा गया है। जालंधर लोकसभा सीट पर चुनाव से पहले ही घमासान मचा हुआ है। यहां से आप ने सांसद सुशील कुमार रिंकू को चुनाव मैदान में उतारा था। रिंकू टिकट लौटाकर भाजपा में शामिल हो गए तो भाजपा ने उन्हें दोबारा जालंधर से चुनाव मैदान में उतार दिया। अब आम आदमी पार्टी ने तीन दिन पहले शिरोमणि अकाली दल छोड़कर आप में शामिल हुए पूर्व विधायक पवन कुमार टीनू को जालंधर लोकसभा हलके से पार्टी उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

# भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी की 12वीं सूची, 7 उम्मीदवारों की घोषणा



नई दिल्ली, (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को 7 लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी 12वीं लिस्ट जारी कर दी। इस सूची में महाराष्ट्र की एक, पश्चिम बंगाल की एक, उत्तर प्रदेश से दो और पंजाब से तीन उम्मीदवार शामिल हैं। भाजपा ने इसके अलावा उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने इसके साथ ही ओडिशा में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। मंगलवार को जारी सूची के अनुसार भाजपा ने महाराष्ट्र के सतारा लोकसभा सीट से छत्रपति उदयनराजे भोंसले, पंजाब से खडूर साहिब से मंजीत सिंह मन्ना, होशियारपुर से अनिता सोम प्रकाश, बठिंडा से परमपाल कौर सिद्धू को उम्मीदवार बनाया है। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद से ठाकुर विश्वदीप सिंह, देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी और पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर से अभिजीत दास को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने आगामी विधानसभा उपचुनाव के लिए तेलंगाना की सिकंदराबाद कैंट सीट से डॉ. टीएन वामशा तिलक और उत्तर प्रदेश के लखनऊ पूर्व से ओपी श्रीवास्तव, ददरौल से अरविंद सिंह, गैंसड़ी से शैलेन्द्र सिंह शैलू, दुद्धी से श्रवण गौंड को उम्मीदवार बनाया गया है।

# मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव का दावा, इस बार छिंदवाड़ा में खिलेगा कमल



भोपाल, (हि.स.)। लोकसभा चुनाव 2024 का प्रचार अभियान जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, कई नए दावे राजनीतिक पार्टियों की ओर से सामने आ रहे हैं। इस बीच मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दावा किया है कि इस बार छिंदवाड़ा की सीट पर भी कमल खिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चुनाव की इस बेला में छिंदवाड़ा से कमल खिलने वाला है, हम सब भाजपा कार्यकर्ता के नाते और भाजपा के सारे जवाबदार पदाधिकारी वहाँ भी लगे हैं। उन्नीस के निर्वाचन को लेकर के यह एक नया दौर पहुंचा है। इसके लिए सभी कार्यकताओं को मेरी ओर से बहुत बधाई। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को छिंदवाड़ा जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान मेगा रोड शो के जरिए वे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ को घेरेंगे। गृह मंत्री शाह के छिंदवाड़ा आगमन एवं रोड शो के लिए भाजपा द्वारा आदिवासी अंचल से पारंपरिक गोंडी शैला नृत्य, क्षेत्रीय वेशभूषा, पुष्पवर्षा के साथ ही सम्पूर्ण मार्ग में साज सज्जा की गई है। वहीं, जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज शाम साढ़े पांच बजे छिंदवाड़ा के फव्वारा चौक से रथ पर सवार होकर गल्ला बाजार, कमानिया गेट, गोल गंज, मन्ना महाराज मेन रोड होते हुए नगर शक्ति पीठ बड़ी माता मंदिर, छोटी बाजार तक रोड शो करेंगे। इसके बाद वे श्री राम मंदिर पहुंचकर दर्शन करेंगे। फिर संगठन कार्यकताओं के साथ संवाद करेंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री शाह का छिंदवाड़ा में रोड शो कुल 720 मीटर लंबा होगा। रोड शो में अमित शाह भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनता से वोट देने को अपील करेंगे।

रोड शो में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, महाकौशल क्लस्टर प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय मौजूद रहेंगे। कांग्रेस ने यहां से एक बार फिर नाथ परिवार पर भरोसा जताते हुए कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को अपना उम्मीदवार घोषित किया है, दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने लगातार दो चुनावों में कमलनाथ को चुनौती देने वाले विवेक बंटी साहू को कमल चिह्न दिया है।

# झेलम नदी में नाव पलटने से 4 की मौत

## -5 स्कूली बच्चों समेत 7 को रेस्क्यू कर बचाया



श्रीनगर,(ईएमएस)। श्रीनगर के बटवार में मंगलवार सुबह झेलम नदी में यात्रियों से भरी एक नाव पलट गई। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि बच्चों समेत 7 लोगों को रेस्क्यू कर बचा लिया गया। वहीं तीन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया हैनाव में 11 लोग सवार थे, इनमें 5 स्कूली बच्चे भी थे। जानकारी अनुसार कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार को झेलम नदी में जो नाव पलटी है, वह रोजाना लोगों को लेकर गांदरबल से बटवारा जाया करती थी। यहां 48 घंटों से लगातार हो रही तेज बारिश के चलते झेलम का जल स्तर बढ़ गया। इसके चलते नाव अनबैलेंस होकर पलट गई। हादसे के फौरन बाद स्थानीय नाविकों ने डूबने वालों को बचाने के लिए अभियान चलाया। कुछ समय बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई और रेस्क्यू में जुट गई। नाव पलटने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोगों को रेस्क्यू कर बचा लिया गया है।

वहीं कुछ लोगों ने बताया कि नाव में स्कूली बच्चों समेत करीब 12 से ज्यादा लोग सवार थे। जानकारी अनुसार हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि बचाए गए लोगों में से 3 लोगों को इलाज के लिए श्रीनगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह नाव गंडाबाल से श्रीनगर के बटवाडा आ रही थी।

# खुली जीप में सवार होकर नामांकन जमा करने पहुंचे सिंधिया, दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ में भरा नामांकन



भोपाल, (हि.स.)। मध्य प्रदेश में तीसरे चरण में नौ संसदीय क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह दोपहर बाद अपनी पत्नी अमृता के साथ राजगढ़ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने सपत्नीक जालपा माता के मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। वहीं, केंद्रीय मंत्री और गुना-शिवपुरी सीट से भाजपा उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शिवपुरी में खुली जीप में सवार होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, लालसिंह आर्य आदि भी उनके साथ मौजूद रहे। इससे पहले मंगलवार सुबह ज्योतिरादित्य सिंधिया ने टेकरी स्थित हनुमान मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और बजरंगबली के दरबार में मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जनसेवा का संकल्प आज हम सब ले रहे हैं। क्षेत्र के विकास के लिए, प्रदेश के विकास के लिए और देश के विकास के लिए। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत विकास पथ पर अग्रसर हो चुका है। इसके बाद वह कारों के काफिले के साथ गुना से शिवपुरी के रवाना हुए। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। सिंधिया दोपहर करीब पौने दो बजे शिवपुरी पहुंचे। गुना बाईपास से सिंधिया का रोड शो शुरू हुआ। समर्थकों की जिद पर सिंधिया खुले वाहन में सवार हुए। जगह-जगह उनका स्वागत हुआ। शिवपुरी में नामांकन पत्र दाखिले के बाद पोलो ग्राउंड पर विशाल जनसभा होगी।

# दिल्ली हवाई अड्डा व्यस्ततम एयरपोर्ट में शामिल

## - दुनिया के शीर्ष 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में दिल्ली एयरपोर्ट भी




नयी दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली एयरपोर्ट को 2023 के लिए दुनिया के शीर्ष 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों की सूची में शामिल किया गया है। इस लिस्ट में हट्र्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सबसे ऊपर है। जबकि दूसरे स्थान पर दुबई हवाई अड्डा और तीसरे स्थान पर डलास हवाई अड्डे को रखा गया है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) वर्ल्ड के मुताबिक, दुनिया के व्यस्त हवाई अडडों में दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दसवें स्थान पर है। एसीआई ने सोमवार को यह सूची जारी करते हुए बताया कि 2023 के दौरान वैश्विक स्तर पर कुल 850 करोड़ यात्रियों के उड़ान भरने का अनुमान है, जो 2022 की तुलना में 27.2 प्रतिशत अधिक ठहरता है। यह आंकड़ा महामारी पूर्व के स्तर के मुकाबले 93.8 फीसद से ज्यादा है। व्यस्त हवाई अड्डों में से पांच अमेरिका में मौजूद हैं। यहां बतलाते चलें कि दिल्ली हवाई अड्डे ने 2023 में 7.22 करोड़ से ज्यादा यात्रियों को लाने-लेजाने का कार्य किया है। इससे पहले 2022 की लिस्ट में दिल्ली हवाई अड्डे को नौवां स्थान मिला था।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने दिया ईडी को निर्देश, रात भर पूछताछ नहीं की जा सकती


**- सोने का अधिकार मानवीय जरूरत है**

मुंबई, (ईएमएस)। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक वरिष्ठ नागरिक से रात भर पूछताछ करने पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कड़ी फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने कहा कि नींद का अधिकार एक बुनियादी मानवीय जरूरत है, इसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता है, अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति से पूछताछ के लिए समय सीमा के बारे में ईडी को निर्देश देना आवश्यक है। दरअसल बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बुजुर्ग व्यवसायी से रात भर की पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की खिंचाई की। हाई कोर्ट ने कहा कि सोने का अधिकार मौलिक मानवाधिकार है. कोर्ट ने यह भी कहा कि इसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता. बता दें कि 64 साल के राम इसरानी को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था. इसरानी ने इस गिरफ्तारी को हाई कोर्ट में चुनौती दी. न्यायधीश रेवती मोहिते डेरे और न्यायधीश मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ के सामने सुनवाई हुई. उस समय याचिकाकताओं ने पीठ को बताया कि उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 7 अगस्त 2023 को तलब किया गया था. हम ईडी कार्यालय में उपस्थित हुए। बाद में एक दिन उनसे पूरी रात पूछताछ की गई और अगले दिन उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. इसके बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी और ईडी को जमकर फटकार लगाई. पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता के अनुसार आधी रात से सुबह साढ़े तीन बजे तक उससे पूछताछ करने के आपके तरीके की हम सराहना नहीं कर सकते हैं, नींद की कमी व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है और उसकी मानसिक क्षमता, संज्ञानात्मक कौशल आदि को खराब कर सकती है। दूसरी ओर, जांच एजेंसी के वकील हितेन वेणेगांवकर ने अदालत को बताया कि इसरानी ने रात में अपना बयान दर्ज कराने की सहमति दी थी.

# फिर गायब हुए हरभजन, पार्टी कार्यकर्ताओं में निराशा

जालंधर (ईएमएस)। क्रिकेटर से राजनीति में प्रवेश करने वाले हरभजन सिंह एक बार फिर से चर्चा में हैं। जालंधर से संबंधित हरभजन सिंह को आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सांसद के तौर पर सम्मान दिया था, लेकिन हरभजन सिंह की आम आदमी पार्टी तथा पंजाब के प्रति बेरुखी लोगों के गले नहीं उतर रही। पार्टी तथा पंजाब के प्रति उनके इस रवैये से आम जनता तथा पार्टी वर्करों में निराशा है। लोकसभा चुनावों को देखते हुए राज्य में जहां माहौल पूरी तरह से गर्म है तथा सभी राजनीतिक दलों के नेता अपने पूरे दमखम के साथ मैदान में उतर पड़े हैं, वहीं इस सबके बीच हरभजन सिंह एक बार फिर गायब हैं, जिसके चलते पार्टी वर्करों में काफी आक्रोश पाया जा रहा है। दरअसल हरभजन सिंह पंजाब के अलग-अलगल मुद्दों को लेकर तो गायब रहते ही हैं, अब की बार आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में भी हरभजन सिंह ने पूरी बेरुखी दिखाई। परिवार के साथ इस मुश्किल घड़ी में खड़े होना तो दूर, सोशल मीडिया पर भी 2 शब्द केजरीवाल के पक्ष में नहीं लिखे गए, जो यह संकेत देता है कि दरअसल हरभजन सिंह को पार्टी या पंजाब के लोगों से कोई लेना-देना नहीं है, उन्हें बस एक पद चाहिए था, जो उन्हें मिल गया है। अब जनता कौन और पार्टी कौन। इससे पहले भी हरभजन सिंह पार्टी तथा पंजाब के लोगों के प्रति बेरुखी का अपना रवैया दिखा चुके हैं। पंजाब में बीते समय में बाढ़ के प्रकोप से लोगों को गुजरना पड़ा, लेकिन तब भी हरभजन सिंह काफी समय बाद पंजाब पहुंचे। एक-दो दिन यहां रुक कर वापस चले गए, जबकि पंजाब के लोग खासकर जालंधर में कई इलाकों में कई दिनों तक पानी भरा रहा, लेकिन वह दोबारा नहीं दिखे। पार्टी के प्रति भी उनका यह रवैया चिर-परिचित है।

# श्रीलंका और यूएई को 10-10 हजार मीट्रिक टन प्याज के निर्यात को मंजूरी



नई दिल्ली, (हि.स.)। केंद्र सरकार ने श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात को 20 हजार मीट्रिक टन प्याज निर्यात करने की अनुमति दी है। सरकार के इस फैसले के तहत दोनों देशों को 10-10 हजार मीट्रिक टन प्याज का निर्यात किया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 15 अप्रैल को जारी एक अधिसूचना में संयुक्त अरब अमीरात को अतिरिक्त 10 हजार मीट्रिक टन (एमटी) प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। इसके साथ ही नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से श्रीलंका को भी 10 हजार मीट्रिक टन प्याज की अनुमति प्रदान की गई है। यूएई को प्याज के निर्यात की यह अनुमति पहले दी गई 24,400 मीट्रिक टन से अतिरिक्त है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने प्याज के निर्यात पर पाबंदी लगाने के बाद बांग्लादेश को 50 हजार मीट्रिक टन, संयुक्त अरब अमीरात को 34,400 मीट्रिक टन, श्रीलंका को 10 हजार मीट्रिक टन, बहरीन को 3 हजार मीट्रिक टन, मॉरिशस को 1,200 मीट्रिक टन और भूटान को 550 मीट्रिक टन प्याज की अनुमति दे चुकी है। दरअसल, केंद्र सरकार ने घरेलू महंगाई को काबू करने के लिए 7 दिसंबर, 2023 की देर रात प्याज निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसे 23 मार्च को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया है।

# कोयलांचल क्षेत्र में भाजपा के एसएस अहलुवालिया बनाम तृणमूल के शत्रुघ्न सिन्हा में दंगल



कोलकाता, (हि.स.)। लोकसभा चुनाव के लिए पूरे देश में राजनीतिक गहमागहमी का माहौल है। पश्चिम बंगाल पर पूरे देश की निगाहें इसलिए टिक गई हैं, क्योंकि विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन में होने के बावजूद ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है। राज्य में कई ऐसी सीटें हैं जो वीआईपी हैं, जिन पर लड़ाई दिलचस्प होने वाली है। ऐसी ही एक सीट है आसनसोल लोकसभा सीट। आसनसोल सीट से वैसे तो 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर बाबुल सुप्रियो ने जीत दर्ज की थी। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने पर पार्टी से उनकी अनबन हो गई और उन्होंने संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। यहां से 2022 के उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर शत्रुघ्न सिन्हा जीते थे, जिन्हें इस बार भी पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। दूसरी ओर भाजपा ने उनके खिलाफ एसएस अहलूवालिया को टिकट दिया है, जो पहले भी भाजपा से ही सांसद रह चुके हैं। वामदल भी इस सीट पर ताल ठोक रहे हैं और जहांआरा खान को उम्मीदवार बनाया गया है। यहां 13 मई को चौथे चरण में वोटिंग होगी।

**शत्रुघ्न सिन्हा हैं सांसद** - तृणमूल कांग्रेस ने बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को इस सीट से दोबारा टिकट दिया है। 2022 में हुए उपचुनाव में वह दो लाख से अधिक मतों के अंदर से ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में कामयाब रहे हैं इसके साथ ही पहली बार आसनसोल संसदीय सीट पर तृणमूल उम्मीदवार की जीत हुई थी। 2014 से पहले इस सीट पर माकपा उम्मीदवारों का कब्जा था और 2014 में पहली बार भाजपा के टिकट पर बाबुल सुप्रियो जीते थे। इस बार लड़ाई दिलचस्प होने वाली है क्योंकि हिंदीभाषी गढ़ होने की वजह से भाजपा के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदाता हैं। 2022 के उपचुनाव में शत्रुघ्न सिन्हा के खिलाफ अग्निमित्र पॉल ने चुनाव लड़ा लेकिन वे हार गई थीं। इस सीट पर जीत दर्ज करने के बाद आजतक शत्रुघ्न सिन्हा ने संसद में एक बार भी चर्चा में हिस्सा नहीं लिया है। यहां तक कि आसनसोल में भी लोगों से वह संपर्क में नहीं रहे हैं जिसकी वजह से स्थानीय लोगों में नाराजगी भी है।

**कोयलांचल शहर है आसनसोल** - आसनसोल, कोलकाता के बाद पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा शहर है। छोटानागपुर के पठार के लगभग मध्य में प्रदेश के पश्चिमी सीमा पर स्थित यह नगर खनिज पदार्थों में धनी है। यहां सेनेरैल साइकिल का भारत प्रसिद्ध कारखाना है। यह शहर भारत के उन 11 शहरों में से एक है जो विश्व के 100 सबसे तेजी से विकसित हो रहे शहरों की सूची में हैं। प्रदेश की राजधानी कोलकाता से 200 किलोमीटर दूर दामोदर नदी की घाटी में स्थित आसनसोल की अर्थव्यवस्था का आधार कोयला और स्टील है। घागर बुरी चांदनी मंदिर, गैलेक्सी मॉल, कल्याणेश्वरी मंदिर, नेहरू पार्क, बिहारीनाथ हिल यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। दिल्ली से इसकी दूरी 1,283.7 किलोमीटर है।

**मतदाताओं का आंकड़ा** - आसनसोल लोकसभा में वर्तमान में सात विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। उनमें से सात लाख 72 हजार 138 पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या आठ लाख 43 हजार 683 हैं। थर्ड जेंडर के मतदाता 44 हैं। 2019 में कुल वोटरों की संख्या 12 लाख 38 हजार 135 थी। जिनमें से कुल पुरुष मतदाता छह लाख 64 हजार 991 और महिला मतदाता पांच लाख 72 हजार 239 थीं। 2019 में कुल मतदान प्रतिशत 76.62 फीसदी था।

# सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वाले दोनों युवकों को 10 दिन की पुलिस हिरासत



मुंबई, (हि. स.)। फिल्म अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के सामने हवाई फायरिंग करने वाले दोनों आरोपितों को मंगलवार को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 10 दिनों तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने गुजरात के भुज इलाके में सोमवार को देर रात दोनों आरोपितों विक्की गुप्ता और सागर पाल को गिरफ्तार किया था। आज इन दोनों को पुलिस मुंबई लाई और जेजे अस्पताल में मेडिकल जांच करवाकर दोनों को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में पुलिस ने इन दोनों की 14 दिनों के लिए पुलिस हिरासत की मांग की लेकिन कोर्ट ने सिर्फ 10 दिन तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इन दोनों से गहन छानबीन पुलिस की टीम कर रही है। पुलिस आयुक्त ने पत्रकार वार्ता में बताया कि दोनों के पास से फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हवाई फायरिंग के लिए प्रयोग में लाई गई विदेशी पिस्तौल और मैगजीन बरामद कर ली है। दोनों की दस दिन तक पुलिस हिरासत मिली है। जांच के बाद जो जानकारी मिलेगी उसे मीडिया के साथ साझा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने दोनों आरोपितों ने रविवार को सुबह हवाई फायरिंग की थी और उसके बाद गुजरात भाग गए थे।

# मैनपुरी सीट से सपा उम्मीदवार डिंपल यादव ने नामांकन किया



**मैनपुरी, (हि.स.)।** नेताजी मुलायम सिंह यादव की सीटिंग लोकसभा सीट मैनपुरी से एक बार फिर से बहू डिंपल यादव लोकसभा 2024 के चुनाव मैदान में है। डिंपल ने मंगलवार को जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर दूसरी पर इस सीट पर अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी पत्नी डिंपल यादव का आज पारिवारिक विरासत के रूप में जानी जाने वाली मैनपुरी लोकसभा सीट पर नामांकन कराने पहुंचे। अपने गढ़ कही जाने वाली मैनपुरी सीट पर सादगी के साथ सपा नेता कलेक्ट्रेट मैनपुरी पहुंचे, जहां डिंपल यादव ने अधिकारी को पर्चा सौंपते हुए नामांकन कराया। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव, शिवपाल सिंह यादव एवं जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने मैनपुरी सीट से ठा. जयवीर सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। वह प्रदेश की योगी सरकार में वर्तमान में मंत्री हैं। इस सीट पर सपा और भाजपा में मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। हालांकि बहुजन समाज पार्टी ने इस सीट पर शिव प्रसाद यादव को टिकट देकर लड़ाई को त्रिकोणीय बनाया दिया है।

# विकास को लेकर सुल्तानपुर में महिलाओं की पहली पसंद मेनका

**सुलतानपुर, (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव 2024 में सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर लगभग प्रभुख सभी दलों ने अपने-अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इनमें उम्मीदवारों में महिलाओं की पहली पसन्द भारतीय जनता पार्टी की मेनका गांधी है। उनका कहना है कि विकास को वोट, भ्रष्टाचार को चोट मिलनी चाहिए। लोगों को उचित न्याय मिले इसके लिए ठोस कदम उठाने की जरूर हैं। जातिवाद के जहर से कभी-कभी न्याय मिल पाना सम्भव नहीं होता है। लोकसभा चुनाव 2024 में सुल्तानपुर सीट पर प्रमुख रुप से तीन पार्टियों के उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा से मेनका गांधी, समाजवादी पार्टी ने अपना उम्मीदवार बदल कर भीम निषाद की जगह अब कांग्रेस से गठबंधन के तहत राम भुआल निषाद को मैदान में उतार दिया है। बहुजन समाज पार्टी ने उदयराज वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। लम्बी प्रतीक्षा के बाद हुई प्रत्याशियों की घोषणा के बाद अब लोग गुणा-भाग लगाने में जुट गए हैं। सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर महिलाओं से चुनाव को लेकर उनके विचार जानने का प्रयास किया। महिला उम्मीदवार के लिए महिलाओं का क्या नजरिया और अपनत्व ज्यादा है। इसके पीछे उनके अपने-अपने तक्र और प्रतिक्रिया है। पेशे से संगीत शिक्षिका रोली श्रीवास्तव का कहना है कि नरेन्द्र मोदी ने देश का सिर ऊँचा किया है। आज पूरे विश्व में भारत की जय-जयकार हो रही है। बिना जाति, धर्म के गरीब लोगों के लिए विकास की योजनाएं लागू की गई हैं। स्थानीय सांसद मेनका गांधी ने यहां जनता के बीच लोगों की समस्याओं का समाधान किया है। शहर को सुंदर बनाने की पूरी कोशिश की है। गृहणी एवं व्यवसायी वंदना आर्या ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जब से आये है तब से सिर्फ देश की विकास पर ही कार्य कर रहे हैं। आने वाले समय देश का भविष्य और उज्वल होगा। मोदी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। पेशे से व्यवसायी सरोज गुप्ता ने कहा कि मोदी का काम तो बहुत अच्छा है लेकिन स्थानीय स्तर पर जाति के नाम पर सहयोग करने से गरीब के साथ पूरी तरह से न्याय नहीं हो पा रहा है। समाज सेविका पल्लवी



वर्मा ने कहा कि महिलाओं को जब-जब मौका मिला है, दल उनका आधी आबादी ने मिलकर सहयोग किया। चुनाव में भी ऐसा ही महिलाओं को करना चाहिए। भाजपा से महिला उम्मीदवार होने के नाते जीत की उम्मीद बहुत अधिक है। इस समय मोदी की लहर है। जब विदेशों में मोदी का गुणगान हो रहा है तो हम सब क्यों पीछे रहे।

**मेनका गांधी का राजनीतिक सफर** – सन 1984 में राजीव गांधी अमेठी (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र) से 2.7 लाख वोटों से मेनका हार गई थी। वो एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ी थीं। 1989-91 जनता दल पार्टी के टिकट पर पीलीभीत (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र) से लोकसभा सदस्य चुनी गयी। सन 1991 के चुनाव में पीलीभीत में जनता दल के उम्मीदवार के रूप में भाजपा के परशुराम से चुनाव हार गयी। 1996-98 पीलीभीत (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र) से जनता दल पार्टी के टिकट पर फिर लोकसभा सदस्य चुनी गयी।

**बसपा प्रत्याशी से 2019 में मिली मेनका को कड़ी टक्कर** – लोकसभा चुनाव 2019 के परिणाम में मेनका संजय गांधी को कुल 4,59,196 लाख (45.88%) मत मिले थे। जबकि गठबंधन में बसपा उम्मीदवार पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू को 4,44,670 मत (44.43%) मिले।कांग्रेस के डॉ संजय सिंह को कुल 41,681 (4.16%) मत मिले थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में सुल्तानपुर सीट से बीजेपी प्रत्याशी मेनका गांधी को बसपा उम्मीदवार चंद्रभद्र सिंह सोनू से कड़ी टक्कर मिली थी। मेनका गांधी इस चुनाव में महज 14 हजार मतों से ही चुनाव जीती थीं। चुनाव में तीसरे प्रत्याशी कांग्रेस संजय सिंह थे।

दो बार स्वतंत्र उम्मीदवार के रुप में मेनका गांधी को जनता ने चुना

1998-99 - पीलीभीत से लोकसभा सदस्य, एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुने गयीं

1999-2004 - पीलीभीत (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र) से लोकसभा सदस्य, एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुने गयी।

**भाजपा के साथ शुरू किया सियासी सफर**

2004-09 - पीलीभीत से लोकसभा सदस्य, भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर जीती।

2009-14 - आंवला से लोकसभा सदस्य, भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनी गईं।

2014-19 - पीलीभीत (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र) से लोकसभा सदस्य, भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव जीता।

2019 से वर्तमान में सुल्तानपुर से लोकसभा सदस्य, भारतीय जनता पार्टी के टिकट से हैं।

# जरा सी जगह में रामकथा के 500 प्रसंगों समेत 20 लाख चित्र, 51 हजार राम नाम

## – आर्टिस्ट नवीन शर्मा ने रामलला के लिए निर्मित कलाकृति ट्रस्ट को सौंपी



**अयोध्या, (हि.स.)।** जयपुर के मिनिएचर आर्टिस्ट नवीन शर्मा ने रामलला के लिए छह वर्ष में तैयार की गई एक कलाकृति को मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय को सौंपा। यह कलाकृति 23 इंच लंबी और 31 इंच चौड़ी है। इसमें रामकथा के 500 प्रसंगों समेत कुल 20 लाख चित्र और 51 हजार बार राम का नाम अंकित है। कलाकृति के चारों कोनों पर चारों धाम हैं। बीच में राम दरबार, सीता स्वयंवर और राम मंदिर है। अपनी कला के लिए राष्ट्रपति से पुरस्कृत नवीन शर्मा के मुताबिक राम मंदिर पर फैसला आने के बाद कार्यस्थल पर निर्विघ्न कार्य के लिए बालाजी की गद्दी स्थापित कर उन्होंने काम प्रारंभ किया। छह साल में 7600 घंटे काम करके उन्होंने यह मिनिएचर कलाकृति तैयार की। चारों कोनों पर चारों धाम के अलावा आधा इंच की परिसीमा में देश के 211 मंदिर, सवा दो इंच की परिसीमा के 28 खंडों में भक्तों समेत भगवान विष्णु के 24 चित्र, अंतिम परिसीमा के पौन इंच के खंडों में राम चरित के 500 सुखदाई प्रसंगों का चित्रण है। ऊपर श्री गणेश जी ऋद्धि सिद्धि के साथ विराजे हैं। बीच वाली परिसीमा के सबसे बड़े खंड में राम मंदिर है। अधिकांश चित्रण और लेखन में बाल से निर्मित ब्रश का उपयोग किया गया है।

# गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव में शैलेश सिंह भाजपा के उम्मीदवार घोषित



**बलरामपुर, (हि.स.)।** जिले के गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने शैलेश सिंह शैलू को उम्मीदवार घोषित किया है। इस विधानसभा सीट से भाजपा ने लगातार चौथी बार शैलेश सिंह शैलू पर अपना भरोसा जताया है। शैलेश सिंह को उम्मीदवार बनाए जाने की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकताओं व उनके समर्थकों ने प्रसन्नता जताई है। शैलेश सिंह 2017 विधानसभा चुनाव में सपा के पूर्व मंत्री एसपी यादव को हराकर गैसड़ी से विधायक निर्वाचित हुए थे। विधानसभा चुनाव 2022 में सपा के पूर्व मंत्री डॉ एस यादव ने भाजपा के शैलेश सिंह को हराकर सपा का परचम लहराया था। उल्लेखनीय है कि डॉ एस यादव की मौत से खाली हुई इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है, यहां पर भाजपा ने पुनः शैलेश सिंह शैलू पर भरोसा जताते हुए अपना प्रत्याशी घोषित किया है। सपा ने पूर्व मंत्री डा. एसपी यादव के बेटे राकेश यादव को यहां से अपना प्रत्याशी पूर्व में ही घोषित किया है।

# अमेठी में स्मृति के पक्ष में ग्रामिणों ने लगाया बैनर, अन्य प्रत्याशी समय नष्ट न करें




**अमेठी, (हि.स.)।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे ही राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ने लगी हैं। इस बार के चुनाव में नेता और पार्टी ही नहीं बल्कि आम जनमानस स्वयं चुनाव को लड़ने में लगा हुआ है। अमेठी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के पक्ष में जगह-जगह वार्ड एवं गांव में जन समर्थन देखने को मिल रहा है। अमेठी लोकसभा के भेंटुआ ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा दलशाहपुर के ग्रामीणों ने स्मृति ईरानी के समर्थन में बैनर लगा दिया है। जिसमें साफ तौर पर लिखा है कि दीदी जी ने पूरी अमेठी के साथ हमारे गांव का भी चौमुखी विकास किया है। उनके नेतृत्व में गांव में राजकीय नलकूप लगा है। जिससे किसानों के खेतों की निःशुल्क सिंचाई होती है। यहां तक रास्ता भी बनवा रही हैं,गांव में विद्युतीकरण हो रहा है। कई इंटरलॉकिंग सोलर लाइट शमशान घर और कई रास्तों के निर्माण के साथ गांव का समग्र विकास कार्य तेजी से चल रहा है। यही नहीं सभी को निःशुल्क राशन और निष्पक्ष प्रशासन भी मिल रहा है।

दीदी जी हमारे गांव की अभिभावक और हर दुख सुख में हमेशा साथ खड़ी रहने वाली सांसद हैं। यह मान सम्मान की लड़ाई है। वह पहली बार जब हमारे गांव आई थी उसके पूर्व पिछले 15 वर्षों तक सांसद रहे राहुल गांधी कभी भी हमारे गांव में नहीं आए थे। इसलिए संपूर्ण गांव का पूरा समर्थन हम सबकी लोकप्रिय सांसद केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को है। यहां पर अन्य कोई प्रत्याशी पहुंच कर अपना समय नष्ट न करें। इस कार्य में अधिवक्ता कालिका प्रसाद मिश्र, एडवोकेट बालमुकुंद पांडेय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतराम गुप्ता,संजय पाल,धीरज,संदीप पांडेय,पंकज,पांचू राम आदि ग्रामीण मुख्य भूमिका में नजर आए।

# खूंटी की महिलाओं का सवाल, 17 चुनाव में सिर्फ एक बार टिकट क्यों




**खूंटी, (हि.स.)।** स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 1952 से लेकर अब तक खूंटी संसदीय सीट पर हुए 17 लोकसभा चुनावों में मात्र एक महिला को अब तक संसद पहुंचने का का मौका मिला है और वे थीं बिहार की पूर्व मंत्री और बिरसा कॉलेज खूंटी की प्राचार्या सुशीला केरकेट्टा। सुशीला केरकेट्टा ने 2004 के लोकसभा चुनाव में छह बार के सांसद कड़िया मुंडा को मात दी थी। उसके पहले या बाद में किसी महिला को लोकसभा पहुंचने का मौका नहीं मिला। वैसे कांग्रेस ने सुशीला केरेट्टा के पहले या बाद में किसी भी पार्टी ने महिला उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिया। भाजपा ने भी अब तक किसी महिला प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। वैसे दयामनी बारला ने 2009 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के टिकट पर भाग्य आजमाया था, लेकिन वह अपनी जमानत तक बचा नहीं पाई थी। ऐसा नहीं है कि इस ससंदीय सीट से अन्य महिला प्रत्याशियों ने चुनाव नहीं लड़ा हो, पर किसी बड़े राजनीतिक दल के टिकट पर उन्हें किस्मत आजमाने का मौका नहीं मिला। खूंटी संसदीय सीट से 1952, 1957, 1962 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह मुंडा ने लगतार जीत दर्ज की थी। 1967 में उन्होंने प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के कहने पर झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया और उस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में वे कांग्रेस के टिकट पर संसद पहुंचे, लेकिन झारखंड पार्टी के ही कद्दावर नेता एनई होरो सहित कई लोगों ने विलय का विरोध किया और 1971 में झारखंड पार्टी के संगठन को मजबूत कर चुनाव लड़ा और वे लोकसभा पहुंचे गये। आपातकाल के बाद 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कड़िया मुंडा जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव जीत गये, लेकिन 1980 के चुनाव में एनई होरो ने फिर उन्हें मात दे दी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति की लहर में कांग्रेस के प्रत्याशी साइमन तिग्गा खूंटी से सांसद बने। उसके बाद 1989, 1991 1998 और 1999 में भाजपा के कड़िया मुंडा ने लगातार जीत दर्ज की, लेकिन 2004 में कड़िया मुंडा कांग्रेस प्रत्याशी सुशीला केरेकेट्टा से मात खा गये। 2009 के चुनाव में कांग्रेस ने सुशीला केरेकेट्टा को टिकट नहीं देकर नियेल तिर्की को मैदान में उतारा, लेकिन वे भी कड़िया मुंडा से परास्त हो गये। 2014 में कड़िया मुंडा आठवीं बार जीत हासिल कर लोकसभा पहुंचे।

पद्मभूषण अलंकरण मिलने के बाद उन्होंने चुनावी राजनीति से खुद को अलग कर लिया। 2019 में भाजपा ने अर्जुन मुंडा को मैदान में उतारा और उन्होंने कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को महज 1445 वोट के अंतर से पराजित कर संसद पहुंचे थे। इस बार भी मुकाबला दोनों पुराने प्रतिद्वंद्वियों कांग्रेस के कालीचरण मुंडा और भाजपा के अर्जुन मुंडा के बीच ही है।

**अर्जुन और कालीचरण मुंडा दोनों 23 अप्रैल को करेंगे नामांकन** – खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस के कालीचरण मुंडा और भाजपा के अर्जुन मुंडा 23 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी दोनों मुंडाओं ने एक ही दिन 16 अप्रैल को नामांकन पत्र भरा था।

# रामनवमी को लेकर फ्लैग मार्च, दर्जनों घरों को थमाया गया नोटिस



**रामगढ़, (हि.स.) ।** रामनवमी त्योहार को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। शहर की हर गलियों को भगवा रंग से पाट दिया गया है। इस त्योहार में निकलने वाले जुलूस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो और शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन भी काफी एहतियात बरत रहा है। मंगलवार को डीसी चंदन कुमार, एसपी डॉ बिमल कुमार, एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, पुलिस बल और सीआरपीएफ जवानों के साथ सड़क पर उतरे। रामगढ़ शहर के चट्टी बाजार, सौदागर मोहल्ला, लोहार टोला, शिवाजी रोड, सुभाष चौक, कोयरी टोला, गोलपार्क, पुरनी मंडप, बुढ़वा महादेव, नई सराय बस्ती, मनुवा, फुलसराय, सिरका, अरगड्डा सभी इलाकों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने यह संदेश दिया कि किसी भी उपद्रवियों की चलने वाली नहीं है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी। हर जगह दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। सौदागर मोहल्ला, गोलपार्क, पूरनी मंडप शहर के संवेदनशील इलाकों में शामिल हैं।

उन स्थानों पर सीआरपीएफ के जवान सुरक्षा में शामिल रहेंगे। एक तरफ पुलिस प्रशासन फ्लैग मार्च कर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया तो दूसरी तरफ रामगढ़ थाना प्रभारी ने सौदागर मोहल्ला के हर घर को नोटिस थमा दिया। नोटिस में साफ शब्दों में लिखा गया है कि जिनके घर के छतों पर ईंट पत्थर व अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं रखी गई है, तो वह तत्काल वहां से हटा लें। ड्रोन कैमरे की नजर में अगर आपत्तिजनक वस्तुएं आती हैं तो तत्काल उस घर के मालिक के खिलाफ कार्रवाई होगी। जिस रास्ते पर जुलूस निकालने वाला है, उस रास्ते के हर घर को यह नोटिस मिला है।

**हुड़दंगियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु किया गया मॉक ड्रिल**

रामनवमी त्योहार के मद्देनजर किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति में असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पुलिस के जवानों ने मॉक ड्रिल किया। पुलिस लाइन में आयोजित मॉक ड्रिल का संचालन डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, ट्रेनिंग डीएसपी फौजान अहमद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय साहू, सर्जेंट मेजर मंटू यादव, पुलिस पदाधिकारी, कर्मी एवं सीआरपीएफ 218 डी बटालियन के सशस्त्र बलों ने हिस्सा लिया।

# भाजपा नेता ने नाबालिग से किया दुष्कर्म रेप, फरार, पार्टी ने पद से हटाया



**पलामू, (हि.स.)।** भाजपा के मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने नाबालिक से दुष्कर्म किया। नाबालिक लड़की महुआ चुनकर अपने घर जा रही थी। इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष उसे बहला फुसला कर अपने घर ले गया और फिर उसके साथ अनैतिक संबंध बनाएं। साथ ही परिवार को मामले उजागर नहीं करने की चेतावनी दी। हालांकि इसके बाद भी पीड़िता और उसके माता-पिता ने मनातू थाने में भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। गांव स्तर पर बैठ कर मामले को रफा दफा करने का भी प्रयास किया गया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। हालांकि घटना के बाद से आरोपी मंडल अध्यक्ष फरार चल रहा है। घटना 2 दिन पहले की है। मंगलवार को पीड़िता की मेडिकल जांच एमआरएमसीएच में कराई गई। बताया जाता है कि पीड़ित नाबालिग मनातू के इलाके में ननिहाल में रहा करती है। रविवार को वह महुआ चुनने के लिए जंगल गई थी, घर वापस लौटने के क्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष ने उसे झांसे में लिया। बताया कि उसकी मां उसे मिलने के लिए बुलाई है। आरोपी की मां से मिलने के लिए नाबालिग लड़की उसके साथ उसके घर चली गयी। इस दौरान मौका पाकर भाजपा नेता ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना हुई। ग्रामीणों ने बताया कि शुरूआत में मामले को रफा दफा करने की कोशिश की गई थी और पीड़िता को थाना जाने से मना किया गया। लेकिन बाद में पीड़िता थाना गई थी, जिसके बाद पुलिस ने पोक्सो समेत अन्य धाराओं में एफआइआर दर्ज की। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि सत्येंद्र यादव की गिरफ्तारी के लिए कई इलाकों में छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले में आगे की छानबीन भी कर रही है। इधर, नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपित भाजपा के मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव को पार्टी ने अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव पर महिला उत्पीडन का आरोप लगा है। इसकी जांच होने तक सत्येंद्र यादव को मंडल अध्यक्ष के पद से दायित्व मुक्त कर दिया गया है।

# हमारे लिए हमारा संविधान 2047 का सपना पूरा करने का संकल्प : मोदी



**पटना, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के गया में राजग उम्मीदवार जीतनराम मांझी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी भाजपा आगे बढ़ती है, झूठ फैलाया जाता है कि संविधान बदल देंगे। मोदी और भाजपा तो क्या, स्वयं बाबा भीमराव अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए हमारा संविधान 2047 का सपना पूरा करने का संकल्प है। पूरी दुनिया में इस वक्त अस्थिरता है, देश को जरूरत है, इस वक्त मजबूत फैसले लेने वाली सरकार की। मोदी ने 19 अप्रैल को पूरी ताकत से भाजपा नीत राजग गठबंधन को विजयी बनाने के लिए मतदान की अपील करते हुए राजद पर जमकर प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लालटेन वाले आपको आधुनिक युग में नहीं जाने देंगे। इनका राज होता तो आपके मोबाइल की बैटरी भी चार्ज नहीं हो पाती। यह कहते थे कि हमलोग प्रगतिशील नहीं हैं। हमने दिखा दिया चंद्रयान में जाने की ताकत किसमें है। जब भी भाजपा आगे बढ़ती है, यह झूठ फैलाते हैं कि संविधान बदल देंगे। मोदी और भाजपा तो क्या, स्वयं बाबा भीमराव अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते हैं। झूठ फैलाना बंद करो। उन्होंने कहा कि इन्हें पता होना चाहिए यह जो संविधान सभा थी, डॉ. राजेंद्र बाबू उसका नेतृत्व करते थे। बाबा के दिल, दिमाग और कलम उसे शब्दों में डाल रहे थे। देश के गणमान्य लोग देश की भावनाओं और देश की परिस्थितियों को समझकर देश का संविधान बना रहे थे। जो लोग सनातन को गाली देते हैं, यह जो संविधान इतना महान बना है, यह जो संविधान हमें देश को आगे ले जाने की ताकत देता है, इस संविधान को बनाने के लिए जो संविधान सभा थी उसमें 80-90 प्रतिशत से भी ज्यादा सनातनी थे। उन सनातनियों ने इतना उत्तम संविधान बनाने में बाबा भीमराव अंबेडकर का साथ दिया। हमारे लिए हमारा संविधान 2047 का सपना पूरा करने का संकल्प है। बड़ी श्रद्धा के साथ बाबा भीमराव अंबेडकर को जो सम्मान हमने दिया है, वह किसी ने नहीं दिया है। मोदी ने भाजपा के चुनावी घोषणापत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पहली बार किसी पार्टी के 'संकल्प पत्र' को 'गारंटी कार्ड' कहा जा रहा है। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'जब मैंने संसद में संविधान दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा तो वह कांग्रेस नेता खड़गे ही थे जिन्होंने इस प्रस्ताव का विरोध किया था। यह चुनाव विकसित भारत, विकसित बिहार के उसी संकल्प का चुनाव है। गया की धरती पर दिख रहा प्रचंड जनसमर्थन मोदी सरकार के प्रति इस अपार जनसमर्थन का स्पष्ट संकेत दे रहा है। अगले पांच वर्षों के लिए मोदी के 'गारंटी कार्ड' को अपडेट किया गया है। गरीबों के लिए तीन करोड़ घर बनाए जाएंगे, गरीबों को मुफ्त राशन मिलेगा। लालू प्रसाद यादव का नाम लिए बगैर कहा जो लोग संविधान को राजनीतिक हथियार की तरह उपयोग करना चाहते हैं, वह जरा कान खोल कर सुन लें, पिछले तीन दशकों से आपने लोगों को डराए रखने के लिए, लोगों को भयभीत रखने के लिए, भांति-भांति की विकृत कथाएं प्रचलित की हैं। कभी यह लोग कहते थे कि आरएसएस-भाजपा आएगी तो देश जल जाएगा, बंट जाएगा। अटलजी के समय से हम सरकार चला रहे हैं, लेकिन देश को सबसे ज्यादा शांति का समय हमारे कालखंड में मिला है। यह लोग कभी कहा करते हैं आरएसएस-बीजेपी वाला आएगा उद्योगपतियों को देश छोड़ कर भागना पड़ेगा, लेकिन आज भी सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेकर आन-बान शान के साथ प्रगति कर रहे हैं।

# संसदीय चुनाव में सर्वाधिक मतदान को जिला प्रशासन कटिबद्ध : डीएम



**मधुबनी, (हि.स.)।** जिला के झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मंगलवार की सुबह मतदान प्रतिशत बढाने व आमजनों में वोट डालने की उत्साहपूर्ण माहौल बनाने को सोलोगन के साथ प्रभातफेरी निकाला गया। डीएम अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा संसदीय चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने व आमजनों को वोट डालने को प्रोत्साहित करने का निरन्तर प्रयास जारी है। जिला निर्वाचन कोषांग को डीएम ने मतदान फीसद बढाने को प्रचार प्रसार का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि सन्निकट संसदीय चुनाव में सर्वाधिक मतदान को जिला प्रशासन कटिबद्ध है। नगर परिषद व प्रखंड मुख्यालय झंझारपुर में मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी विद्यापति टावर से झंझारपुर चूड़ा मिल तक निकाली गई। उन्होंने कहा कि घोघरडीहा प्रखण्ड के अमही पंचायत स्थित मतदान केन्द्र संख्या-141 व 142 पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अनिता सिन्हा, महिला पर्यवेक्षिका के नेतृत्व में आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा मतदान मिशन सत्तर फीसदी के लक्ष्य को पूर्ण करने की चर्चा हुई। मतदान केन्द्र तक लोगों को पहुंचने व इस राष्ट्रीय पर्व में भाग लेने को प्रोत्साहित किया गया। डीपीआरओ परिमल कुमार ने बताया कि मतदाताओं में मतदान करने के लिए जोश-उत्साह भरने के उद्देश्य से रंगोली बनाकर व मेहंदी लगाकर लोगों में जागरूकता लाने का सफल प्रयास जारी है।

संपादकीय

# इजरायल-ईरान युद्ध

**कहावत** है कि पूरा विश्व ही एक कुटुम्ब जैसा है। यह दौर शांति, स्थिरता और सहयोग का है, लिहाजा युद्ध की गुंजाइश नगण्य है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध ने तमाम मान्यताओं को झुठला दिया है। बेशक विश्व-युद्ध न छिड़ा हो, लेकिन आसार हररोज वैसे ही बनते रहे हैं। जिस तरह दुनिया की ताकतें विभाजित रही हैं, उसके मद्देनजर यह विश्व-युद्ध का ही एक रूप है। यह युद्ध जारी है, लेकिन बीते 6 माह के दौरान इजरायल और हमास की हुकूमत वाली गाजा पट्टी में लगभग नरसंहार जारी रहा है। करीब 35,000 मासूम लोगों की हत्या कर दी गई। असंख्य घायलों के कुचले-मसले चेहरे बेहद पीड़ादायक हैं और हवाई हमलों ने जो विध्वंस किए हैं, न जाने उनका पुनर्निर्माण कब होगा? हालांकि सतही तौर पर युद्ध-विराम कराया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठकों में नरसंहार पर विराम लगाने के प्रस्ताव पारित किए गए हैं, लेकिन इजरायल अपनी बेलगाम आक्रामकता से बाज नहीं आता और संघर्ष-विराम पर वह अपनी मनमर्जी के फैसले लेता रहा है। चूंकि इजरायल-हमास युद्ध के दौरान ईरान, यमन, लेबनान, कतर आदि देश फलस्तीनियों के घोर समर्थक रहे थे, लिहाजा अब ऐसी नौबत आ गई है कि इजरायल और ईरान के दरमियान युद्ध जैसा तनाव उभर आया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान कभी भी इजरायल पर हमला बोल सकता है। यह तनाव इतना बढ़ गया है कि एक ही दिन में अमरीकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को तुर्किये, चीन, सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों से बातचीत करनी पड़ी। यह समझाने की कोशिश की जा रही है कि मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, तो वह किसी के हित में नहीं होगा। अमरीका ने ईरान को सचेत किया है कि वह हमला न करे। ईरान के साथ अमरीका का तनाव काफी पुराना है, जाहिर है कि ईरान अमरीका के परामर्श को भाव न दे। दरअसल सीरिया में ईरानी दूतावास पर हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया गया था। हालांकि इजरायल ने उन आरोपों को खारिज किया था। उस हमले में 'इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉप्र्स' के वरिष्ठ सदस्य मारे गए थे, लिहाजा ईरान पर दबाव रहा है कि वह अपने जांबाजों की मौत का बदला ले। यदि ईरान बदला लेता है, तो अरब दुनिया में एक नया युद्ध छिड़ जाएगा। यदि युद्ध का विस्तार होता है, तो भारत के 1.1 लाख करोड़ रुपए के कारोबार पर संकट छा सकता है। ईरान के साथ भारत का 20,800 करोड़ रुपए का कारोबार है। भारत चाय, कॉफी और चीनी ईरान को निर्यात करता है। ईरान से हमने पेट्रोलियम कोक, नट्स और एसाइक्लिक एल्कोहल समेत अन्य चीजों का करीब 5500 करोड़ रुपए का आयात किया। ईरान की चाबहार बंदरगाह और उससे लगे चाबहार स्पेशल इंडस्ट्रियल जोन में भी भारत साझेदार है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में इजरायल के साथ भारत ने करीब 89,000 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। इसमें से करीब 70,000 करोड़ रुपए का निर्यात शामिल था। कारोबार के अलावा, इजरायली सरकार ने घोषणा की थी कि मजदूरों की कमी से निपटने और निर्माण उद्योग की सहायता के लिए 6000 से अधिक भारतीय श्रमिक अप्रैल-मई में इजरायल आएंगे। युद्ध के आसार बनने के कारण भारत सरकार को परामर्श जारी करना पड़ा है कि भारतीय ईरान और इजरायल की यात्रा न करें। ईरान में करीब 4000 भारतीय रहते हैं और इजरायल में 18,500 के करीब प्रवासी भारतीय बसे हुए हैं। असमंजस के इन हालात में भारत सरकार क्या करेगी? युद्ध की आशंका के कारण कच्चा तेल 85 डॉलर से महंगा होकर 90 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। नीदरलैंड ने तेहरान में अपना दूतावास बंद कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ से लंदन जाने वाली उड़ानों का रूट बदल दिया है। भारत ने भी ईरान हवाई क्षेत्र से गुजरने वाली उड़ानों के रास्ते बदल दिए हैं। हालात युद्ध जैसे बन चुके हैं। हमास और हिजबुल्ला सरीखे निर्मम, खूंख्वार आतंकी संगठनों के पक्ष में ईरान की भूमिका को सराहा नहीं जा सकता। इजरायल और उसके पक्ष में अमरीका की जंगी तैयारियों की भी प्रशंसा नहीं की जा सकती। कारोबार और आपूर्तियां बाधित होंगी, तो यह नया युद्ध भी निंदनीय है।

बेशक विश्व-युद्ध न छिड़ा हो, लेकिन आसार हररोज वैसे ही बनते रहे हैं। जिस तरह दुनिया की ताकतें विभाजित रही हैं, उसके मद्देनजर यह विश्व-युद्ध का ही एक रूप है। यह युद्ध जारी है, लेकिन बीते 6 माह के दौरान इजरायल और हमास की हुकूमत वाली गाजा पट्टी में लगभग नरसंहार जारी रहा है। करीब 35,000 मासूम लोगों की हत्या कर दी गई। असंख्य घायलों के कुचले-मसले चेहरे बेहद पीड़ादायक हैं और हवाई हमलों ने जो विध्वंस किए हैं, न जाने उनका पुनर्निर्माण कब होगा? हालांकि सतही तौर पर युद्ध-विराम कराया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठकों में नरसंहार पर विराम लगाने के प्रस्ताव पारित किए गए हैं, लेकिन इजरायल अपनी बेलगाम आक्रामकता से बाज नहीं आता और संघर्ष-विराम पर वह अपनी मनमर्जी के फैसले लेता रहा है। चूंकि इजरायल-हमास युद्ध के दौरान ईरान, यमन, लेबनान, कतर आदि देश फलस्तीनियों के घोर समर्थक रहे थे, लिहाजा अब ऐसी नौबत आ गई है कि इजरायल और ईरान के दरमियान युद्ध जैसा तनाव उभर आया है।

### भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है

# मानव विकास में बेहतरी जरूरी

डा. जयंती लाल भंडारी

नि:संदेह भारत के मानव विकास सूचकांक में बढ़त का एक प्रमुख कारण भारत में गरीबी में कमी आना है। हाल ही में अमरीका के प्रसिद्ध थिंक टैंक द ब्रूकिंग्स इंस्ट्रीट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां वर्ष 2011-12 में भारत की 12 .2 फीसदी आबादी अत्यधिक गरीब थी, वहीं यह वर्ष 2022-23 में घटकर महज दो फीसदी ही रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन करने में सफलता मिल गई है। तेज विकास और असमानता में कमी के चलते भारत को यह कामयाबी मिली है।

**यकीनन** पिछले कई दशकों से मानव विकास के विभिन्न आयामों, गरीबी, जीवन स्तर और शिक्षा जैसे मुद्दों की चुनौतियों का सामना कर रहा भारत अब धीरे-धीरे इन चुनौतियों से पार पाते हुए आगे बढ़ रहा है। लेकिन अभी बेहतरी के लिए मीलों चलना बाकी है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी नई मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट में भारत अब 193 में से 134वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है। संयुक्त राष्ट्र ने भारतीय लोगों के मानव विकास सूचकांक में भारत की औसत बढ़त की सराहना की है। निःसंदेह भारत के मानव विकास सूचकांक में बढ़त का एक प्रमुख कारण भारत में गरीबी में कमी आना है। हाल ही में अमरीका के प्रसिद्ध थिंक टैंक द ब्रूकिंग्स इंस्ट्रीट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां वर्ष 2011-12 में भारत की 12.2 फीसदी आबादी अत्यधिक गरीब थी, वहीं यह वर्ष 2022-23 में घटकर महज दो फीसदी ही रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन करने में सफलता मिल गई है। तेज विकास और असमानता में कमी के चलते भारत को यह कामयाबी मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल आबादी में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों (प्रतिदिन 1.90 डालर से कम खर्च करने वाले) की संख्या 2011-12 की 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत आ गई है। गरीबों की संख्या में हर वर्ष 0.93 प्रतिशत की कमी के बराबर है। ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबों की संख्या घटकर 2.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में एक प्रतिशत रह गई है। कहा गया है कि भारत में गरीबों की संख्या में जो गिरावट बीते 11 वर्षों में हुई है, इससे पहले वह गिरावट 30 वर्षों में हुई थी। इसी तरह थिंक टैंक नीति आयोग ने कहा है कि भारत में सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों से बीते नौ वर्षों में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद मिली और भारत वर्ष 2030 तक बहुआयामी गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य में सफलता प्राप्त करने की पूरी संभावनाएं रखता है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन व जन-धन खाते की सुविधा आदि से लोगों को गरीबी से ऊपर लाने में खासी मदद मिली है।



खास तौर से गरीबों के सशक्तिकरण में करीब 51 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 134 करोड़ आधार कार्ड (ए) तथा करीब 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम) की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढांचे की असाधारण भूमिका रही है। इसी शक्ति के बल पर देश के गरीब लोगों के खातों में सीधे आर्थिक राहत हस्तांतरित हो रही है। इससे देश के करोड़ों गरीबों के मानव विकास सूचकांक में वृद्धि हुई है। इस समय चिंताजनक वैश्विक रोजगार परिदृश्य के बीच भारत में बढ़ती हुई तेज अर्थव्यवस्था के कारण रोजगार-स्वरोजगार के मौके बढ़ रहे हैं, उससे भी मानव विकास सूचकांक के बेहतर होने में लाभ मिला है। भारत में दुनिया के अन्य देशों की तुलना में वेतन वृद्धि और रोजगार मौके बढने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। खास तौर से डिजिटल इकोनॉमी के तहत ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, ट्रांजेक्शन, डेटा एनालिसिस, सायबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, हॉस्पिटेलिटी, डेटा साइंस, कंटेंट क्रिएशन, ब्लॉकचेन मेटावर्स, नेटवर्किंग, रिलेशनशिप बिल्डिंग, डिजिटल लिटरेसी, इमोशनल इंटेलिजेंस ग्रोथ और क्रिटिकल थिंकिंग से जुड़े रोजगार अवसर भी तेजी से बढ़े हैं। नई स्टार्टअप्स से युवाओं के लिए लाखों रोजगार बन रहे हैं। देश की नई प्रतिभाशाली पीढ़ी के बल पर देश स्टार्टअप और सॉफ्टवेयर से लेकर स्पेस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सामथ्र्यवान देश के रूप में उभर रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और देश में स्टार्टअप्स की संख्या अब 1.25 लाख के आसपास पहुंच रही है। 'इनमें बड़ी संख्या में स्टार्टअप टियर 2 और टियर 3 शहरों में हैं। सरकार की कवायदों से युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के लिए निजी क्षेत्र के साथ सरकारी क्षेत्र में भी नए रोजगार अवसर बढ़े हैं। सरकार के द्वारा रोजगार बढ़ाने के लिए लागू की गई विभिन्न योजनाओं पीएम ऋण योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मनरेगा आदि के तहत करोड़ों युवाओं की मुठ्ठियों में रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में आम आदमी के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी स्वास्थ योजनाएं स्वास्थ्य की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, आम आदमी बीमा योजना, वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना महत्वपूर्ण हैं। आम आदमी के स्वास्थ में सुधार से भी देश के मानव विकास सूचंकाक में वृद्धि हुई है। लेकिन अभी भी देश दुनिया के अनेक देशों की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बहुत पीछे है। ऐसे में हमें यह ध्यान रखना होगा कि जहां अर्थव्यवस्था समाज का अहम हिस्सा है, वहीं मानव विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सरकार के द्वारा सामाजिक अधोसंरचना पर उसी तरह निवेश किया जाना होगा, जिस तरह भौतिक अधोसंरचना पर खर्च किया जा रहा है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अभी देश में करोड़ों लोगों की गरीबी और स्वास्थ्य की चुनौतियां बड़े पैमाने पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की चिंताओं का सामना कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि 2017 में नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में 2025 तक स्वास्थ्य पर खर्च को सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत किया जाना निर्धारित किया गया था। फिर पंद्रहवें वित्त आयोग ने पहली बार स्वास्थ्य के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित की थी। इस कमेटी ने भी स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने की बात कही है। इस मामले में देश अभी भी पीछे है। अब देश में डिजिटल शिक्षा की जरूरत बढ़ गई है और इसकी अहमियत रोजगार में भी बढ़ गई है। ऐसे में देश की नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक करियर के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा, वहीं दूसरी ओर नई पीढ़ी के द्वारा करियर में आगे बढने और रोजगार में आने के बाद भी काम करते हुए लगातार बदलती हुई रोजगार की दुनिया के अनुरूप नए स्किल्स सीखने होंगे। अर्थव्यवस्था को अधिक दक्ष व योग्य श्रम बल की जरूरत है जिसके लिए शिक्षा पर जीडीपी का करीब छह फीसदी हिस्सा खर्च किया जाना जरूरी है।

दृष्टि कोण

# अफस्पा हटाने से पहले अमन की शमां जले

**आतंकवाद** मानवता के खिलाफ सबसे गंभीर मसला बन चुका है। भारत का हमसाया मुल्क पाकिस्तान वजूद में आते ही आतंक का मरकज बन गया था। नतीजतन जन्नत कही जाने वाली 'कश्यप ऋषि' की तपोभूमि कश्मीर को पाक प्रशिक्षित आतंकियों ने जिहाद के नाम पर तीन दशक पूर्व जहन्नुम में तब्दील कर दिया था। जब किसी सूबे में तस्सद्दुद व अस्थिरता का तनाजुर पैदा हो जाए, दहशतगर्दी जैसे गंभीर मसले से निपटने में प्रशासन व राज्य पुलिस बल विफल हो जाए, तो ऐसे सूरतेहाल में अशांत क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए वहां सक्रिय सशस्त्र बलों को 'आम्र्ड फोर्सेज स्पेशल पावर एक्ट' (अफस्पा) कानून विशेष शक्तियां प्रदान करता है। सन-1958 में वजूद में आया संसदीय अधिनियम अफस्पा सुरक्षा बलों को ऑपरेशन करने, तलाशी अभियान तथा किसी व्यक्ति को संदेह के आधार पर बिना वारंट के गिरफ्तार करने तथा कानून तोडऩे पर गोली चलाने का अधिकार देता है। हालांकि बर्तानिया बादशाही के दौर में अंग्रेज वायसराय 'लिनलिथगो' ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' को दबाने के लिए सैन्य बलों को 'सशस्त्र बल' अध्यादेश 1942 पारित करके शक्तियां प्रदान की थीं। उसी अध्यादेश की तर्ज पर 'अफस्पा अधिनियम 1958' अमल में लाया गया था। कुछ वर्षों से आतंक की जद में आ चुके जम्मू कश्मीर व पूर्वोत्तर तथा माओवाद व नक्सलवाद से जूझ रहे राज्यों में स्थानीय पुलिस बल आतंकियों से निपटने में असमर्थ रहे हैं। अतः देश की एकता-अखंडता को बरकरार रखने के लिए इन राज्यों में अफस्पा लागू करके सेना व अर्धसैन्य बलों की तैनाती करनी पड़ी है। पैंतीस वर्ष पूर्व पाक परस्त आंतकियों की कलाश्निकोव राइफलों की आवाज से समूचा कश्मीर थरथरा रहा था। कश्मीर में आतंकी एक विशेष समुदाय की हत्याएं कर रहे थे। आतंक के आगे बेबस कश्मीर के मूल निवासी अपनी पुश्तैनी जागीरें छोडक़र हिजरत को मजबूर हुए थे। जब घाटी में आतंक चरम पर था, उस वक्त जुलाई 1990 में जम्मू कश्मीर राज्य में अफस्पा कानून लागू हुआ था। हाल ही में देश के गृहमंत्री ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि चुनावों के बाद कश्मीर से अफस्पा हटाने पर विचार किया जाएगा, जबकि आतंकियों की हलाकत पर मातम मनाने वाली अलगाववादी ताकतें एक मुद्दत से अफस्पा हटाने का मुतालबा कर रही हैं। आजादी के बाद से ही जम्मू-कश्मीर राज्य पाक प्रायोजित छद्म



युद्ध का सामना कर रहा है। पाकिस्तान के साथ चार बड़े युद्धों में अदावत का मरकज कश्मीर ही था। हिमाचल प्रदेश के 'परमवीर चक्र' विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा व कैप्टन विक्रम बत्रा ने जम्मू कश्मीर की सरजमीं को महफूज रखने के लिए शहादत को गले लगाया था। शांतिकाल के सर्वोच्च पदक 'अशोक चक्र' से सरफराज हिमाचल के शूरवीर कै. संदीप सांकला व मेजर सुधीर वालिया ने कश्मीर के महाज पर ही अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। सूबेदार प्रेमचंद व सूबेदार संजीव कुमार वीरभूमि के दोनों 'कीर्ति चक्र' विजेता कश्मीर में आतंक के खिलाफ लड़ते हुए बलिदान हुए थे। भावार्थ यह है कि कश्मीर की सुरक्षा में देश के हजारों सैनिक फिदा-ए-वतन हो चुके हैं। यदि अफस्पा लागू होने से मानवाधिकारों का हनन होता है तो मादर-ए-वतन के लिए शहादत का जाम पीने वाले सैनिकों व उनके परिवारों के मौलिक अधिकारों का जिम्मेवार कौन है? देश में आतंकी हमले हों या प्राकृतिक आपदाएं, भारतीय सेना अपने नागरिकों की सुरक्षा में हमेशा मुस्तैद है। अफस्पा के मुद्दे पर मुल्क की सियासी हरारत एक मुद्दत से बढ़ती रही है। सामरिक विषयों में अनुभवहीन लोग अफस्पा की मुखालफत में अक्सर आवाज बुलंद करते हैं। मणिपुर राज्य की मानवाधिकार कार्यकर्ता 'इरोम शर्मिला' ने अफस्पा के विरोध में अपना अनशन लगभग सोलह वर्ष बाद सन-2015 में तोड़ा था। सन-2012 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी अफस्पा का विरोध किया था। देश के कई पूर्व न्यायाधीश भी अफस्पा हटाने की वकालत करते आए हैं। लेकिन सन-1990 के दशक में आतंक के कारण घाटी से पलायन करने वाले पंडितों की सुरक्षा के लिए उस खौफनाक मंजर में कोई सियासी रहनुमां, स्थानीय पुलिस बल, अदालतें, कानून, मानवधिकार आयोग व संयुक्त राष्ट्र संघ तथा देश की अलगाववादी ताकतों से हमदर्दी का इजहार करने वाली संस्थाएं नजर नहीं आई थी।

कुछ अलग

# मकान खरीदना है तो करें इंतजार

**अगर** आप मकान खरीदने की सोच रहे हैं तो कुछ दिन और इंतजार कीजिए। सस्ते ब्याज पर कर्ज मिलने की उम्मीद है। जिस तरह की स्थितियां बन रही हैं, उसमें उम्मीद है कि आरबीआई जून या फिर अगस्त में दरों में जरूर कटौती करेगा। सस्ते कर्ज और ब्याज दरों का गणित बताती अजीत सिंह की रिपोर्ट- आरबीआई ने अप्रैल में द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति की बैठक में सातवीं बार रेपो दर को जस का तस रखा है। हालांकि, जून या अगस्त की बैठक में दरों में कटौती की उम्मीद है। कारण...मार्च में खुदरा महंगाई पांच फीसदी से नीचे आ गई। खुद आरबीआई गवर्नर मान रहे हैं कि महंगाई घट रही है। साथ ही, वैश्विक स्तर पर भी केंद्रीय बैंक दरों में कटौती की योजना बना रहे हैं। 4 जून को चुनाव के नतीजे आएंगे और 5-7 जून तक आरबीआई की बैठक होनी है। ऐसे में सारे संकेत दरों को कटौती का इशारा कर रहे हैं। कोरोना के बाद ब्याज दर में कटौती और फिर महंगाई को रोकने के लिए लगातार बढ़ोतरी ने रेपो दर को कई साल के ऊपरी स्तर 6.5 फीसदी पर ला दिया है। फिर भी होम लोन की ब्याज दरें दो अंकों से कम में ही हैं। आंकड़े बताते हैं कि 75 लाख के होम लोन पर एसबीआई इस समय 8.50 से 9.85 फीसदी ब्याज ले रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा 8.40 फीसदी से 10.65 फीसदी, यूनियन बैंक 8.35 से 10.90 फीसदी और पंजाब नेशनल बैंक 8.40 से 10.15 फीसदी पर कर्ज दे रहा है। बैंक ऑफ इंडिया की दर 8.40 से 10.85 फीसदी और कैनरा की 8.45 से 10.25 फीसदी है। पिछले दो वर्षों में मकानों के दाम तेजी से बढ़े हैं। खासकर देश के सात प्रमुख शहरों में कीमतें 30 फीसदी तक बढ़ गई हैं। इसके बावजूद बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि, मकानों की तुलना में आप दुकान या ऑफिस जैसी वाणिज्यिक संपत्तियां खरीदकर उन्हें किराये पर दे सकते हैं। मकानों की तुलना में वाणिज्यिक संपत्तियां आपको ज्यादा रिटर्न दे सकती हैं। अगर आप 50 लाख रुपये से ज्यादा के मकान खरीद रहे हैं तो बेचने वाले का पैन कार्ड चेक करें। इस तरह की संपत्तियां खरीदने वाले को एक फीसदी टीडीएस काटना होता है। यह टीडीएस आयकर विभाग के पास जमा करना होता है। हालांकि, आपने बेचने वाले का पैन कार्ड नहीं लिया या उसका पैनकार्ड इनऑपरेटिव है तो फिर आपको 20 फीसदी टैक्स काटना होगा। टैक्स नहीं काटने पर यह रकम आपको भरनी होगी। इसलिए, कभी भी इस तरह की स्थितियों में बयाना रकम देने से पहले पैन जरूर चेक करें। आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों से अच्छी कमाई कर सकते हैं। बशर्ते निवेश की रकम छोटी हो और उचित स्थान पर निवेशित हो, ताकि आपात स्थिति में प्रॉपर्टी को बेचने में मुश्किल न हो।



देश दुनीया से

# कमाई से ज्यादा जरूरी है खर्च का हिसाब-किताब, खत्म हो रही बजट बनाने की अवधारणा

हकीकत में यह ठीक उल्टा है। आप जितना कमाते हैं, उससे कम घर ले आते हैं। यह आपको तब पता चलेगा, जब आप अपने बैंक खाते, खर्च और अन्य का हिसाब-किताब करेंगे। कुछ हफ्ते पहले मुझे एक स्टार्टअप में 15 युवाओं से बातचीत का मौका मिला। 20 साल की उम्र में उनमें कुछ ऐसा आत्मविश्वास था, जो उनकी उम्र में मुझमें नहीं था। यह उनकी मानव संसाधन टीम की ओर से आयोजित एक सत्र था, जिसमें महसूस किया गया कि कर्मचारियों को बचत और निवेश के तरीकों के बारे में समझना चाहिए। लड़कियों में से एक ने खुलकर बात की और बताया कि महीने के अंत तक उसके पास निवेश के जितने पैसे नहीं बचेंगे। उसके माता-पिता उसे अक्सर याद दिलाते रहते थे कि उसने ठीक से बचत नहीं की है। वह प्रति माह लगभग एक लाख रुपये कमाती थी। बाकी लोगों का भी यही हाल था।

**आजकल** के युवा अक्सर सोचते हैं कि हम जितना वेतन घर ले जाते हैं, उससे कहीं अधिक कमाते हैं। हकीकत में यह ठीक उल्टा है। आप जितना कमाते हैं, उससे कम घर ले आते हैं। यह आपको तब पता चलेगा, जब आप अपने बैंक खाते, खर्च और अन्य का हिसाब-किताब करेंगे। कुछ हफ्ते पहले मुझे एक स्टार्टअप में 15 युवाओं से बातचीत का मौका मिला। 20 साल की उम्र में उनमें कुछ ऐसा आत्मविश्वास था, जो उनकी उम्र में मुझमें नहीं था। यह उनकी मानव संसाधन टीम की ओर से आयोजित एक सत्र था, जिसमें महसूस किया गया कि कर्मचारियों को बचत और निवेश के तरीकों के बारे में समझना चाहिए। लड़कियों में से एक ने खुलकर बात की और बताया कि महीने के अंत तक उसके पास निवेश के जितने पैसे नहीं बचेंगे। उसके माता-पिता उसे अक्सर याद दिलाते रहते थे कि उसने ठीक से बचत नहीं की है। वह प्रति माह लगभग एक लाख रुपये कमाती थी। बाकी लोगों का भी यही हाल था। जब उनके खर्चों के बारे में मैने पता किया तो उन्होंने वास्तव में कभी अपने खर्चों पर नजर नहीं रखी है। मैंने उनसे पूछा कि क्या उनके फोन में उबर, स्विगी, अमेजन आदि जैसे एप हैं? उन सभी ने हां में सर हिलाया और फिर दर्जनों ऐप दिखाए जिनसे वे खाने, कपड़े, कैब और न जाने क्या-क्या ऑर्डर करते थे। फिर मैंने उस लड़की से पूछा कि क्या उसने कभी अपने बैंकिंग एप के माध्यम से अपना बैंक विवरण चेक किया है। उसका जवाब था...नहीं। एक समय था जब लोग मासिक खर्चों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं का प्रबंधन करने के लिए बजट बनाते थे। अब यह अवधारणा खत्म हो रही है। ईंधन की कीमतें कुछ हफ्तों में बदल रही हैं। घर पर बिजली की खपत इस बात पर निर्भर कर रही है कि आपने कितने दिन घर पर बिताए या काम पर गए। अब बजट बनाकर वित्तीय जीवन जीना कठिन है। फिर भी बचत और खर्चों की जांच जरूरी है। यदि कोई मासिक सैलरी पाने वाला अपने माता-पिता के साथ रहता है तो उसे कुल आय का 25-35 फीसदी निवेश के लिए बचाना चाहिए। यदि वे अकेले रह रहे हैं तो लगभग 15-25% बचाएं। भोजन, किराया, किराने के सामान और ऐसी ही अन्य चीजों पर खर्च आपकी आय के 45-50 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए। 20-25% की बचत करनी चाहिए। कमाई का 35-40 फीसदी हिस्सा कर देनदारी चुकाने और गैजेट जैसी वस्तुओं पर खर्च कर सकते हैं। वेतनभोगी अक्सर यही सोचते हैं कि वे बताई गई आय के जितना ही कमाते हैं। यह सच नहीं है, क्योंकि अगर कॉस्ट-टू-कंपनी (सीटीसी) 12 लाख रुपये सालाना यानी प्रति माह एक लाख रुपये है तो वास्तव में आपकी सैलरी मासिक 70,000 और 80,000 रुपये के बीच होती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कंपनी इसमें से टैक्स काटने के साथ पीएफ में निवेश करती है। अगर हम वेतन की गणना करें तो आपके अनुमानित वेतन का कुल ढाई से 3 महीने का वेतन आपके पास नहीं आता है। सैलरी पाने वाले लोग अमूमन सालाना सैलरी का 3 महीने की सैलरी टैक्स और दूसरे योगदान में देते हैं। इसके विपरीत, एक बिजनेसमैन खर्चों के बाद कुल आय पर टैक्स चुकाता है, जबकि एक वेतनभोगी को पहले ही टैक्स काट कर पैसा मिलता है। फिर वे हर चीज पर जीएसटी भी देते हैं। जब मैं उनको यह समझाने में कामयाब रहा कि उनके हाथ में जितनी वास्तविक सैलरी आ रही है, वे उससे कहीं ज्यादा खर्च कर रहे हैं तो उनमें से कुछ ने तो एचआर पर भड़ास निकालनी शुरू कर दी। हालांकि, ये सभी डिटेल्स उनकी सैलरी स्लिप में होती है। कई लोग जांच करने की जहमत नहीं उठाते हैं। कुछ लोगों ने अगर जांच भी की तो उन्होंने यह समझने का प्रयास नहीं किया कि उन्हें क्या मिला और बाकी कहां गया। करियर के कुछ शुरुआती साल वित्तीय स्वतंत्रता का अनुभव करने के लिए अच्छे हैं, लेकिन ये ऐसे वर्ष भी हैं जो बचत और निवेश की नींव बनाने में मदद करेंगे। जितनी जल्दी बचत और निवेश शुरू करेंगे, उतनी ही अच्छी संभावना है कि आसानी से वित्तीय जिम्मेदारियों का सामना करने में सक्षम हो सकेंगे।



आप का नजरीया

# हिमाचल के समीप केजरीवाल

**देश** की राजनीति में अपराजेय चेहरों के बीच द्वंद्व अब नए हालात पैदा कर रहा है। विचारधाराओं से ऊपर नेताओं की ब्रांडिंग का ही असर है कि क्षेत्रीय क्षत्रप भी दीवारों के पीछे अपने-अपने दुर्गों की रक्षा कर रहे हैं। जहां राष्ट्रीय राजनीति विपक्ष के सीमा क्षेत्र में क्षेत्रीय क्षत्रपों की भूमिका को इंगित कर रही है, वहीं पिछला एक दशक भाजपा से कहीं आगे मोदी मैजिक का कमाल दिखाता रहा है, लेकिन इसी बीच आम आदमी पार्टी का उदय और अरविंद केजरीवाल की प्रमाणिकता ने राजनीति के एक नई शैली विकसित कर दी है। जनता तक सीधे लाभ और समाज के निम्न वर्ग में सार्वजनिक संसाधनों का बंटवारा, उन्हें चुनाव का जादूगर बना देता है। विपक्ष में केजरीवाल सियासत का एक मापदंड है और इसलिए मोदी बनाम केजरीवाल मुकाबले का एक फलक है। दिल्ली के बाद पंजाब और गुजरात में केजरीवाल ने अपनी उपस्थिति का एक फैक्टर बनाया, तो यही मूल्यांकन अब क्षेत्रीय शक्तियों को मोदी के करिश्मे के सामने खड़ा कर सकता है। इसी परिप्रेक्ष्य में हिमाचल की बागडोर संभाले सुखविंदर सिंह सुक्खू का भी गाहे बगाहे दो तरह से मुकाबला हो रहा है। पहला यही है कि वह अपनी कार्य पद्धति में केजरीवाल के नजदीक खड़े हो रहे हैं, दूसरे यह कि लोकसभा तथा उपचुनावों में वह मोदी के सामने अपना फैक्टर कितना उबार पाते हैं। कहना न होगा कि सियासत की अपनी समझ व पकड़ में सुक्खू दिल्ली के मुख्यमंत्री की तरह प्रभुत्व में रहना जानते हैं। वह पार्टी की ओर से हिमाचल में राजनीतिक दौलत के रूप में स्वीकार्य हैं और इसीलिए राज्य में अपनी इच्छानुसार फैसले लेने के लिए स्वतंत्र दिखाई पड़ते हैं। बतौर मुख्यमंत्री सुक्खू का हस्तक्षेप पार्टी मामलों में भी निर्बाध और ताकतवर है, यह वर्तमान राजनीतिक संकट में भी साबित हो चुका है कि कांग्रेस के कर्णधार अब वह ही माने जा चुके हैं। कांग्रेस ने हिमाचल में सुक्खू को केवल मुख्यमंत्री नहीं बनाया, बल्कि वीरभद्र सिंह का युग पूरी तरह बदला है। सियासत के हर मोर्चे पर कांग्रेस आलाकमान ने हिमाचल के सारे मायने, पसंद और प्राथमिकताएं सुखविंदर सिंह सुक्खू से जोड़ी हैं और यह संगठन से सरकार के हर ओहदेदार को बाखूबी समझा दिया गया है। सुक्खू के उद्भव में केजरीवाल सरीखे संदर्भ और संघर्ष रहे हैं, जिनकी छवि के तहत इन दोनों नेताओं का साम्राज्य दिखाई दे रहा है, फिर भी हिमाचल के संदर्भ में मुख्यमंत्री के लिए लोकसभा व छह उपचुनाव टर्निंग प्वाइंट होंगे। अगर इस बाधा को सुक्खू पचास फीसदी भी पार कर लेते हैं, तो कांग्रेस में उनका कद केजरीवाल से तुलना करेगा। हालांकि कुछ हद तक वर्तमान मुख्यमंत्री ने अपनी शासन प्रणाली में ताजगी व अभिनव प्रयोग करते हुए ऐसे संकेत दिए हैं कि उन्हें मौका मिले तो हिमाचल के सियासी व आर्थिक आधार को बदलेंगे। व्यवस्था परिवर्तन के नारे पर उनकी कार्यप्रणाली का मूल्यांकन यह घोषित जरूर करता है कि इस बंदे में जिद्द तो है। यह दीगर है कि जिद्द का सत्ता में उपयोग दोधारी तलवार है। सरकार को चलाने में उन्होंने अपनी काबिलीयत को परिमार्जित किया है, लेकिन राजनीति को चमकाने में अभी परीक्षा बाकी है। सुखविंदर सुक्खू ने अब तक जो हासिल किया है, उसके बदौलत वह भी सीधे मोदी के चमत्कार से भिड़ते हुए नजर आ रहे हैं।



# भारतीय छात्रों की मौत पर बोले शिक्षाविद्, सतर्क रहने की जरूरत, अब तक नहीं मिला कोई पैटर्न

**वॉशिंगटन।**

भारतीय मूल के छात्रों और भारत के लगभग 11 विद्यार्थियों की मौत की खबर के बाद उनके अभिभावक के माथे पर चिंता की रेखाएं खिंची हुई हैं। हाल ही में एक भारतीय-अमेरिकी शिक्षाविद् ने अभिभावकों की चिंता शांत करते हुए कहा कि अमेरिका भारत के विद्यार्थियों को अच्छा वातावरण दे रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक हुई घटनाएं चिंताजनक हैं लेकिन इन मौतों का कोई विशेष पैटर्न नहीं है।

वर्जीनिया में जार्ज मेसन यूनिविर्सिटी में स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग के डिवीजनल डीन गुरदीप सिंह ने इस बात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बेहद दुखद है कि इन घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। एक माता-पिता के तौर पर चिंतित होना वाजिब है। लेकिन इन घटनाओं का अब तक कोई भी एक साथ पैटर्न नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि चिंता की बात तब होती जब ये घटनाएं किसी विशेष विश्वविद्यालय में लगातार होती। वे बताते हैं कि भारतीय राजनयिक मिशनों ने सक्रिय होकर भारतीय विद्यार्थियों से मिलना शुरू कर दिया है। छात्र संघों से बातचीत शुरू भी कर दी है। हर किसी को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**संवेदनशील इलाकों पर सतर्क रहना आवश्यक** - गुरदीप सिंह ने कहा कि उन इलाकों पर सतर्क रहने की आवश्यक है। हर शहर में कुछ ऐसे संवेदनशील इलाके होते हैं जहां अपराध दर अन्य इलाकों की तुलना में अधिक होते हैं। अमेरिका में अधिकांश परिसर विश्वविद्यालय है, जो कि सुरक्षित भी है।

**तीन गुना बढ़ी है अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या** - इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एजुकेशन की ओपन डोर्स रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या सत्र 2014-2015 में 1,32,888 थी। यह संख्या वर्ष 2024 में बढ़कर 3,53,803 हो गई है। जो कि लगभग तीन गुना बढ़ी है।

**11 मौत के कारणों की जांच की मांग** - गैर-लाभकारी संस्था हिंदूएक्शन के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती ने इस साल 11 भारतीय छात्रों की मौत पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में, हमारे पास पहले ही 11 मामले आ चुके हैं। वे कहते हैं कि एफबीआई का ध्यान इस ओर जाना चाहिए। वे जांच करें कि क्या कारण है इन मौतों के बीच आपस में कोई संबंध तो नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एक समुदाय के रूप में हम वास्तव में चिंतित हैं। इन मौतों की अधिक विस्तृत जांच की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि अमेरिकी हिंदू होने के नाते हम उम्मीद करते हैं कि कोई पैटर्न सामने न आए।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका ने ड्रैगन पर लगाया बड़ा आरोप, कहा- छिपकर यूक्रेनी लोगों के खिलाफ रूस की मदद कर रहा चीन



**वॉशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। इस जंग के थमने का आसार दूर-दूर तक नहीं दिख रहा है। इस बीच अमेरिका ने चीन पर आरोप लगाया है कि वह अपने शब्दों के उलट जाकर रूस की मदद कर रहा है। चीन हमेशा ही दावा करता है कि यूक्रेन-रूस युद्ध पर वह हमेशा निष्पक्ष रहा है। हालांकि, इन सबके बावजूद बीजिंग यूक्रेनी लोगों के खिलाफ मॉस्को की मदद कर रहा है। सबूतों के सामने चीन के दावे हास्यास्पद चीन जितनी तेजी से रूस की मदद कर रहा है, उतने ही तत्परता से बयानबाजी भी कर रहा। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने पिछले साल दावा किया था कि सेना से जुड़ी चीजों के निर्यात के लिए, चीन ने हमेशा एक विवेकपूर्ण और जिम्मेदार रवैया अपनाया है। हालांकि, इस तरह के बयान सबूतों के सामने हास्यास्पद हैं, जो कुछ और ही बयां करते हैं। मध्य पूर्व में संकट बढ़ता दिख रहा है। ईरान ने इजराइल पर हमला कर दिया, जिससे दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के संकेतों के बीच कुछ सलाह दे रहे हैं कि चीन को वहां भी मध्यस्थता करने में मदद करनी चाहिए। दुनिया इस भ्रम में रहना कब बंद करेगी वाशिंगटन डीसी स्थित इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीट्यूट में काउंटरिंग फॉरेन ऑथोरिटेरियन इन्फ्लुएंस के वरिष्ठ सलाहकार जे माइकल कोल ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से चीन ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के साथ काम नहीं किया है। यहां तक कि उसने उत्तर कोरिया का साथ भी नहीं दिया। दुनिया इस भ्रम में रहना कब बंद करेगी कि बीजिंग शांति के लिए भागीदार होगा चीन गुप्त रूप से धीरे-धीरे समर्थन बढ़ा रहा वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने खुफिया जानकारी का खुलासा करते हुए दावा किया कि चीन रूस की सेना को फिर से खड़े होने में मदद कर रहा है। व्लादिमीर पुतिन द्वारा कीव पर हमले किए जाने के बाद चीन गुप्त रूप से धीरे-धीरे समर्थन बढ़ा रहा है। यह रूस के रक्षा औद्योगिक आधार के पुनर्निर्माण से कमियों को दूर करने में मदद कर रहा है। दरअसल, इस बात की चिंता है कि शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से रूस अब अपने सबसे बड़े सैन्य-औद्योगिक विस्तार को प्राप्त कर रहा है। उदाहरण के लिए, अमेरिकी यूरोपीय कमान के कमांडर जनरल क्रिस कैवोली ने हाल ही में गवाही दी थी कि रूस अपनी सेना को आसानी से फिर खड़ा करने में काफी हद तक सफल रहा। वास्तव में इसकी क्षमता काफी हद तक वापस बढ़ी है। बाइडन ने की थी शी जिनपिंग से बात राष्ट्रपति जो बाइडन ने दो अप्रैल को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ फोन पर बात की थी और इस मुद्दे को उठाया था। इस दौरान बाइडन ने रूस के रक्षा औद्योगिक आधार के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के समर्थन पर चिंता जताई थी। रूस की ताकत बढ़ाने में चीन का हाथ अमेरिकी सरकार के अधिकारियों ने अब एक बार फिर आरोप लगाया है कि रूस के रक्षा उद्योग में बढ़ोत्तरी होने पर चीन काफी हद तक जिम्मेदार है। एक उदाहरण के रूप में, जो संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप मिलकर कर सकते हैं, वो अब मॉस्को अकेला कर सकता है। रूस अब तीन गुना तोपखाने गोला-बारूद का उत्पादन करने में सक्षम है ड्रोन बनाने के लिए काम कर रहे पिछले हफ्ते, अमेरिकी अधिकारियों ने ऐसा ही कुछ खुलासा किया था जिससे साफ था कि चीन समर्थन दे रहा है। उदाहरण के लिए, चीनी और रूसी समूह रूस के अंदर संयुक्त रूप से ड्रोन बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

### ट्रंप के समर्थन ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस, बोलीं ट्रंप ईरान और चीन के प्रति थे आक्रामक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति पर इन दिनों आपराधिक मुकदमा चल रहा है। ऐसे में ब्रिटेन की



पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जब डोनाल्ड ट्रंप थे, तब दुनिया ज्यादा सुरक्षित थी। डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में अब ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री ने बयान देते हुए कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में दुनिया अधिक सुरक्षित थी। उन्होंने कहा कि मैं ये नहीं कह रही कि उनकी हर बात से मैं सहमत हूं, लेकिन उनका रवैया चीन और ईरान के प्रति आक्रामक था। उनके समर्थन में देश और दुनिया ज्यादा सुरक्षित थी। ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री ने डोनाल्ड ट्रंप का चुनाव के लिए समर्थन किया। उन्होंने यूक्रेन के समर्थन करने के डोनाल्ड ट्रंप के फैसले की सराहना भी की। वे बोलीं कि ट्रंप को व्हाइट हाउस में होना चाहिए। आक्रामक शासन को रोकने के लिए ट्रंप जरूरी ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने कहा कि आक्रामक शासन के विस्तार को रोकने में ट्रंप अधिक प्रभावी थे। मुझे लगता है कि अगर वह 2020 में दोबारा चुने जाते तो हम एक अलग स्थिति में होते। डोनाल्ड ट्रंप पर चार आपराधिक मुकदमें 77 वर्षीय डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं, जिन पर आपराधिक मुकदमा चलाया जा रहा है।

# ईरान के हमले के दौरान सऊदी-जॉर्डन ने की इजराइल की मदद, यूएस ने किया सबसे ज्यादा मिसाइलें को गिराने का दावा

**तेल अवीव।**

ईरान ने पिछले हफ्ते इजराइल पर सैकड़ों मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। इजराइल इन मिसाइलों को रोकने में कामयाब रहा, लेकिन अब इसे लेकर एक बड़ा खुलासा किया गया है। दरअसल, 13 अप्रैल को ईरान की तरफ से पहली बार इजराइल पर मिसाइल हमला किया गया था, लेकिन बताया जा रहा कि ईरान के मिसाइलों को रोकने में पड़ोसी देश सऊदी अरब और जॉर्डन ने भी अहम भूमिका निभाई थी। पिछले साल से जारी इजराइल-हमास युद्ध को लेकर दोनों देशों ने इजराइल की आलोचना की थी। अरब देश ने इजराइल को इसके लिए गंभीर परिणाम भुगतने की भी चेतावनी दी थी, लेकिन ईरान के मिसाइल हमलों को रोकने के लिए सऊदी अरब और जॉर्डन सामने आए। सऊदी शाही परिवार ने बताया कि देश के पास ऐसी प्रणाली है जो संदिग्ध मिसाइलों को स्वचालित रूप से रोकती है। इजराइल ने दावा किया कि उसने 99 फीसदी मिसाइलों को मार गिराया था।

**सऊदी अरब और जॉर्डन ने की मदद** - ईरान से इजराइल की दूरी 1,000 किमी है और मिसाइल एवं ड्रोन को इजराइल पहुंचने के लिए सऊदी अरब और जॉर्डन से होकर जाना पड़ता है। जॉर्डन, जिसने गाजा में हमलों को लेकर लगातार इजराइल की आलोचना की, ने बताया कि इजराइल की तरफ ईरान ने जो मिसाइलें दागीं, उसे जॉर्डन ने मार गिराया था। जॉर्डन ने बताया कि उन्होंने इजराइल और अमेरिका के लड़ाकू विमानों के लिए अपने हवाईक्षेत्र खोल दिए थे। जॉर्डन के एक पूर्व मंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता देश और लोगों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, जॉर्डन ने जो किया वह केवल अपने हवाईक्षेत्र को बचाने के लिए किया था। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ईरान ने कई अरब देशों को हमले की जानकारी दी थी। अधिकारी ने कहा, अरब देशों ने तेहरान के हमले की योजना के बारे में खुफिया जानकारी दी। उन्होंने अपने हवाई क्षेत्र खोल दिए और अपने सुरक्षा बलों को मदद के लिए भेजा।

**ज्यादातर मिसाइलों को अमेरिका ने मार गिराया: अमेरिकी सेना का दावा** - सऊदी अरब और जॉर्डन के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने भी ईरान के मिसाइलों को मार गिराने में इजराइल की मदद की। अमेरिकी सेना ने दावा किया कि ईरान के ज्यादातर




मिसाइलों को उन्होंने मार गिराया। बता दें कि ईरान ने शुक्रवार को इजराइल पर करीबन 300 मिसाइलें दागीं। इसपर अमेरिकी सेना ने बताया कि उन्होंने 80 एकतरफा हमला रहित हवाई वाहनों के साथ छह बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया। इजराइली सुरक्षा बलों ने बताया कि उन्होंने 25 क्रूज मिसाइलों को इजराइल के बाहर ही रोक दिया था। बताया जा रहा है कि ईरान के अलावा यमन की तरफ से भी मिसाइल दागी गईं थी।

### ईरान-इजराइल संकट को देखते हुए फिलहाल भारत नहीं आएंगे अमेरिकी एनएसए सुलिवन, नई तारीखों का एलान जल्द करेंगे

**तेल अवीव।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन अगले सप्ताह अब भारत नहीं आएंगे। उन्होंने ईरान-इजराइल संकट को देखते हुए अपनी यात्रा स्थगित कर दी है। बहुआयामी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध अमेरिका दूतावास के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि एनएसए सुलिवन आईसीईटी वार्षिक समीक्षा जल्द से जल्द आयोजित करने के लिए तत्पर हैं। इसके अलावा, वह भारत के साथ गहरी परिणामी और बहुआयामी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध हैं। भारतीय-अमेरिकी लोगों के हित में काम करना रहेगा जारी प्रवक्ता ने आगे कहा कि इसी तरह राष्ट्रपति बाइडन भी क्वाड नेताओं की अगली बैठक का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय-अमेरिकी लोगों के हित में काम करने के लिए भारत के साथ हमारे प्रयास जारी रहेंगे। साथ ही एक स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए काम करना जारी रखेंगे। पहले भी स्थगित कर चुके हैं यात्रा इससे पहले बताया जा रहा था जैक सुलिवन 17 अप्रैल को दिल्ली पहुंचेंगे और 18 अप्रैल को उनकी बैठक होगी। हालांकि अब उनकी यात्रा स्थगित कर दी गई है। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार है। सुलिवन पहले इस साल फरवरी में भारत आने वाले थे, लेकिन यक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में उभरे संकट की वजह से वह दौरा स्थगित हो गया था। मई 2022 में पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच आईसीईटी समझौता हुआ था, जिसके तहत दोनों देश उभरती हुई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग करेंगे। अमेरिका और भारत के बीच मजबूत संबंध बनाने पर सबसे अधिक गर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से पूछा गया था कि अमेरिका पूर्वी एशिया में संधि सहयोगियों के साथ मजबूत होती सैन्य, रक्षा और सुरक्षा साझेदारी के संदर्भ में भारत के बारे में क्या सोच रहा है।

# बेनजीर की बेटी ने ली नेशनल असेंबली के सदस्य के तौर पर शपथ; पिता ने दी बधाई, भाई ने बताया ऐतिहासिक पल



**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की बेटी आसिफा भुट्टो जरदारी ने नेशनल असेंबली के सदस्य के तौर पर शपथ ली। राजनीति के मैदान में नई पारी शुरू करने वाली आसिफा जरदारी को 29 मार्च को एनए 207 शहीद बेनजीराबाद से निर्विरोध चुना गया था। बता दें कि उनके पिता आसिफ अली जरदारी के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही यह सीट खाली थी। अपने भाई के साथ नेशनल असेंबली पहुंचीं आसिफा आसिफा अपने भाई और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो के साथ दिन में नेशनल असेंबली पहुंची। नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से जुड़े एमएनए वहां नारेबाजी कर रहे थे और बाद में ट्रेजरी सांसदों ने वॉकआउट कर लिया। पीटीआई का प्रदर्शन सकरंद पुलिस द्वारा उनके एनए 207 उम्मीदवार गुलाम मुस्तफा रिंड की गिरफ्तारी को लेकर था। पार्टी ने बताया कि रिंड उनके प्रतिनिधि थे, जो उपचुनाव में आसिफा के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले थे। राष्ट्रपति जरदारी ने अपनी बेटी को दी बधाई राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए आसिफा को नई पारी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी आसिफा भुट्टो जरदारी को नेशनल असेंबली के सदस्य के तौर शपथ लेने की बधाई देते हैं। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने भी आसिफा अली जरदारी की शपथ ग्रहन की तस्वीरें शेयर की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, नेशनल असेंबली के नए सदस्य के तौर पर आसिफा भुट्टो जरदारी ने शपथ ली। स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने शपथ दिलाई। इस दौरान पीपीपी ने इसे ऐतिहासिक पल बताया। आसिफा की बहन बख्तावर जरदारी ने भी इस पल का जश्न मनाया। पीपीपी के केंद्रीय सूचना सचिव फैजल करीम कुंडी ने भी आसिफा की शपथ को पाकिस्तान के इतिहास का ऐतिहासिक दिन बताया। बता दें कि आसिफा भुट्टो जरदारी ने पाकिस्तान की राजनीति में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने संघर, बेनजीराबाद और नौशहरो फिरोज जिलों में अपने भाई और पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के लिए चुनाव अभियान चलाया था।

# बाल्टीमोर ब्रिज हादसे मामले में चौथा शव बरामद, पिछले महीने मालवाहक जहाज ने मारी थी टक्कर; एफबीआई कर रही जांच

**मेरीलैंड।**



अमेरिका में मेरीलैंड के बाल्टीमोर में पिछले महीने डाली नाम का मालवाहक जहाज पुल से टकरा गया था। इस हादसे में पुल पूरी तरह से ढह गया था। अधिकारियों ने बताया कि पुल ढहने से मारे गए चौथे व्यक्ति का शव उन्हें मिल गया है। ब्रिज रिस्पॉन्स यूनिफाइड कमांड ने खुलासा किया कि बचाव दलों ने रविवार को घटनास्थल से एक शव बरामद किया।

### बाल्टीमोर पुल हादसे में चौथा शव बरामद

परिवार के अनुरोध के बाद अधिकारियों ने मृतक के नाम का खुलासा नहीं किया। मेरीलैंड राज्य पुलिस विभाग के अधीक्षक, कर्नल रोलैंड एल. बटलर जूनियर ने कहा, हम मृतकों के लिए शोक जताते हैं। हम लोगों को ढूंढने का अभियान जारी रखेंगे, क्योंकि हम मानते हैं कि खोए हुए लोग किसी न किसी के परिवार होंगे।

एक बयान में बताया गया कि मेरीलैंड पुलिस, एफबीआई और मेरीलैंड परिवहन प्राधिकरण पुलिस ने वाहन के भीतर शव का पता लगाया। की ब्रिज रिस्पॉन्स यूनिफाइड कमांड के अधिकारी ने बताया कि सोमवार को मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया था। दो सप्ताह पहले दो अन्य मृतकों का शव ट्रक से बरामद किया गया था। बता दें कि पिछले महीने श्रीलंका की तरफ जा रहे मालवाहक जहाज पुल से टकरा गया था। इस हादसे में पुल पर गड्ढों की मरम्मत कर रहे आठ निर्माण श्रमिकों में से छह की नदीं में गिरने से मौत हो गई थी। उस समय मृतकों में से केवल तीन के ही शव मिले थे। तटरक्षक पीड़ितों का शव ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिकी मीडिया ने बताया कि एफबीआई ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। एफबीआई ने बताया कि सोमवार को कार्गो जहाज में एजेंट मौजूद थे।

# अमेरिका में हिंदुओं पर हमलों को लेकर भारतवंशी सांसद ने जताई चिंता, समुदाय के खिलाफ बड़ी साजिश बताया

**न्यूयॉर्क।**

अमेरिका में हिंदू धर्म और हिंदुओं के खिलाफ हमलों में वृद्धि देखने को मिली है। इसे देखते हुए भारतवंशी सांसद श्री थानेदार ने चिंता जताई है। उन्होंने इसे बड़ी साजिश करार दिया है। थानेदार के अलावा भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, एमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने भी हाल ही में न्याय विभाग को एक चिट्ठी लिखकर हिंदू मंदिर पर हुए हमले की जांच की मांग की थी और मामले में जल्द से जल्द न्याय की गुहार लगाई थी।

अमेरिकी सांसद थानेदार ने कहा कि आज मैं अमेरिका में हिंदू धर्म पर हमलों में वृद्धि देख रहा हूं। मैंने देखा कि कई सारी झूठी अफवाहें फैलाई जा रही हैं। एक संस्था हिंदू एक्शन द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि इन हमलों के आरोपियों के खिलाफ मामला तक दर्ज नहीं किया गया है। उनकी गिरफ्तारी तो दूर की बात है।

उन्होंने आगे कहा कि हमने हाल के कुछ महीनों में इस तरह के हमलों में काफी ज्यादा बढ़ोतरी देखी है। मुझे लगता है कि इस समुदाय के खिलाफ यह बहुत बड़ी साजिश है और इससे निपटने के लिए समुदाय के लोगों को एकजुट होना होगा। एक हिंदू घर में जन्म लेने की वजह से मुझे पता है कि हिंदू का अर्थ क्या होता है हिंदुओं पर हो रहे इन हमलों को देखते हुए मैंने अपने चार सहकर्मियों के साथ मिलकर न्याय विभाग को चिट्ठी लिखने का फैसला किया।

### स्थानीय कानून प्रवर्तनों के साथ समन्वय स्थापित करने की जरूरतः सांसद

भारतीय-अमेरिकी सांसद ने कहा कि कैलिफोर्निया में भी इस तरह के हमले देखे गए। न्यूयॉर्क में भी हमले हो रहे हैं। देखा जाए तो पूरे अमेरिका में



ही हिंदू धर्म और हिंदुओं पर हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय कानून प्रवर्तनों ने इन हमलों पर जांच की, लेकिन आगे कुछ भी नहीं हुआ। थानेदार ने कहा कि स्थानीय कानून प्रवर्तनों के साथ समन्वय स्थापित करने की जरूरत है।

श्री थानेदार ने कहा कि इस समय समुदाय के लोगों को एक साथ खड़ा होना होगा और हमें बताना होगा कि हम देश में समानता की मांग कर रहे हैं। हम यहां न्याय की मांग कर रहे हैं और अब हम ऐसी नफरत बर्दाश्त नहीं करेंगे। न्याय विभाग को चिट्ठी लिखने के बाद हम प्रशासन पर दबाव डालेंगे कि हिंदू समुदाय को यहां शांति से रहने का अधिकार हो।

# रुश्दी ने खुद पर हुए जानलेवा हमले की घटना को लेकर किया खुलासा, कहा- एक दिन पहले देखा था सपना

**वॉशिंगटन।**


ब्रिटिश-अमेरिकी लेखक सलमान रुश्दी ने अपनी नई किताब नाइक में कई खुलासे किए हैं। यह किताब उनके जीवन पर आधारित है। इसमें उस खौफनाक दिन का भी जिक्र किया गया है, जब उनके छुरा घोंपा गया था। इस घटना में उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। वहीं इलाज के बारे में भी बताया गया है।

नई किताब नाइफ आज से स्टोर में उपलब्ध होगी। सलमान रुश्दी भारतीय मूल के अमेरिकी लेखक हैं, वह न्यूयॉर्क शहर में रहते हैं।

**अगस्त में हुआ हमला** - 75 वर्षीय सलमान रुश्दी पर न्यूयॉर्क में साल 2022 की अगस्त में तब हमला किया गया था, तब वो एक प्रोग्राम में हिस्सा ले रहे थे। 24 साल के हादी मातर ने एक लाइव प्रोग्राम के दौरान रुश्दी के गले पर चाकू से कई बार हमला किया था। रुश्दी को एयर लिफ्ट करके एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। मातर एक शिया कट्टरपंथी ग्रुप से ताल्लुक रखता था। रुश्दी की गर्दन और पेट पर कई घाव थे। इस घटना में रुश्दी ने अपनी दाहिनी आंख खो दी।

**कई देशों में बैन है द सैटेनिक वर्सेज** - आपको बता दें कि सलमान रुश्दी ने 1988 में द सैटेनिक वर्सेज नाम की एक किताब लिखी थी, जिसे मुस्लिम ईशनिंदा के रूप में देखते हैं। भारत सहित दुनिया के कई देशों में यह उपन्यास बैन है। इस किताब को लेकर ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी ने रुश्दी के खिलाफ एक फतवा जारी किया था। न सिर्फ सलमान रुश्दी बल्कि उनकी किताब 'द सैटेनिक वर्सेस के अनुवादकों पर भी हमले होते रहे हैं। द सैटेनिक वर्सेस उपन्यास जापानी ट्रांसलेटर हितोशी इगाराशी की हत्या कर दी गई। जबकि इटैलियन ट्रांसलेटर और नॉर्वे के पब्लिशर पर भी हमले हुए।

**मैं भागा क्यों नहीं** - रुश्दी ने अपनी किताब में घटना के बारे में कहा, आखिर मैंने लड़ाई क्यों नहीं की मैं भागा क्यों नहीं मैं बस पिनाटा की तरह वहां खड़ा रहा और उसे मुझे मारने दिया। यह बिल्कुल भी नाटकीय या डरावना नहीं लगा। सच्चाई यह है कि सिर्फ संभावित लगा।



**हत्यारे ने की थी दोषी नहीं होने की अपील** - तेहरान ने रुश्दी पर हमला करने वाले शख्स के साथ किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया था। उसका कहना था कि इस घटना के लिए सिर्फ रुश्दी दोषी हैं। उस समय 24 साल के संदिग्ध हमलावर ने हत्या की कोशिश के लिए खुद के दोषी नहीं होने की अपील की थी। कथित हमलावर, जिसके माता-पिता लेबनान से संयुक्त राज्य अमेरिका आए थे, ने कहा था कि उसने द सैटेनिक वर्सेज के सिर्फ दो पेज पढ़े हैं, लेकिन उसका मानना है कि रुश्दी ने इस्लाम पर हमला किया था।

**रुश्दी तक हत्यारा कैसे पहुंचा इसे जानने के लिए उत्सुक** - अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वकालत करने वाले ग्रुप पेन अमेरिका की मुख्य कार्यकारी सुजैन नोसेल ने कहा कि उस भयानक दिन के बाद से... हम इस कहानी का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरकार सलमान रुश्दी तक हत्यारा कैसे पहुंचा। उन्होंने कहा कि रुश्दी ने अब तक इस कहानी को अपने तक रखा, जिससे हमें उनके साहस पर आश्चर्य होता है।

**चाकू मारे जाने का देखा था सपना** - किताब के बाजार में उपलब्ध होने से पहले रुश्दी ने बताया कि उन्होंने हमले से दो दिन पहले एक एम्फीथिएटर में चाकू मारे जाने का सपना देखा था और इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के बारे में भी सोचा था। फिर उनको लगा पागलपन करने की जरूरत नहीं है, यह सिर्फ एक सपना है।

सलमान रुश्दी ने किताब में यह भी लिखा कि उन्हें इस कार्यक्रम के लिए अच्छे खासे रुपये मिलने वाले थे। इससे वह अपने घर की मरम्मत करवाना चाहते थे। इस कार्यक्रम में रुश्दी को उन लेखकों की सुरक्षा के बारे में बात करने के लिए आमंत्रित किया गया था, जिनकी जान को खतरा था। उन्होंने कहा, यह जगह मेरे लिए सुरक्षित नहीं है। रुश्दी ने किताब में अपने बुरे सपने का भी जिक्र किया है।

**पांच बार हो चुकी है शादी** - रुश्दी का जन्म मुंबई में हुआ था। बहुत ही कम उम्र में वह इंग्लैंड चले गए थे। वह अपने दूसरे उपन्यास मिडनाइट्स चिल्ड्रन (1981) से सुर्खियों में आए। इतना ही नहीं उन्हें स्वतंत्रता के बाद के भारत के चित्रण के लिए ब्रिटेन का प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार भी दिया गया था। लेकिन द सैटेनिक वर्सेज से उनको काफी प्रसिद्धी मिली। रुश्दी एक नास्तिक लेखक हैं। उनकी किताब का अनुवाद करने वाले और उसके प्रकाशकों की हत्या की कोशिश के बाद रुश्दी को ब्रिटेन पुलिस की तरफ से सुरक्षा भी दी गई थी।

# आने वाले 25 साल भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं : निर्मला सीतारमण

**जयपुर ( हिंस )।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आने वाले 25 साल भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। बीते तीन वित्त वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने दुनिया में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की है और आगामी वर्षों में यह रुख जारी रहेगा। केंद्रीय मंत्री सीतारमण मंगलवार को जयपुर में *औद्योगिक एवं व्यावसायिक संवाद* को संबोधित कर रहीं थीं। अपने संबोधन की शुरुआत उन्होंने राजस्थान की वीरभूमि, महाराणा सांगा और महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और बलिदान को याद करते हुए की। उन्होंने पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत को भी याद किया। उन्होंने कहा कि देश के व्यापार जगत में राजस्थानियों का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि व्यापार तो सब करते ही हैं, व्यापार के साथ राष्ट्रवाद को मजबूत करने का काम भी राजस्थानी समाज करता है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की तीनों तिमाही में प्रत्येक तिमाही में वृद्धि दर आठ प्रतिशत या इससे अधिक रही है। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही। चौथी तिमाही में भी इसी स्तर की वृद्धि दर की हम अपेक्षा कर रहे हैं। इस तरह 2023-24 में औसत वृद्धि दर उस स्तर की ही है। टिकाऊ आर्थिक वृद्धि है। हम अपने ऊपर आत्मविश्वास बनाए रखते हुए आगे बढ़ रहे हैं। जैसे पूरी दुनिया



में पिछले तीन साल से लगातार हम सबसे तेज वृद्धि दर वाली अर्थव्यवस्था रहे हैं, वैसे ही आने वाले सालों में रहेंगे। उन्होंने कहा कि आर्थिक नीति, व्यापक आर्थिक स्थिरता, स्थिर सरकार, स्थिर कर नीति, सरकार के टेंडर और खरीदारी आदि पारदर्शी तरीके से होने की वजह से आज भारत की अर्थव्यवस्था की विदेश में बहुत साख है और यही बड़ी वजह है जिसके चलते निवेशक भारत में आ रहे हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में हर वर्ग के लिए काम हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिबद्धता के साथ बिना किसी भेदभाव के देश के सभी राज्यों में काम किया है। सभी राज्यों में केंद्र सरकार की योजनाएं पहुंचाई है। दशकों लंबित पड़ी योजनाएं भी पिछले दस सालों मोदी सरकार ने पूरी की है।

# फरीदाबाद : अवैध हथियार सप्लाई करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## एक देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद

**फरीदाबाद ( हिंस )।** क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र कुमार की टीम ने अवैध हथियार के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शिवम उर्फ एलियन तथा शशिकांत का नाम शामिल है, जो दोनों आरोपी सेहतपुर के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी शिवम को अवैध हथियार सहित काबू किया था। आरोपी के कब्जे से 1 देसी कट्टा तथा 1 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ पल्ला थाने में अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई जिसमें आरोपी ने बताया कि यह देसी कट्टा वह शशिकांत से लेकर आया था पूर्ण ग्राम आरोपी शिवम की निशानी पर आरोपी शशिकांत को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शिवम को जेल भेज दिया गया है और आरोपी शशिकांत को पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शिवम के खिलाफ लड़ाई-झगड़े के दो मुकदमे दर्ज हैं और शशिकांत के खिलाफ हत्या तथा लड़ाई झगड़े के करीब 8 मुकदमे दर्ज हैं जिसमें आरोपी जेल भी जा चुका है। आरोपी



शशिकांत ने बताया कि यह देसी कट्टा वह 2 साल पहले पावटा के रहने वाले बल्लू नाम के व्यक्ति से 4000 रुपए में लेकर आया था जिसकी मृत्यु हो चुकी है। आरोपी शिवम का किसी के साथ लड़ाई झगड़ा हो गया था इसलिए उसने अपने साथी आरोपी शशिकांत से यह देसी कट्टा 6000 रुपए में खरीदा था। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने अपने कई अन्य साथियों के साथ मिलकर अपनी गैंग बना रखी है जो किसी के साथ भी लड़ाई झगड़ा करके उसके साथ मारपीट करते हैं। पुलिस रिमांड पूरा होने के पश्चात आरोपीय शशिकांत को जेल भेजा जाएगा और लड़ाई झगड़े के मामलों शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी।

# मोदी के नेतृत्व में विश्वभर में सर्व शक्तिमान बना भारत : अजय गौड़

**फरीदाबाद।** आगामी 18 अप्रैल को पृथला विधानसभा क्षेत्र में गदपुरी टोल के समीप ग्राउंड में आयोजित होने वाली विजय संकल्प रैली को लेकर तैयारियां तेजी से शुरू हो गई। मंगलवार को विधायक नयनपाल रावत ने अपने चंदावली स्थित कार्यालय पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व मौजिज लोगों की बैठक ली और रैली को लेकर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक में मुख्य रूप से फरीदाबाद भाजपा लोकसभा संयोजक अजय गौड़ मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए अजय गौड़ ने कहा कि आज पूरे देश में मोदी की लहर चल रही है, हर कोई एनडीए के 400 पार के आंकड़े को सार्थक करने के प्रयास में जुट गया है। उन्होंने कहा कि दस सालों में जो प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश को दिया है, वह पिछले 70 सालों में कभी नहीं मिला, आज पूरा विश्व भारत को सर्व शक्तिमान मान चुका है। गौड़ ने कहा कि बुधवार को रामनवमी है और 500 साल बाद अयोध्या में रामलला की स्थापना के बाद यह पहली रामनवमी है, जिसको लेकर पूरे देश में उत्सव का माहौल होगा क्योंकि राममंदिर निर्माण का श्रेय भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही जाता है। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि भाजपा सरकार के पिछले साढ़े चार सालों में पृथला क्षेत्र में विकास का पहिया जोरों पर चला है, लोगों को हरसंभव बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि रैली में लोगों के आने-जाने, बैठने और पानी इत्यादि की भी व्यवस्था सुचारू रूप से रखी गई है, इसके अलावा वॉलंटियर जगह-जगह व्यवस्था बनाने में जुटे रहेंगे। बैठक में ब्लाक समिति अध्यक्ष चंद्रपाल, सरोज सैनी सरपंच, नीरज तंवर सरपंच, अजय डागर सरपंच, सोमेश ब्लाक मेंबर, बलदेव तेवतिया, नन्द किशोर पूर्व सरपंच, दया तंवर ब्लाक मेंबर, राजू पूर्व सरपंच, बिजेंद्र पूर्व सरपंच सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा संकल्प पत्र में है महिला-युवा-गरीब और किसान के उत्थान पर जोर : अर्जुनराम

**बीकानेर ( हिंस )।** केंद्रीय मंत्री व लोकसभा चुनाव में बीकानेर से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी पर फोकस है। भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के जिसमें समाज के 4 स्तंभों - महिला, युवा, गरीब और किसान के उत्थान पर जोर दिया गया है। भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय में प्रेस-कांफ्रेंस में संकल्प पत्र समिति के सदस्य अर्जुनराम ने कहा कि गुड गवर्नेस, डिजिटल गवर्नेस और डेटा गवर्नेस के लिए देश में आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर्स तैयार होंगे। भाजपा सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने के लिए संकल्पबद्ध है। गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना 2029 तक देने का वादा 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज का वादा जन औषधि केंद्रों का विस्तार होगा। मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 20 लाख रुपए की जाएगी। गरीबों को तीन करोड़ घर दिए जाएंगे। मेघवाल ने कहा एक राष्ट्र, एक चुनाव और एक सामान्य मतदाता सूची प्रणाली शुरू की जाएगी।




आने वाले समय में कुल तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे। महिला खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए विशेष प्रोग्राम जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया जाएगा। 21वीं सदी के भारत की बुनियाद के लिए भाजपा 3 इंफ्रास्ट्रकचर्स से मजबूत करेगी। सोशल, डिजिटल और फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करेंगे। मेघवाल ने यह भी कहा कि 140 करोड़ देशवासियों का एंबीशन मोदी का मिशन है। हमारी सरकार रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति पर आगे बढ़ेंगे। प्रेस कांफ्रेंस में जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, जालम सिंह भाटी, विधायक जेठानंद व्यास, मेयर सुशीला कंवर राजपुरोहित, लोकसभा संयोजक सत्यप्रकाश आचार्य, मीडिया संयोजक मनीष सोनी, मुकेश आचार्य, कमल गहलोत उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी ने पंजाब में चार लोकसभा सीटों पर किया उम्मीदवारों का एलान, इनमें तीन विधायक

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब की चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। दो दिन पहले अकाली दल से आप में आए पवन कुमार टीनू पर भी पार्टी ने भरोसा जताते हुए जालंधर से चुनाव मैदान में उतार दिया है। इसके अलावा तीन विधायकों को लोक सभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया गया है। पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने सबसे अधिक विधायकों को चुनाव मैदान में उतारा है। आप द्वारा मंगलवार को जारी की सूची के अनुसार वर्तमान में बटाला विधानसभा हलके से विधायक अमन शैरी कलसी को गुरदासपुर लोकसभा हलके से, मुक्तसर साहिब के विधायक जगदीप सिंह काका बराड़ को फिरोजपुर लोकसभा हलके से तथा लुधियाना सेंट्रल से विधायक अशोक पराशर पप्पी को लुधियाना लोकसभा हलके से चुनाव मैदान में उतारा गया है। जालंधर लोकसभा सीट पर चुनाव से पहले ही घमासान मचा हुआ है। यहां से आप ने सांसद सुशील कुमार रिंकू को चुनाव मैदान में उतारा था। रिंकू टिकट लौटाकर भाजपा में शामिल हो गए तो भाजपा ने उन्हें दोबारा जालंधर से चुनाव मैदान में उतार दिया। अब आम आदमी पार्टी ने तीन दिन पहले शिरोमणि अकाली दल छोड़कर आप में शामिल हुए पूर्व विधायक पवन कुमार टीनू को जालंधर लोकसभा हलके से पार्टी उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

# आकाशदीप ने छूआ आकाश यूपीएससी में मिली 166वीं रैंक

**सोनीपत ( हिंस )।** संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 166वां रैंक पाने वाले आकाशदीप ने कहा कि सफलता के लिए मेहनत, लगन, समर्पित भावना से किया प्रयास जरूर रंग लाता है। मेरी सफलता के लिए यह पांचवां प्रयास था। शास्त्री नगर, गन्नौर जिला सोनीपत के रहने वाले सुशील कुमार व ममता के बेटे आकाशदीप का जन्म 5 मार्च 1997 को हुआ था। आकाशदीप की 10, 12 वीं की पढ़ाई मॉडल संस्कृति स्कूल गन्नौर के सरकारी स्कूल में हुई। इसके बाद बीटेक व आईआईटी मंडी से की और भारत पेट्रोलियम में बतौर ऑपरेशन ऑफिसर के रूप में नियुक्ति हो गए थे, लेकिन चार महीने के बाद स्वेच्छा से नौकरी छोड़ दी और सिविल सर्विस की तैयारी में लग गए। उनकी मेहनत रंग लाई और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पूरे भारत में 166वां रैंक प्राप्त की। बेटे की कामयाबी से सुशील कुमार और ममता को बधाई देने वालों को तांता लगा है। आसपास के क्षेत्र के अंदर खुशी का माहौल है सफलता के संबंध में आकाशदीप ने बताया



कि सबसे पहली बात तो सीखने पर ध्यान दिया। दूसरा माता-पिता का मार्गदर्शन मेरे लिए महत्वपूर्ण रहा है। तीसरी बात आत्मनिरीक्षण की क्षमता पैदा कर खुद के साथ न्याय करने का प्रयास किया कि यदि कहीं पर गलत हूं तो मैंने स्वीकार किया और गलती सुधार कर उसे दोहराया नहीं है। आकाशदीप ने बताया कि सफलता ने खुशी का वैसे ही एहसास दिलायाए जैसे दौड़ते समय पसीना आता है और जब मंजिल पर पहुंचते हैं तो ठंडक का अहसास होता है। आकाशदीप का कहना है कि भौतिक सफलताएं मेहनत पर निर्भर करती हैं। सफलता मिलने के बाद अपनी जिम्मेदारियां कैसे निभाना है इसके लिए हमारा अध्यात्म चिंतन मार्गदर्शन का कार्य करता है। आकाशदीप के माता ममता पिता सुशील कुमार सामान्य परिवार से हैं।

# गलता जी में 21 तोपों की गर्जनाओं से मनाया जाएगा राम जन्मोत्सव

**जयपुर ( हिंस )।** उत्तर भारत की प्रमुख वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि गलताजी में गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के पावन सान्निध्य में रामनवमी महोत्सव मनाया जाएगा। गलता पीठ के युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि उत्तर तोदाद्रि गलता जी में गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के पावन सान्निध्य में चैत्र नवरात्र के 9वें दिन 17 मार्च को गलता पीठ में पूर्ण श्रद्धा और भव्यता के साथ राम नवमी के अवसर पर राम का जन्म महोत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत 500 वर्ष से भी अधिक प्राचीन रामलला के चतुर्भुज विग्रह की सुबह गलता पीठ से श्रीनिवास के बालाजी तक विधि-विधान से शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री निवास के बालाजी में भगवान की



आरती की जाएगी। इसके बाद शोभायात्रा पुनः श्री गलता पीठ पहुंचेगी। गलता पीठ के युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि दोपहर 12 बजे भगवान राम का 21 तोपों की गर्जनाओं के साथ जन्म होगा। इसके बाद गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य एवं युवराज स्वामी राघवेन्द्र द्वारा गलता में विराजमान भगवान राम के अतिप्राचीन एवं दिव्य विग्रहों का विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फलों, फलों के रसों, पंचामृत, सर्व औषधि, पंचमेवों, समस्त द्रव्यों, सहस्रधारा, शंख-चक्र आदि से तिरुमंजन अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान की सामूहिक महाआरती की जाएगी। तदोपरांत गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज गलता में विराजमान सभी विग्रहों की आरती करेंगे। इस अवसर पर जयपुर के प्रख्यात भजन गायकों एवं कलाकारों द्वारा भगवान के मुखोल्लास के लिए प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसके पश्चात नौ दिन तक चलने वाले सामुहिक नवाह्नपारायण पाठ का नवां पारायण कर पूर्णाहुति हवन किया जाएगा।

# पुलिस लाइन में जवानों ने मनाया पुलिस स्थापना दिवस पढ़ा डीजीपी का संदेश

**जोधपुर ( हिंस )।** जोधपुर में पुलिस दिवस के अवसर पर जवानों को और अधिक निष्ठा तथा कर्तव्य परायणता से ड्यूटी देने का संदेश दिया गया। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस रातानाडा स्थित पुलिस लाइन परिसर में पुलिस कमिश्नर राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कर पुलिस के जवानों द्वारा अब तक दिए गए बलिदान को याद किया गया और पूर्ण निष्ठा, त्याग समर्पण से अपनी ड्यूटी को अंजाम देने के लिए पुलिस कमिश्नर राजेंद्र सिंह ने जवानों को आह्वान भी किया। लोकसभा चुनाव होने के कारण किसी बड़े आयोजन की बजाय पुलिस लाइन परिसर में पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नर राजेंद्र सिंह, डिप्टी पुलिस कमिश्नर आलोक श्रीवास्तव और राजेश यादव ने पुलिस के अधिकारियों और जवानों को स्थापना दिवस की बधाई देने के साथ भविष्य में और अधिक उत्साह और निष्ठा के साथ अपने दायित्व को निभाने का आह्वान किया। पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने उत्साह के साथ शिरकत की तो वहीं प्रारंभ में पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू के संदेश का पठन एडीसीपी नरपत सिंह ने किया।

## अब पूर्व सैनिक बनेंगे सरकारी अध्यापक

# शिक्षा मंत्री बोले, शहीदों की वीरांगनाओ को देंगे नौकरी मुख्यमंत्री को भेजेंगे प्रस्ताव

**कोटा ( हिंस )।** राजस्थान के शिक्षा विभाग ने नई पहल करते हुए पूर्व सैनिकों को सरकारी अध्यापक बनाने की तैयारी की है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने घोषणा की है कि पूर्व सैनिक बीएड के बराबर होंगे। जिन्हें मेरिट और आरक्षण के आधार पर अध्यापक बनाया जाएगा। सैनिकों की आकस्मिक मौत होने और शहीद होने



पर वीरांगना या आश्रितों को अनुकम्पा में सरकारी नौकरी देंगे। राजस्थान शिक्षा विभाग पहली बार इसकी पहल कर रहा है। इसका प्रस्ताव जल्द तैयार कर शिक्षा विभाग मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भेजेगा। यह घोषणा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रामगंजमंडी में लोकसभा चुनाव भाजपा कार्यालय के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि कुछ पूर्व सैनिकों ने शिक्षा विभाग में अध्यापक बनने के लिए आवेदन किया है। लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी मानने को तैयार नहीं है। उनका तर्क है कि पूर्व सैनिकों की शिक्षा ट्रेनिंग शिक्षा विभाग से कम है। ऐसे में अध्यापक नहीं बना सकते। ऐसे मे अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि पूर्व सैनिकों को बी.एड डिग्री के बराबर मानना पड़ेगा। ऐसे मे अब पूर्व सैनिकों को मेरिट के आधार पर और आरक्षण के आधार पर सरकारी अध्यापक बनाएंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सैनिकों की दुर्भाग्य से सामान्य मौत हो जाती है, या लड़ाई के दौरान शहीद हो जाते है। लेकिन शहीद की वीरांगनाओं को अनुकम्पा नियुक्ति देने के प्रावधान नहीं है। मैंने मेरे शिक्षा विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए है। पूरे हिंदुस्तान में राजस्थान शिक्षा विभाग पहल करेगा कि शहीद की वीरांगना या आश्रित परिवार को राजस्थान मे सरकारी नौकरी देंगे। जिसके प्रस्ताव तैयार हो रहे है, जो जल्द मुख्यमंत्री के पास भेजे जाएंगे।

# बेरी में अष्टमी पर दो लाख ने किए मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन

**झज्जर ( हिंस )।** महाभारत कालीन कस्बा बेरी में मंगलवार को लाखों श्रद्धालुओं ने माता भीमेश्वरी देवी के अंदर और बाहर वाले मंदिर में देवी की आराधना कर पूजा अर्चना की। सप्तम तिथि की रात को देवी के अंदर वाले भवन में माता के जयकारे लगाकर दूर-दराज से आए दो लाख से अधिक भक्तों ने मां भगवती के दर्शन किए और मनोकामना की। परंपरा के अनुरूप रोजाना की भांति सुबह के समय माता को कड़ी सुरक्षा के बीच बाहर वाले मंदिर ले जाया गया, जहां भक्तों ने महाआरती में भाग लिया। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह के अलावा सीईओ जिला परिषद डॉ. सुभीता ढाका ने देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके उपरांत डीसी कैप्टन शक्ति सिंह



ने मेला परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम को जरूरी निर्देश भी दिए। दूसरी ओर, एसडीएम रविंद्र मलिक और डीआरओ प्रमोद चहल मंगलवार की अलसुबह से ही मंदिर में स्थिति का जायजा लेते रहे। मेले में श्रद्धालुओं ने प्रशासन द्वारा मेला के चलते किये गए प्रबंधों की सराहना की। माता भीमेश्वरी देवी मेले में हर श्रद्धालु को बिना किसी कठिनाई के माता के दर्शन हो सकें, इसके लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक इंतजाम किए गए थे। अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी जरूरी तैयारियां की गई थीं। वहीं मंगलवार को दिनभर प्रशासन श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते मुस्तैद रहा।

# नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में लगी आग, बच्चों की ड्रेस जलकर राख

**गुरुग्राम ( हिंस )।** यहां सेक्टर-37सी स्थित नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में मंगलवार की सुबह आग लग गई। आग से एक कमरे में रखी बच्चों की करीब 500 सेट ड्रेस जलकर राख हो गई। साथ ही 3 कंप्यूटर व 2 एसी भी आग की भेंट चढ़ गए। गनीमत यह रही कि अष्टमी के चलते स्कूल में बच्चे देरी से पहुंचे। अगर बच्चे सुबह पहुंचे होते तो बड़ी अप्रिय घटना हो सकती थी। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार ई-टेक्नो नारायणा स्कूल में मंगलवार की सुबह करीब पौने 9 बजे आग लग गई। आग स्कूल के उस कमरे में लगी, जहां पर बच्चों की करीब 500 नई ड्रेस रखी गई थी। काफी संख्या



में कपड़े से बनीं ड्रेस रखी होने के कारण आग तुरंत ही फैल गई। देखते ही देखते आग ने विकाराल रूप धारण कर लिया। दमकल विभाग को 08:57 बजे घटना की सूचना दी गई। दो मिनट के भीतर गाड़ियां स्कूल के लिए रवाना हुई। सुबह 09:06 बजे दमकल विभाग की गाड़ी आग बुझाने स्कूल में पहुंच गई। आग को फैलने से रोकने के लिए पानी की बौछारें डालनी शुरू की। करीब 15 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। आग पूरी तरह से बुझाने के बाद ही गाड़ियों स्कूल से रवाना हुईं। बताया जा रहा है कि यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। बच्चों की ड्रेस वहां रखी थी, इसलिए आग अधिक फैल गई। स्कूल प्रबंधन की ओर से दमकल विभाग का समय पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए आभार जताया गया है।

# फरारी काट रहा दस हजार का इनामी गिरफ्तार

**जयपुर ( हिंस )।** पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स टीम ने जयपुर के भांकरोटा थाना इलाके में फरारी काटने आए चित्तौड़गढ़ जिले में वांटेड दस हजार रुपए के इनामी अपराधी प्यार चंद खटीक निवासी जोयड़ा बावड़ी थाना आकोला जिला चित्तौड़गढ़ को डिटेन किया है। इसे चित्तौड़गढ़ जिले के थाना चंदेरिया से आए पुलिसकर्मियों को सुपुर्द कर दिया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार दस हजार के इनामी बदमाश प्यार चंद खटीक के विरुद्ध थाना आकोला जिला चित्तौड़गढ़ में अवैध मादक पदार्थ व अवैध शराब की तस्करी,मारपीट एवं संपत्ति संबंधी अपराध के दस आपराधिक प्रकरण दर्ज है। गौरतलब है कि 27 अक्टूबर 2023 को चित्तौड़गढ़ जिले की मंडफिया थाना पुलिस की टीम ने एक टेंपो से मक्की के कट्टों की आड़ में तस्करी किया जा रहा 1 किलो 319 ग्राम एमडीएमए मौली पाउडर जब्त कर चालक भंवरलाल खटीक को गिरफ्तार किया था।





# रामदेव, बालकृष्ण एक हफ्ते के अंदर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली ।**

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। सुनवाई के दौरान रामदेव और बालकृष्ण दोनों मौजूद थे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष अदालत से बिना शर्त माफी मांगी। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उनकी माफी का संज्ञान लिया, लेकिन यह स्पष्ट किया कि इस स्तर पर हमने रियायत देने का फैसला नहीं किया है। पीठ ने बालकृष्ण से बातचीत करते हुए उनसे कहा, आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। पीठ से बातचीत करने वाले रामदेव ने भी कहा कि उनका किसी भी तरह से अदालत का अनादर करने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि, पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि वे (पतंजलि) इतने निर्दोष नहीं हैं कि उन्हें पता ही न हो कि शीर्ष अदालत ने इस मामले में अपने पहले के आदेशों में क्या कहा था। पतंजलि भ्रामक मामले में 23 अप्रैल को होगी सुनवाई पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में अब 23 अप्रैल को सुनवाई होगी। उस दिन अदालत ने बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। इससे पहले मंगलवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान मुकुल रोहतगी ने कोर्ट से कहा कि रामदेव सार्वजनिक रूप से मामले में माफी मांगना चाहते हैं। इस पर जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि अदालत सुनना चाहती है कि रामदेव और बालकृष्ण क्या कहना चाहते हैं, उन्हें कहिए वे सामने आएं। ऑडियो में कुछ गड़बड़ी होने के कारण बेंच कुछ मिनटों के लिए उठ गई। बेंच ने चुटकी लेते हुए कहा, ऐसा मत सोचिए कि यह हमारी ओर से कोई सेंसरशिप है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने पातंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में अब 23 अप्रैल की तारीख तय की। कोर्ट ने उस तारीख को बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को अदालत में मौजूद रहने के लिए कहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली हवाई अड्डा दुनिया के शीर्ष 10 सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डों में शामिल, एसीआई ने जारी की लिस्ट



**नई दिल्ली ।** दिल्ली हवाई अड्डे को दुनिया के सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डे की सूची में 2023 के लिए 10वें नंबर पर रखा गया है। हार्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इस लिस्ट में टॉप पर है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) वर्ल्ड के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा व्यस्त रहने के मामले में दसवें स्थान पर है जबकि दुबई और डलास हवाई अड्डे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सूची जारी करते हुए एसीआई ने यह भी कहा कि 2023 के लिए वैश्विक स्तर पर कुल हवाई यात्रियों का पूर्वानुमान 8.5 बिलियन (850 करोड़) के करीब है, जो पूर्व-महामारी के स्तर से 93.8 प्रतिशत अधिक जबकि 2022 की तुलना में 27.2 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में शीर्ष 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से पांच अमेरिका में हैं। दसवें स्थान पर, दिल्ली हवाई अड्डा है जहां से 2023 में 7.22 करोड़ से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। 2022 में, हवाई अड्डा नौवें स्थान पर था। हार्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिस्ट में शीर्ष पर है और इसने पिछले साल 10.46 करोड़ से अधिक यात्रियों को सेवाएं प्रदान की। व्यस्तता के मामले में इसके बाद दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, जहां से होकर 8.69 करोड़ से अधिक हवाई यात्री गुजरे। डलास फोर्थ वर्थ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिस्ट में तीसरे स्थान पर जहां से होकर 2023 में 8.17 करोड़ से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। सूची में लंदन का हीथ्रो हवाई अड्डा चौथे स्थान पर, टोक्यो का हनेडा हवाई अड्डा पांचवें नंबर, डेनवर का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा छठे, इस्तांबुल हवाई अड्डा सातवें, लॉस एंजिलिस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आठवें और शिकागो का ओहारे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नौवें स्थान पर है। एसीआई दुनिया के हवाई अड्डों काएक व्यापार संघ है।

### क्या डेयरी ऋण योजना के तहत नाबार्ड सीधे लोन देता है अफवाहों पर बैंक ने बयान जारी कर साफ की स्थिति

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने नाबार्ड डेयरी ऋण योजना के बारे में फैलाए जा रहे अफवाहों पर एक बयान जारी कर स्थिति साफ की है। नाबार्ड ने स्पष्ट रूप से उन झूठे दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि, वह डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसायों के लिए सीधे ऋण प्रदान करता है। नाबार्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त दावों में दी गई जानकारी पूरी तरह से गलत है। नाबार्ड ने कहा है कि वह एक शीर्ष विकास वित्त संस्थान के रुप में, ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है। नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है। नाबार्ड ने अपने सभी हितधारकों, विशेषकर किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को ऐसी गलत सूचनाओं के संबंध में सावधानी बरतने और उनमें विश्वास करने तथा उनका प्रचार-प्रसार करने से बचने के लिए आग्रह किया है। नाबार्ड ने कहा है कि असत्यापित जानकारी से किसी को भी वित्तीय जोखिम और गलतफहमी हो सकती है। नाबार्ड ने कहा है कि विभिन्न योजनाओं की सटीक जानकारी नाबार्ड की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। नाबार्ड ने कहा है कि संधारणीय आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यान्वित की जा रही विभिन्न पहलों और योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास और कृषि को बढ़ावा देने के प्रतिबद्ध है।

### 2028 तक सेवा क्षेत्र में होगा सबसे अधिक रोजगार का सृजन, ओआरएफ की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली ।** ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) ने रिपोर्ट इंडिया एम्प्लॉयमेंट आउटलुक 2030: नेविगेटिंग सेक्टोरल ट्रेंड्स एंड कॉम्पिटेंसी में वर्ष 2028 तक कुल रोजगार में 22 प्रतिशत की वृद्धि और बेरोजगारी में 97 आधार अंकों की गिरावट का अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार विशेष रूप से सेवा क्षेत्र में रोजगार सृजन में सबसे अधिक वृद्धि की उम्मीद है। सेवा उत्पादन में प्रत्येक इकाई वृद्धि के साथ रोजगार में 0.12 प्रतिशत की वृद्धि होती है। यह रिपोर्ट भारत भारतीय बाजार में नौकरियों के भविष्य पर प्रकाश डालती है और विशेष रूप से सेवा क्षेत्र की भूमिका पर जोर देती है जो रोजगार वृद्धि के मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। क्योंकि देश 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के करीब है। रिपोर्ट में तेजी से विकास के लिए तैयार दस उच्च-अवसर वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है। इनमें डिजिटल सेवाएं, वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य सेवा, आतिथ्य, उपभोक्ता खुदरा, ई-कॉमर्स, नवीकरणीय ऊर्जा, वैश्विक क्षमता केंद्र और एमएसएमई और स्टार्टअप इकोसिस्टम शामिल हैं।

# मुखर्जी और चिदंबरम ब्याज दरों को नरम रखने के लिए आरबीआई पर बनाते थे दबाव, पूर्व गवर्नर ने किया दावा

**नई दिल्ली ।**

प्रणब मुखर्जी और पी. चिदंबरम के नेतृत्व वाला वित्त मंत्रालय ब्याज दरों में नरमी लाने के लिए रिजर्व बैंक पर दबाव डालता था और आम जनमानस में सरकार के प्रति सकारात्मक भावनाओं को बनाए रखने के लिए वृद्धि की बेहतर तस्वीर पेश करने के लिए कहता था। यह दावा भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर दुव्वुरी सुब्बाराव ने अपनी किताब में किया है। सुब्बाराव ने अपनी हालिया किताब जस्ट ए मर्सिनरी: नोट्स फ्रॉम माई लाइफ एंड करियर में यह भी लिखा है कि सरकार में केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता के महत्व को लेकर समझ और संवेदनशीलता कम है। उन्होंने पुस्तक में लिखा है, सरकार और आरबीआई दोनों में रहने के कारण मैं कह सकता हूं कि केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता के महत्व को लेकर सरकार के अंदर कम समझ और संवेदनशीलता है। सुब्बाराव 5 सितंबर, 2008 को पांच साल के लिए आरबीआई के गवर्नर के रूप में कार्यभार संभालने से पहले वित्त सचिव (2007-08) थे। उनके आरबीआई गवर्नर का पद संभालने के कुछ दिन बाह ही 16 सितंबर को अमेरिका का लेहमैन ब्रदर्स दिवालिया हो गया था और यह 2008 की वैश्विक आर्थिक मंदी का कारण बना था। यह इतिहास की सबसे बड़ी कॉरपोरेट विफलता भी मानी जाती है।



### दावा- मूल्यांकन के विपरीत विकास और महंगाई का अनुमान पेश करने को कहा गया

रिजर्व बैंक सरकार की चीयरलीडर शीर्षक वाले एक अध्याय में सुब्बाराव ने बताया है कि सरकार का दबाव सिर्फ रिजर्व बैंक के ब्याज दर के रुख तक सीमित नहीं था। केंद्रीय बैंक पर इस बात के लिए भी दबाव बनाया गया कि वह मूल्यांकन के विपरीत विकास और मुद्रास्फीति के बेहतर अनुमान पेश करे। उन्होंने कहा, मुझे एक ऐसा अवसर याद है जब प्रणब मुखर्जी वित्त मंत्री थे। वित्त सचिव अरविंद मायाराम और मुख्य आर्थिक सलाहकार कौशिक बसु ने अपने अनुमानों के साथ हमारे अनुमानों का विरोध किया, जो मुझे लगा कि बहुत ज्यादा था। सुब्बाराव ने कहा कि जो बात उन्हें परेशान करती थी, वह यह थी कि चर्चा लगभग निर्बाध रूप से वस्तुनिष्ठ तर्कों से व्यक्तिपरक विचारों की ओर बढ़ गई। यहां तक सुझाव दिया गया था कि रिजर्व बैंक को उच्च विकास दर और कम मुद्रास्फीति दर का अनुमान लगाना चाहिए ताकि सरकार के पक्ष में सकारात्मक भावनाएं बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा, मायाराम ने एक बैठक में यहां तक कह दिया कि दुनिया में हर जगह, सरकारें और केंद्रीय बैंक आपस में सहयोग कर रहे हैं, यहां भारत में रिजर्व बैंक बहुत उद्दंड है। सुब्बाराव ने कहा कि वे उनकी इस उम्मीद से हमेशा परेशान और नाराज रहे कि आरबीआई को सरकार के लिए चीयरलीडर के रूप में काम करना चाहिए। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि वह इस बात को लेकर सख्त थे कि रिजर्व बैंक अपने बेहतरीन पेशेवर फैसले में सिर्फ जनता के बीच सकरात्मक भावनाएं बनाने ना भटके।

### सरकार और केंद्रीय बैंक के बीच तनाव विकसित देशों में भी

उन्होंने कहा, हमारे अनुमान हमारी नीतिगत रुख के अनुरूप होने चाहिए और वृद्धि व मुद्रास्फीति के अनुमानों के साथ छेड़छाड़ करने से रिजर्व बैंक की विश्वसनीयता कम होगी। सुब्बाराव ने यह भी कहा कि यह दिलचस्प है, यहां तक कि कुछ हद तक सुकून देने वाला है, कि सरकार और केंद्रीय बैंक के बीच ये तनाव भारत या उभरती अर्थव्यवस्थाओं में ही नहीं है बल्कि अमीर देशों में भी ऐसा हेता है। उन्होंने यह भी याद किया कि आरबीआई के नीतिगत रुख को लेकर चिदंबरम और मुखर्जी दोनों के साथ उनका टकराव हुआ था क्योंकि दोनों हमेशा नरम दरों पर जोर देते थे, हालांकि दोनों की शैली अलग थी। सुब्बाराव ने लिखा, चिदंबरम आमतौर पर वकील की तरह अपने मामले में बहस करते थे, वहीं मुखर्जी प्रतिष्ठित और सर्वोत्कृष्ट राजनेता थे। वे अपना नजरिया जाहिर करने के बाद मामले में बहस करने का काम अपने अधिकारियों पर छोड़ देते थे। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने याद किया कि अक्टूबर 2012 में चिदंबरम के गृह मंत्रालय से वित्त मंत्री के रूप में लौटने के तुरंत बाद, उन्होंने मुखर्जी शासन की राजकोषीय फिजूलखर्ची को उलटने के लिए ईमानदारी से काम करना शुरू कर दिया था, संभवतः वे ऐसा राजकोषीय सख्ती की भरपाई करने के लिए कर रहे थे। उन्होंने कहा, वह नरम मौद्रिक व्यवस्था चाहते थे और आरबीआई पर ब्याज दर को कम करने के लिए भारी दबाव डाल रहे थे। हालांकि इस मामले में मैं उनकी मांग पूरी नहीं कर सका।

# रियलमी पी सीरीज मिडरेंज स्मार्टफोन की धूम, खूबियों के कारण बने ग्राहकों की पहली पसंद



**नई दिल्ली ।**


चाइनीज कंपनी रियलमी पी सीरीज मिडरेंज स्मार्टफोन बाजार में धूम मचा रही है। रियलमी पी1 प्रो 5जी के केंद्र में एक शानदार 6.7-इंच एफएचडी प्लस ओएलईडी डिस्प्ले है। 120एचजेड तक की ताज़ा दर के साथ, यह उपयोगकर्ताओं को एक सहज और गहन सामग्री-देखने का अनुभव प्रदान करता है, जो वास्तव में इसे अपने प्रतिस्पर्धियों से अलग करता है। देखने के अनुभव के साथ जीवंत डिस्प्ले को उच्च स्तर की चमक समायोजन और 200 हर्ट्ज तक की इंस्टेंट टच सैंपलिंग दर के साथ चमक द्वारा और भी बढ़ाया जाता है। इनोवेशन को एक कदम आगे ले जाते हुए, रियलमी पी1 प्रो 5जी ने अपने प्राइस रेंज में सबसे अच्छा कर्व्ड डिस्प्ले पेश किया है। इसे 20 हजार प्राइस रेंज के तहत सबसे अच्छे स्मार्टफोन के रूप में पेश किया गया है।

यह डिज़ाइन न केवल आकर्षक है, बल्कि पकड़ भी शानदार है। डिवाइस को पकड़ने और उपयोग करने में मजा आता है। यह रियलमी पी सीरीज़ को गेमिंग के शौकीनों और मल्टीमीडिया उपभोक्ताओं के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है, जो सहज और बेहतर दृश्य को महत्व देते हैं। आज के डिजिटल युग में आंखों के स्वास्थ्य के महत्व को स्वीकार करते हुए, रियलमी पी सीरीज उन सुविधाओं से लैस है, जो यूजर्स को अपनी आंखों पर दबाव डाले बिना या आंखों के स्वास्थ्य से समझौता किए बिना लंबे समय तक डिवाइस का उपयोग करने में सक्षम बनाता है। इसके अलावा, रियलमी पी सीरीज़ बैकलाइट ब्राइटनेस एडजस्टमेंट में बेहतर परिशुद्धता प्रदान करके यूजर के आराम को प्राथमिकता देती है। यह सुविधा स्क्रीन पर एक सहज और लगातार भौतिक चमक आउटपुट सुनिश्चित करती है, जो विभिन्न प्रकाश स्थितियों में आरामदायक ढंग से देखने में सक्षम बनाता है। रियलमी पी1 5जी मीडियाटेक डाइमेंशन 7050 5जी चिपसेट से भी सुसज्जित है, जो ग्राफिकल प्रदर्शन और बढ़ी हुई प्रोसेसिंग पावर में पर्याप्त वृद्धि देने का वादा करता है।

# एफडी पर सीनियर सिटिजन से 27000 करोड़ टैक्स, केबल ब्रॉडबैंड यूजर 20 फीसदी बढ़े; हर माह 24 जीबी डेटा की खपत

**नई दिल्ली/मुंबई ।**

देश के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने कहा कि सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में फिक्स्ड डिपॉजिट (सावधि जमा) से अर्जित ब्याज पर वरिष्ठ नागरिकों से 27 हजार करोड़ रुपये एकत्र किए हैं। एसबीआई के शोधकर्ताओं की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में जमा की कुल राशि 143 फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2024 के अंत में 14 लाख करोड़ से 34 लाख करोड़ हो गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि उच्च ब्याज दरों के कारण वरिष्ठ नागरिकों के बीच सावधि जमा में निवेश करने की रुचि बढ़ी है, क्योंकि इसी अवधि में सावधि जमा खातों की कुल संख्या 81 प्रतिशत बढ़कर 7.4 करोड़ हो गई है। एसबीआई के शोधकर्ताओं का अनुमान है कि इनमें से कम से कम 7.3 करोड़ खातों में 15 लाख रुपये से अधिक की राशि है, और यह मानते हुए कि जमा पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलता है, वरिष्ठ नागरिकों ने अकेले ब्याज के रूप में वित्त वर्ष 24 में 2.7 लाख करोड़ कमाए हैं। इसमें बैंक जमा से 2.57 लाख करोड़ रुपये और वरिष्ठ नागरिक बचत




योजना से शेष शामिल हैं। केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी बढ़ी देश में केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी (29 फरवरी, 2024) बढ़कर 91.6 करोड़ हुई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार यह संख्या फरवरी 2023 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर, यह संख्या 2018 में 39.2 करोड़ से बढ़कर फरवरी 2024 में 91.6 करोड़ हो गई। आंकड़ों के मुताबिक, यह संख्या में 2021 में 16 प्रतिशत, 2022 में 19 प्रतिशत और 2023 में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, स्मार्टफोन के प्रसार ने 95 फीसदी भारतीय आबादी को मोबाइल उपकरणों के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ने के लिए प्रेरित किया है।

# टेस्ला में जा सकती है 14,000 कर्मचारियों की नौकरी, कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष का इस्तीफा

**नई दिल्ली ।**

एलन मस्क के स्वामित्व वाली इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला कर्मचारियों की छंटनी की योजना बना रही है। कंपनी भूमिकाओं के दोहराव का हवाला देते हुए अपने वैश्विक कर्मचारियों की संख्या में 10 प्रतिशत से अधिक की छंटनी करने की योजना पर काम कर रही है। अगर यह फैसला लागू किया जाता है तो इससे 14,000 लोगों की नौकरी जा सकती है।

एक आंतरिक ईमेल में, सीईओ मस्क ने कहा कि तेज विकास के कारण कंपनी में भूमिकाओं का दोहराव हुआ है और विकास के अगले चरण के लिए लागत में कमी जरूरी हो गई है। मस्क ने लिखा, जैसा कि हम कंपनी को विकास के अगले चरण के लिए तैयार करते हैं, ऐसे में




लागत में कटौती समेत उत्पादकता बढ़ाने के लिए कंपनी के हर पहलू को देखना बेहद महत्वपूर्ण है। इस प्रयास के तहत हमने संगठन की गहन समीक्षा की है और वैश्विक स्तर पर अपने कर्मचारियों की संख्या को 10 प्रतिशत से अधिक घटाने का कठिन निर्णय लिया है। ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे मैं बहुत अधिक पसंद नहीं करता हूं, लेकिन यह किया जाना चाहिए।

टेस्ला की ओर से यह घोषणा ऑटो डिलीवरी में गिरावट की सूचना देने के कुछ दिनों बाद की गई है। कंपनी ने मांग को बढ़ाने के लिए अपने ईवी की कीमतों में कटौती का एलान किया है। टेस्ला के मुखिया एलन मस्क का इस महीने की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम है। उम्मीद है कि इस दौरान वे भारत में टेस्ला का नया प्लांट खोलने की घोषणा करें। उन्होंने अपने एक्स प्रोफाइल पर पोस्ट किया था, भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करने के लिए उत्सुक हूं!।

### टेस्ला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ड्रू बग्लिनो ने दिया इस्तीफा

टेस्ला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ड्रू बग्लिनो ने कार निर्माता की नौकरी में कटौती के सबसे बड़े दौर के बीच कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। इलेक्ट्रिक-वाहन की मांग में कमी के बीच कंपनी ने अपने वैश्विक कर्मचारियों की संख्या में 10 प्रतिशत से अधिक की कटौती का प्लान बताया है।

## सोना ऑलटाइम हाई, 10 ग्राम की कीमत 73,514

# ईरान-इजराइल टकराव से 16 दिन में दाम 4,550 बढ़े, इस साल अब तक 10,212 महंगा हुआ

**नई दिल्ली ।**

सोने ने नया ऑल टाइम हाई बनाया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, मंगलवार को 10 ग्राम सोना 701 रुपए महंगा होकर 73,514 रुपए का हो गया है। 1 अप्रैल को इजराइल-ईरान तनाव शुरू हुआ था तब से 16 दिन में सोने के दाम 4,550 रुपए बढ़ गए हैं।

चांदी में भी आज तेजी देखने को मिली है। एक किलो चांदी का भाव 180 रुपए बढ़कर 83,632 रुपए हो गया है। इससे पहले 12 अप्रैल को चांदी ने 83,819 रुपए का हाई बनाया था। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में इनके दामों में और तेजी देखने को मिल सकती है।

**सिर्फ 15 दिन में ही सोना 4,550 रुपए महंगा हुआ** - इजराइल-ईरान तनाव 1 अप्रैल को शुरू हुआ था। तब सोने की कीमत 68,964 पर था। वहीं अब यानी 16 अप्रैल को ये 1 जनवरी को इसकी कीमत 73,514 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। यानी सिर्फ 15 दिनों में ही 4,550 रुपए महंगा हो चुका है। इजराइल-ईरान तनाव के चलते सोने में आगे भी तेजी देखने को मिल सकती है।

**बीते सालों में हुई जंग और मंदी में सोने-चांदी का क्या ट्रेंड रहा है** - जंग के दौरान सोने की कीमतों में हमेशा उछाल देखा गया है। 1990-91 के दौरान गल्फ वॉर के दौरान सोने की कीमतों में उछाल आया था, लेकिन यह शॉर्ट टर्म था। इसी तरह 2003 में इराक युद्ध के दौरान सोने की कीमतों में तेजी आई थी।

कोरोना महामारी के कारण भारत समेत अन्य देशों में मार्च 2020 में लॉकडाउन लगा था। तब 10 ग्राम सोने के दाम 41,000 रुपए के करीब थे। अगस्त तक दाम बढ़कर 55,000 के करीब तक पहुंच गए। हालांकि, बाद में इसमें गिरावट आई थी और दाम 50,000 से



नीचे आ गए थे। रूस-यूक्रेन जंग के समय भी सोने में तेजी आई। 24 फरवरी 2022 को रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था। 7 मार्च 2022 को सोने की कीमतों में लगभग 1000/10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई। 22 कैरेट सोने की कीमत 49,400/10 ग्राम और 24 कैरेट सोने की कीमत 53,890/10 ग्राम हो गई।

इजराइल-हमास जंग 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई थी। तब सोने की कीमत 57,000 के करीब थी। 1 नवंबर तक कीमत बढ़कर 61,000 के करीब पहुंच गई। वहीं 1 जनवरी को कीमत 63,000 और अब 10 ग्राम सोने की कीमत 73,500 के पार पहुंच गई है।

**सोना 75 हजार और चांदी 1 लाख तक पहुंच सकती है** - मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल का अनुमान है कि अगले कुछ महीनों तक चांदी में तेजी देखने को मिलेगी। ब्रोकरेज फर्म ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम चांदी में निवेश करने की सलाह देते हैं और मीडियम से लंबी अवधि में 92,000 रुपए और उसके बाद 1 लाख रुपए पहुंच सकता है। फर्म ने 75,000 रुपए की तरफ होने वाली गिरावट पर और निवेश की सलाह दी है।

**साढ़े 3 महीने में 10,212 रुपए बढ़े सोने के दाम** - इस साल अब तक सिर्फ 3 महीने में ही सोने के दाम 10,212 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था। ये 63,302 रुपए प्रति ग्राम से 73,514 रुपए पर पहुंच गया। वहीं चांदी भी 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से 83,632 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

**युद्ध या मंदी जैसी स्थिति में सोने-चांदी की कीमतें क्यों बढ़ जाती हैं** - कोई भी जंग जियोपॉलिटिकल इक्वेशन्स खराब कर सकती है। ग्लोबल सप्लाई चेन बाधित कर सकती है, महंगाई बढ़ा सकती है और फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट में लोगों के भरोसे को कम कर सकती है।

# चंदू चैंपियन की मेकिंग के दौरान आई कई मुश्किलें

**-कार्तिक आर्यन ने किया खुलासा**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म चंदू चैंपियन के लीड एक्टर कार्तिक आर्यन ने फिल्म के लिए खुद को बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कहा जाए तो उन्होंने इसमें अपना दिल और जान लगा दिया है। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने नेहा धूपिया के नो फिल्टर नेहा सीजन 6 शो में शिरकत की। वहाँ पर उन्होंने बताया कि उनकी नेक्स्ट फिल्म चंदू चैंपियन की मेकिंग के दौरान कितनी मुश्किलें आईं और वह इसे अपनी सबसे मुश्किल फिल्मों में से एक मानते हैं। इस बारे ने बात करते हुए कार्तिक ने कहा, चंदू चैंपियन मेरे द्वारा की गई सबसे मुश्किल फिल्मों में से एक है, क्योंकि इसमें बहुत सारे एलिमेंट्स हैं। मुर्लिकांत पेटकर जी की जर्नी किसी की भी जर्नी से बेहद अलग है। जब मैने पहली बार इस फिल्म के बारे में जाना था, तब मुझे यकीन नहीं हुआ था कि यह एक सच्ची कहानी है। वह किसी एक स्पोर्ट्स जुड़े हुए नहीं थे, बल्कि उनकी जिंदगी के अलग - अलग खेल के साथ ही अलग - अलग फेज भी थे। वह एक आर्मी ऑफिसर थे। इस वजह से फिल्म की लॉग लाइन है एक व्यक्ति जो कभी हार नहीं मानता।

उन्होंने आगे बात करते हुए कहा, हम उन्हे 17 साल, 24 साल और उसके बाद के समय में दिखा रहे हैं। इसलिए, आप पूरी फिल्म में मुझमें ट्रांसफॉर्म होते हुए देखेंगे। मेरी [फिटनेस] रूटीन इस बात पर बेस्ड थी कि किरदार को कैसा दिखना था - उसे एक स्टेज में बच्चे जैसा दिखना था और दूसरे स्टेज में मेच्योर। शूटिंग एक साल तक चली, और मैंने उस दौरान कुछ और नहीं किया। इस फिल्म के साथ जहां कार्तिक आर्यन और कबीर खान पहली बार साथ काम करने जा रहे हैं, वहीं साजिद नाडियाडवाला के साथ कार्तिक का सुपर हिट सत्यप्रेम की कथा को करने के बाद यह दूसरा प्रोजेक्ट है। यह तिकड़ी एक ऐसे व्यक्ति की दिलचस्प सच्ची कहानी लेकर आ रही है, जिसने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया।

# सितंबर में मां बनने वाली हैं दीपिका पादुकोण

**-बेबीमून पीरियड एंजॉय कर रही हैं एक्ट्रेस**



**मुंबई (ईएमएस)।** एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण सितंबर के महीने में मां बनने वाली हैं। एक्ट्रेस का यह चौथा महीना चल रहा है। दीपिकाबेबीमून पीरियड एंजॉय कर रही हैं। उन्होंने अभी तक बेबीबंप के साथ कोई तस्वीर शेयर नहीं की लेकिन एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने बैक की एक तस्वीर शेयर की है जिसमें उनकी पीठ पर टैन नजर आ रही है। एक्ट्रेस की तस्वीर देख उनके पतिदेव ने भी रिएक्ट किया है लेकिन दीपिका की तस्वीर देख यूजर्स ने उन्हें कुछ सवाल भी कर दिए हैं। एक्ट्रेस ने सूरज और समंदर की लहरों के साथ एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ लोगों को लग रहा है कि यह रणवीर सिंह ने खींची है। इसमें एक्ट्रेस ने एक टॉप पहना हुआ है जिसमें उनकी टैन लाइन्स दिख रही हैं। यह तस्वीर पीछे से खींची गई है। इसमें दीपिका ने हाईबन कर रखा है और उनकी गर्दन साफ दिख रही है। ऐसे में फैंस की टैनिंग से ज्यादा नजर उनकी गर्दन पर पड़ी है।एक यूजर ने लिखा कि - वो टैटू रणबीर के नाम का था। अन्य ने लिखा कि - टैनिंग तो बहाना था टैटू रिमूव हो गया वो दुनिया को दिखाना था।रणबीर कपूर के साथ ब्रेकअप के बाद दीपिका ने रणवीर सिंह के साथ शादी कर ली थी। वहीं कुछ समय बाद एक्ट्रेस ने टैटू भी साफ करवा दिया गया था। हालांकि अभी तक यह सवाल आज भी लोगों के मन में है कि क्या यह टैटू उन्होंने रणवीर सिंह के कहने पर मिटवाया है लेकिन यह साफ है कि एक्ट्रेस अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश हैं और जल्द अपने पहले बच्चे का स्वागत भी करने वाली हैं। बता दें कि रणवीर सिंह से शादी करने के पहले दीपिका ने रणबीर को डेट किया था। ऐसे में उन्होंने अपनी गर्दन पर रणबीर के नाम का टैटू भी बनवाया था। लेकिन हाल ही में शेयर की गई तस्वीर में उनकी गर्दन पर टैटू नजर नहीं आया। ऐसे में इसे देखने के बाद फैंस ने उन्हें सवाल भी कर दिए हैं।


# कम बजट की फिल्म ने कराई छप्पर फाड कमाई

**-64 साल की एक्ट्रेस ने लूटी थी महफिल**



**मुंबई (ईएमएस)।** कम लागत में बनी मूवी बधाई हो ने अपने बजट से कई गुना ज्यादा कमाई कर मेकर्स को मालामाल कर दिया था। उस मूवी का नाम है कि बधाई हो। बधाई हो फिल्म में नीना गुप्ता, आयुष्मान खुराना, गजराज राव सान्या मल्होत्रा, गजराज राव और सुरेखा सीकरी जैसे सितारों अहम भूमिका निभाई थी। वैसे इस फिल्म में नीना गुप्ता ने ही लीड भूमिका निभाई है क्योंकि पूरी कहानी उन्हीं के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है। बधाई हो की कहानी काफी अलग और मजेदार थी, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया। बधाई हो में दिखाया गया कि एक अधेड़ उम्र की महिला के प्रेग्नेंट होने के बाद उसके परिवार में कैसे सब उथल-पुथल हो जाता है। इसमें नीना गुप्ता ने आयुष्मान खुरानी की मां और गजराज राव ने उनके पिता का किरदार निभाया था। इस मूवी की ऑडियंस से लेकर क्रिटिक्स ने जमकर तारीफ की थी। कमाल की बात है कि बधाई हो को लोगों ने इतना पसंद किया कि फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर नोटों की बरसात कर दी थी। इस मूवी ने बजट से लगभग 9 गुना ज्यादा रिटर्न मेकर्स को दिया था। बधाई हो को बनाने में लगभग 25 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मूवी ने इंडिया में 137 करोड़ और दुनियाभर में 220 करोड़ रुपये कमाई की थी। बधाई हो उस साल की हाइएस्ट ग्रोसिंग फिल्मों में शुमार हो गई थी। यहां तक कि फिल्म ने कमाई के मामले में शाहरुख खान की जीरो और अक्षय कुमार की पैडमैन को भी पीछे छोड़ दिया था। साल 2018 में रिलीज हुई शाहरुख खान बिग बजट फिल्म जीरो ने 178 करोड़ का वर्ल्डवाइड बिजनेस किया था। वहीं, अक्षय कुमार की पैडमैन ने 205 करोड़ का कलेक्शन किया था। नीना गुप्ता की फिल्म बधाई हो ने दो नेशनल अवॉर्ड अपने नाम किए थे। फिल्म को बेस्ट पॉपुलर फिल्म प्रोवाइडिंग व्होलसम एंटरटेनमेंट का अवार्ड मिला था। वहीं, सुरेखा सीकरी ने बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड अपने नाम किया था। उनका साल 2021 में निधन हो गया था। बता दें किअगर कहानी अच्छी हो तो कम बजट की फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई करती हैं। विद्या बालन की कहानी से लेकर आमिर खान की सीक्रेट सुपरस्टार जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा चुकी हैं।

# लव सेक्स और धोखा 2 का ट्रेलर जारी




बालीवुड की अपकमिंग फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर को काफी पसंद भी किया जा रहा है। ट्रेलर आज की डिजिटल दुनिया में डूबे युवाओं से जुड़ी कहानियों को पेश कर रहा है। नेटिजेंस लव सेक्स और धोखा 2 के ट्रेलर की तारीफ करने के साथ ही, एकता आर कपूर और दिबाकर बनर्जी की जोड़ी की सिनेमाई सीमाओं को फिर से परिभाषित करने और दर्शकों के लिए कुछ नया लाने के लिए उनकी सराहना कर रहे हैं। तो चलिए आपको दिखाते हैं नेटिजेंस द्वारा मिल रहे रिस्पॉन्स पर एक नजरः बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स का एक डिवीजन है, और दिबाकर बनर्जी प्रोडक्शन की कल्ट मूवीज के साथ मिलकर इस फिल्म को प्रेजेंट किया जा रहा है, लव सेक्स और धोखा 2, जो प्रोड्यूस की गई है एकता आर कपूर और शोभा कपूर के द्वारा, उसका निर्देशन दिबाकर बनर्जी द्वारा किया गया है। यह फिल्म 19 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# फिल्म 'मैं लड़ेगा' का ट्रेलर रिलीज, 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में




आकाश प्रताप सिंह की अपकमिंग फिल्म मैं लड़ेगा घरेलू हिंसा और बचपन में घबराते हुए लड़के की कहानी है। अब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर आपके दिलों को छू जायेगा। फिल्म मैं लड़ेगा 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह स्टोरी एक लड़के की कहानी है, जो बचपन में घबराया हुआ था। एक ऐसे बेटे की कहानी है, जिसने अपनी मां पर घरेलू हिंसा होते देखी है। वह उस वक़्त पर कुछ नहीं कर पाया और अपने उस गुस्से को एक बॉक्सर बनाने में लगा देता है। अंत में वह एक बॉक्सर बनकर उभरता है लेकिन फिल्म का ट्रेलर आपको यह पूछने पर भी मजबूर कर देता है कि आखिर वह बॉक्सर क्यों बनना चाहता है? मुख्य अभिनेता आकाश प्रताप सिंह ने कहानी भी लिखी है। मैं लड़ेगा का निर्देशन गौरव राणा ने किया है। फिल्म मैं लड़ेगा 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# स्पॉइलर-मुक्त फुटेज ने दर्शकों को खूब हंसाया

सिनेमाकॉन के लिए विशेष रूप से डेडपूल और वूल्वरिन के निर्देशक शॉन लेवी और रयान रेनॉल्ड्स द्वारा तैयार किए गए, 9 मिनट के स्पॉइलर-मुक्त फुटेज ने दर्शकों को खूब हंसाया। वीडियो में वेड विल्सन को एक कार सेल्समैन के रूप में दिखाया गया, जो सुपरहीरो की दुनिया से सेवानिवृत्त हुआ, बाद में टाइम वेरिएंस अथॉरिटी में पहुंचा। अपनी अनफि ल्टर्ड विचित्रताओं के लिए प्रसिद्ध, डेडपूल और वूल्वरिन फुटेज में चुटकुलों के साथ कई आर-रेटेड क्षण दिखाए गए हैं जो आपको अपनी सीटों से गिरने पर मजबूर कर देंगे। फुटेज में किसी बिंदु पर, डेडपूल कैमरे की ओर मुड़कर कहता हैः इसे चूसो, फॉक्स। मैं डिजनीलैंड जा रहा हूँ!। मार्वल स्टूडियोज के डेडपूल और वूल्वरिन प्रशंसकों को लास वेगास में हाल ही में सिनेमाकॉन में बहुप्रतीक्षित फिल्म के के फुटेज के एक विशेष और बिल्कुल प्रफुल्लित करने वाले पूर्वावलोकन के साथ वह सब कुछ मिला जिसकी उन्हें उम्मीद थी।

# अनिल कपूर ने फैंस के साथ खिंचाई तस्वीरे



बालीवुड एक्टर अनिल कपूर ने फैंस की सेल्फी लेने की इच्छा पूरी कर उनके दिन को खुशनुमा बना दिया। एक्टर का यह जेस्चर यह साबित करता है कि वह अपने फैंस का कितना ख्याल रखते हैं और उनकी प्रशंसा का कितना सम्मान करते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही मुलाकात की तस्वीरें इस बात का सबूत हैं कि अनिल कपूर न सिर्फ ऑन-स्क्रीन जीत का स्वाद चख रहे हैं बल्कि ऑफ-स्क्रीन भी लोगों का दिल जीत रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनिल कपूर स्टारर एनिमल और फाइटर न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई हैं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी रिकॉर्ड बना रही हैं। अनिल कपूर वर्सेज अनिल कपूर वाला मोमेंट, तब आया जब फाइटर ने एनिमल का रिकॉर्ड तोड़ दिया, और ओटीटी पर 10 दिनों के भीतर 12.4 मिलियन व्यूज पार करने वाली बॉलीवुड की सबसे फटेस्ट फिल्म बन गई। बता दें कि अनिल कपूर एनिमल और फाइटर के साथ बैक-टू-बैक हिट दे रहे हैं।

# मौनी रॉय ने दिया मंदिरा को बधाई

मंदिरा बेदी ने हाल ही में अपना 52वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर नागिन फेम एक्ट्रेस मौनी रॉय ने उन्हें इस खास दिन की बधाई दी। मौनी रॉय ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर मंदिरा बेदी के साथ एक प्यार भरी फोटो शेयर की है। फोटो में मंदिरा को लाल रंग की हील्स के साथ काले और सफेद चेकर्ड प्रिंट की ड्रेस में देखा जा सकता है। वहीं मौनी ने काले रंग की स्लीवलेस गाउन पहनी हुई है। फोटो में दोनों एक-दूसरे के करीब खड़े हैं। मौनी ने कहा, खुशियां हमेशा आपके साथ रहें। आप एक और वर्ष का जश्न मना रही हैं, आपको प्रेम, आनंद, उत्साह और आशीर्वाद मिले। आपके सपने और लक्ष्य सच हों और खुशियां हमेशा आपके साथ रहें। जन्मदिन मुबारक हो, मेरी प्यारी मंदिरा बेदी।


# टाइगर अनुभवी अभिनेताओं के बीच बटोर रहे सुर्खियां

**-अपनी कला की सीमाओं को आगे बढ़ाया टाइगर ने**



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में टाइगर कई अनुभवी अभिनेताओं के बीच सहजता से सुर्खियां बटोरते हैं। उन्होंने अपने किरदार से ऑडियंस को पूरी तरह से मंत्रमुग्ध किया है। वह अपनी एक्टिंग से एक संक्रामक ऊर्जा और आकर्षण बिखेरते है जो दर्शकों को शुरू से अंत तक उन से जोड़ कर रखता है। टाइगर को जो चीज वास्तव में अलग करती है, वह है दिल को छू लेने वाले एक्शन दृश्यों और हार्दिक भावनाओं के क्षणों के बीच सहजता से बदलाव करने की उनकी क्षमता, एक ऐसा प्रदर्शन प्रदान करना जो कई स्तरों पर गूंजता है। इसके अलावा, एक अभिनेता के रूप में टाइगर का विकास उनकी फिल्मोग्राफी में अलग अलग किरदारों के चित्रण से साफ जाहिर होता है। फिल्म हीरोपंती से शुरूआत करते हुए फिल्म बाघी के एड्रेनालाईन से भरे रोमांच और वॉर के हाई-ऑक्टेन एक्शन तक, उन्होंने लगातार अपनी कला की सीमाओं को आगे बढ़ाया है और रास्ते में प्रशंसा और प्रशंसा हासिल की है। प्रामाणिकता और दृढ़ विश्वास के साथ प्रत्येक भूमिका को सहजता से निभाने की उनकी क्षमता उनकी असाधारण प्रतिभा और उनकी कला के प्रति समर्पण का प्रमाण है। अपने ऑन-स्क्रीन प्रदर्शन के अलावा, टाइगर का ऑफ-स्क्रीन व्यक्तित्व विनम्रता और अनुग्रह दशार्ता है, जो उन्हें ऑडियंस और इंडस्ट्री के लोगों के बीच सबका चाहिता बनाता है। फिटनेस और अनुशासन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सभी महत्वाकांक्षी अभिनेताओं के लिए प्रेरणा का काम करती है, जो कड़ी मेहनत और दृढ़ता के मंत्र का प्रतीक है। टाइगर के आने वाले प्रोजेक्ट की बात करें तो रेम्बो, सिंघम 3, और बागी 4 जैसी फिल्में उसमे शामिल हैं जो अभिनेता के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा और रेंज को और अधिक प्रदर्शित करने का वादा करती हैं। जैसे-जैसे वह स्टारडम की ऊंचाइयों पर चढ़ते जा रहे हैं, एक बात बिल्कुल साफ हैः टाइगर श्रॉफ सिर्फ एक स्टार नहीं हैं, बल्कि भारतीय सिनेमा की दुनिया में एक ताकत हैं। संक्षेप में, टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां से एक मौजूदा सुपरस्टार के रूप में उनकी वर्तमान ऊंचाई तक की यात्रा उनकी अद्वितीय प्रतिभा, समर्पण और अपनी कला के प्रति अटूट जुनून का प्रमाण है। अब दर्शक उनकी अगली फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनके अब तक के सफर से यह बात जाहिर है कि टाइगर की दहाड़ आने वाले वर्षों तक सिल्वर स्क्रीन पर गूंजती रहेगी। बता दें कि बॉलीवुड में अपनी प्रतिभा के माध्यम से टाइगर श्रॉफ सिनेमाई परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ते हुए अपने असाधारण प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हुए आगे बढ़ते जा रहे है। बड़े मियां छोटे मियां में उनका अभिनय उत्कृष्टता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है जो इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली सितारों में से एक के रूप में उनको स्थापित कर रहा है।

# अपने घर पर हुई फायरिंग के बाद सलमान खान ने कहा- अपने शेड्यूल में नहीं करेंगे कोई बदलाव



बांद्रा के गैलेक्सी अपार्टमेंट में 14 अप्रैल को गोलीबारी के बाद सलमान खान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सलमान ने अपनी टीम से कहा है कि वह अपना सारा काम योजना के मुताबिक करेंगे। उन्होंने टीम से यह भी कहा कि गोलीबारी की घटना को ज्यादा तवज्जो न देकर कोई भी योजना रद्द नहीं की जानी चाहिए। सलमान ने ईद पर सिकंदर नाम से नई फिल्म की घोषणा की थी लेकिन फिलहाल वह किसी फिल्म की शूटिंग नहीं कर रहे हैं। वह आने वाले दिनों में विज्ञापनों की शूटिंग नहीं करेंगे। सूत्रों ने बताया कि वह अपना सौंपा गया काम उसी शेड्यूल के मुताबिक करेंगे और उसमें कोई बदलाव नहीं करेंगे। योजना के अनुसार अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं। उन्होंने टीम से किसी भी योजना को रद्द नहीं करने को कहा है। वह गोलीबारी की घटना के पीछे के लोगों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। अभिनेता को लगता है, क्योंकि वह अपना ध्यान आकर्षित करने के लिए ये चीजें कर रहे हैं। उन्होंने इंडस्ट्री के दोस्तों और एक्टर्स से कहा है कि वे चिंता न करें। सूत्रों ने बताया, ह्लउन्होंने यह भी कहा कि अब किसी को भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में नहीं जाना चाहिए, क्योंकि इससे सोसायटी के अन्य निवासी को परेशानी हो रही है। उधर, गोलीबारी की घटना के बाद एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे, बाबा सिद्दीकी और जीशान सिद्दीकी के साथ सलमान के घर गए और उनसे मुलाकात की। इसके अलावा उनके भाई अरबाज खान, सोहेल खान, उनकी बहन अर्पिता खान, उनके पति आयुष शर्मा, अरबाज के बेटे अरहान उनके घर गए।

## सूडोकु नवताल- 6764

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6763 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7511

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | स | आ | त्म | ली | न | षा | गु | बा | प | दे |
| क | अ | अ | त्म | त | अ | ला | र | न | द | जू |
| आ | स | आ | क | प्र | न | भि | द | नं | जू | व |
| जी | अ | चा | आ | र | ति | गु | आ | प | दे | न |
| व | अ | र्य | त | अ | ला | ष्ठा | न | श | म | क |
| न | आ | चा | र | वा | न | द | शा | च | व | त |
| वा | अ | सौ | र | जा | ला | गु | आ | प | दे | आ |
| ह | आ | मो | व | आ | वा | द | ह | यु | व | ग |
| क | जा | ह | व | प | गो | द | व | प | र | र |
| र | दी | ब्ब | फा | प | स | श | ह | वि | बा | क |
| स | बा | तें | व | न | ज | द | आ | गा | ह | र |

*शब्द जाल में 'आ' से शुरु होने वाले 10 शब्द ढूंढिए. दिए गए शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

आत्मलीन, आत्मप्रतिष्ठा, आचारवान, आगोश, आगाह, आनंद, आजीवन, आचार्य, आजादी, आचमन.

### शब्दजाल - 7510 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | दु | मे | रि | द्रो | णा | चा | र्य | न | प | क |
| न | र्यो | शा | प | इं | डो | भी | म | या | ड़ | क |
| अ | ध | जा | स | र | ग | स | द | ह | प | न |
| जी | न | ल | पा | न | दू | स | न | ह | र्जु | ल |
| त | या | अ | सौ | न | जा | ला | न्यु | अ | प | दे |
| आ | यु | इ | मो | व | प | म | क | ह | यु | बां |
| ग | धि | ल | ह | च | भि | रि | पा | व | प | ग |
| र | ष्ठ | भा | त्क | अ | प | स | रा | ब्रा | वि | ला |
| क | र | टे | तें | व | न | क | र्ण | शा | जू | दे |
| र | घ | ल | प | व | सिं | ल | स्र | अ | प | श |
| बां | स | ल | भी | ष्म | पि | ता | मा | ह | क | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6464

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 5 | | 1 | |
| | 27 | | 33 | | 38 | 3 |
| | 4 | 1 | | 7 | | |
| 7 | 27 | | 35 | | 38 | 2 |
| 2 | | 3 | | 6 | | 4 |
| 4 | 27 | 5 | 35 | | 27 | |
| | | 4 | 7 | 1 | 2 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6463 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 33 | 7 | 40 | 6 | 34 | 6 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 4 | 27 | 5 | 34 | 1 | 29 | 2 |
| 2 | 1 | 3 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 25 | 6 | 30 | 3 | 38 | 4 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 2 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# ऑस्ट्रेलियाई के नहीं खेलने से अफगान के लोग निराश : राशिद

**नई दिल्ली।**
**अभी भारत में आईपीएल खेल रहे अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अगर उनके साथ खेलने से मना करता है तो कुछ नहीं किया जा सकता। राशिद ने कहा कि सीए को ये भी देखना चाहिये कि क्रिकेट अफगान लोगों को खुशी के अवसर देता है।**

उन्होंने कहा कि सीए ने जिस पकार अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से मना किया है उससे देशवासियों को दुख हुआ है क्योंकि अब उन्हें खेल देखने का अवसर नहीं मिलेगा। । वहीं इससे पहले सीए ने तालिबान सरकार के महिलाओं के साथ भेदभाव के आरोप में साल 2023 में ही अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे सीरीज खेलने से इंकार कर दिया था। इसके बाद उसने इस साल के अंत में यूएई में होने वाली टी20 सीरीज में खेलने से भी मना कर दिया हालांकि राशिद सहित अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई घरेलू लीग में खेल रहे हैं। राशिद ने कहा, 'मैं और सभी खिलाड़ी क्रिकेट खेलना चाहते हैं क्योंकि अफगानिस्तान में लोगों के लिए खुशी का यही एक तरीका यही है और अगर आप इसे भी उन्हें नहीं दोगे तो लोग किसी भी चीज का जश्न नहीं मना सकेंगे। गौरतब है कि पिछले साल राशिद ने आस्ट्रेलिया के उनके साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद बिग बैश लीग से हटने की धमकी दी थी। इस 25 साल के गेंदबाज के कई आस्ट्रेलियाई मित्र हैं लेकिन उन्होंने उनसे इस मुद्दे पर बात नहीं की है। उन्होंने कहा, 'मैंने किसी के साथ इसके बारे में चर्चा नहीं की क्योंकि मुझे उनके साथ ये सारी चीजें चर्चा करने का मौका नहीं मिला क्योंकि ये आपके हाथ में नहीं है बल्कि इस पर आपका कोई नियंत्रण ही नहीं है। यह दो देशों की बात है और बतौर खिलाड़ी आप इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते। बल्कि हम यही कर सकते हैं कि जब भी हमें क्रिकेट खेलने का मौका मिले, हम पूरे गर्व से अपने देश का प्रतिनिधित्व करें।

## न्यूज ब्रीफ

### बीसीए ने महिला खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के लिए नई समिति का किया गठन

**पटना।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने राज्य में महिला क्रिकेट के विकास को बढ़ावा देने के लिए महिला क्रिकेट विकास समिति की स्थापना की है। समिति का प्राथमिक उद्देश्य खेल में युवा महिला क्रिकेटरों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना और समर्थन करना है। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा, राज्य में महिलाओं के बीच क्रिकेट के प्रचार और विकास पर बीसीसीआई द्वारा विशेष ध्यान दिया गया है। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए, एक महिला क्रिकेट विकास समिति का गठन किया गया है, जो सक्रिय रूप से युवा महिलाओं को क्रिकेट में शामिल करने के लिए काम कर रही है। बीसीए अध्यक्ष ने यह भी बताया कि क्रिकेट संचाल संस्था राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर बुनियादी ढांचा और रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में भी काम कर रही है। राकेश तिवारी ने कहा, बीसीए बिहार में क्रिकेट के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बेहतर बुनियादी ढांचे, रोजगार के अवसर, वेतन और कई अन्य दिशा में काम कर रहा है। इन प्रयासों के परिणाम बहुत जल्द दिखाई देंगे। इस बीच, बीसीए का रणदीर वर्मा अंडर-19 टूर्नामेंट 2023-24 अभी चल रहा है। बिहार में पुरुष सीनियर इंटर-डिस्ट्रिक्ट वन डे लीग 2023-24 भी खेली जा रही है। टूर्नामेंट का उद्देश्य राज्य में कच्ची प्रतिभा को निखारना है। बीसीए अध्यक्ष ने पिछले महीने कहा, हर साल, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन विभिन्न स्तरों और आयु समूहों के अपने युवा खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करता है।

### हम मजबूती से वापसी करेंगे आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर


**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने पिछले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में एक विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया और मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि वे मैच से सकारात्मक चीजें लेंगे और आगामी मैच में मजबूत होकर वापसी करेंगे।



288 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए, आरसीबी ने पारी की सकारात्मक शुरुआत की। कप्तान फाफ डु प्लेसिस और विराट कोहली ने पहले विकेट के लिए 80 रनों की साझेदारी की, जिसके बाद दिनेश कार्तिक ने मैच के अंत में आश्चर्यजनक पारी खेलकर सभी का दिल जीत लिया। एंडी फ्लावर ने आरसीबी मैच डे पर कहा, जिस तरह से हमने बीच में बल्ले से संघर्ष किया, उस पर मुझे वास्तव में गर्व है। हम मैच हार गए लेकिन जिस तरह से हमने संघर्ष किया, उस पर मुझे वास्तव में गर्व है। मुख्य कोच ने यह भी माना कि बल्ले से इतने शानदार प्रदर्शन के बाद टीम को इस मैच से काफी आत्मविश्वास मिलेगा और मौजूदा सीजन के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए अब हर मैच टीम के लिए एक नॉकआउट मैच है। उन्होंने टिप्पणी की, निश्चित रूप से यह क्षेत्र में एक बहुत ही कठिन रात थी क्योंकि उन्होंने इतने शक्तिशाली तरीके से समापन किया कि शायद इसने हमारी आत्मा को झकझोर कर रख दिया। हमें सोचना होगा और हम मजबूत होकर वापस आएंगे, यह स्पष्ट रूप से नॉकआउट का समय है और हर मैच हमारे लिए सेमीफाइनल जैसा है। महज 35 गेंदों पर पांच चौकों और सात छक्कों की मदद से 83 रनों की शानदार पारी खेलने वाले दिनेश कार्तिक को एंडी फ्लावर से भी बड़ी तारीफ मिली।

### मैं दबाव में नहीं, टीम से मिल रहा पूरा समर्थन : स्टार्क

**मुम्बई ।** आईपीएल इतिहास में सबसे अधिक कीमत मिलने के बाद भी अब तक उम्मीद के अनुसार सफलता नहीं मिलने से ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क दबाव में नहीं है। स्टार्क के अनुसार उन्हें अपनी टीम से पूरा समर्थन मिल रहा है।



स्टार्क ने कहा कि उनके पास टी20 में अनुभव की जो कमी थी। उसी कारण वह अभी तक लय हासिल नहीं कर पाये हैं। उन्हें लय हासिल करने में अधिक समय लग सकता है। स्टार्क को केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपये में अपनी टीम से जोड़ा था। वह आईपीएल के शुरुआत मैचों में असफल रहे हालांकि उन्होंने लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ आईपीएल सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट लिये। इस मुकाबले से पहले स्टार्क ने चार मैचों में 77 की औसत से सिर्फ दो विकेट लिये थे और 11 रन प्रति ओवर के हिसाब से रन दिये थे।

# मोहन बागान ने पहली बार आईएसएल लीग शील्ड जीती

## लीग के आखिरी मैच में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराया



**मुम्बई ।**
मोहन बागान ने सुपर जायंट इंडियन सुपर लीग 2023-24 को अपने नाम कर लिया है। घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए मैच में मोहन बागान ने मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराया।

इसके साथ ही मोहन बागान पॉइंट टेबल पर पहुंच गया। मोहन बागान पहली बार लीग खिताब जीता है। मोहन बागान से लिस्टन कोलाको और जेसन कमिंग्स ने गोल किए। वहीं दोनों गोल में असिस्ट करने के लिए दिमित्रियोस पेट्राटोस को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं मुंबई सिटी की ओर से एक गोल विंगर लालियानजुआला छांगटे ने किया।

### मोहन बागान 15 जीत के साथ 48 पॉइंट लेकर पॉइंट टेबल में टॉप पर

मोहन बागान सुपर जायंट ने 22 मैचों में 15 जीत, तीन ड्रा और चार हार से 48 अंक लेकर पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान से सीधे टॉप पर पहुंच कर लीग दौर समाप्त किया।

वहीं मुम्बई सिटी एफसी 22 मैचों में 14 जीत, पांच ड्रा और तीन हार से 47 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

### हाफ टाइम में मोहन बागान ने 1-0 से आगे

मैच का पहला गोल 28वें मिनट में आया, जब विंगर लिस्टन कोलाको ने मोहन बागान सुपर जायंट को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया।

ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने अटैकिंग थर्ड से बॉक्स के ठीक बाहर बाईं तरफ लिस्टन को बॉल पास की और लिस्टन ने इसे गोल में तब्दील कर दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमें ने एक- एक गोल किया

दूसरे हाफ में दोनों टीमों की ओर से एक-एक गोल हुआ। मैच के 80वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स ने गोल करके मोहन बागान की बढ़त को मजबूत करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया।

फिर 89वें मिनट में लालियानजुआला छांगटे ने सीजन का अपना सातवां गोल करके मुम्बई सिटी एफसी को कुछ राहत पहुंचाते हुए अंतर 1-2 कर दिया।

### आखिरी दो मिनट में मोहन बागान को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा

मोहन बागान को 90+2वें मिनट में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जब ब्रैंडन हैमिल को दूसरा यलो (रेड) कार्ड रेफरी वेंकटेश आर. ने दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया। ऑस्ट्रेलियाई सेंटर-बैक को पहला यलो कार्ड 90+1वें मिनट में मिला था।

### नेट पर धोनी के खिलाफ गेंदबाजी से हो रहा लाभ : एरिक सिमंस



**मुंबई ।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने टीम की अच्छी गेंदबाजी के कारण ये है कि उसके गेंदबाज नेट पर महेन्द्र सिंह धोनी के खिलाफ डेथ ओवरों की गेंदबाजी का अभ्यास करते हैं। साथ ही कहा कि ट्रेनिंग सत्र में उनके खिलाफ सफल रहने के लिए जो रणनीतियां अपनायी जाती हैं, वह मैच में भी काम करती हैं। सिमंस ने कहा, ' मुम्बई की टीम हमें 200 रन से कम पर रोकने में लगी थी पर धोनी ने एक ओवर में ही हालात बदल दिये और टीम को 206 रन रन तक पहुंचा दिया। साथ ही कहा कि वह हर बार हमें इसी तरह से हैरान करते हैं। मैदान में जाना और पहली ही गेंद पर छक्का जड़ना और फिर इसी प्रकार शॉट लगाकर रन बनाते रहना आसान नहीं होता। सिमंस ने कहा कि एक बल्लेबाज के रूप में धोनी सीएसके के गेंदबाजों के लिए डेथ ओवरों में अपनी गेंदबाजी का अभ्यास करने के लिए सबसे बेहतर खिलाड़ी रहे हैं। सिमंस ने कहा, 'जब हम डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते हैं तो सत्र पूर्व ट्रेनिंग में उनके खिलाफ अभ्यास करते हैं ।

# रायुडू ने दिनेश कार्तिक को टी20 विश्व कप टीम में शामिल करने की वकालत की



**नई दिल्ली।**
पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विकेटकीपर बल्लेबाज द्वारा सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 35 गेंदों में 83 रन की विस्फोटक पारी के बाद 2024 टी20 विश्व कप टीम के लिए दिनेश कार्तिक को शामिल करने की वकालत की। 287 के विशाल स्कोर का पीछा करते हुए, डु प्लेसिस (28 में 62) और विराट कोहली (20 में 42) ने आरसीबी के लिए लक्ष्य का पीछा किया। इसके बाद दिनेश कार्तिक का शानदार प्रदर्शन आया, जिन्होंने अकेले दम पर 35 गेंदों में 83 रन बनाकर मेजबान टीम को मैच में बनाए रखा, क्योंकि आरसीबी की पारी 7 विकेट पर 262 रन बनाकर समाप्त हुई।

अब तक 7 मैचों में, अनुभवी कार्तिक ने 75.33 की औसत और 2 अर्धशतकों के साथ 205.45 की स्ट्राइक रेट से 226 रन बनाए हैं। रायडू ने खुलासा किया कि कार्तिक हमेशा एमएस धोनी की छाया में रहे हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के ज्यादा मौके नहीं मिले। रायडू ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैंने बचपन से देखा है कि वह कितना प्रतिभाशाली है। वह हमेशा एमएस धोनी की छत्रछाया में रहे और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के ज्यादा मौके नहीं मिले। उनके पास आखिरी बार भारत के लिए मैच विजेता बनने और विश्व कप जीतकर अपने करियर का अंत करने का सुनहरा मौका है। इसलिए, मेरा मानना है कि कार्तिक को विश्व कप में ले जाया जाना चाहिए। हालांकि, दूसरी ओर इरफान पठान कार्तिक के चयन को लेकर अलग राय रखते थे और उन्होंने कहा कि आईसीसी इवेंट में गेंदबाज अलग स्तर के होंगे और कार्तिक के लिए उनके खिलाफ रन बनाना आसान नहीं होगा। इरफ़ान पठान ने कहा, वह पूरे प्रवाह में खेल रहे हैं; वह शानदार लय में दिख रहे हैं। लेकिन भारतीय क्रिकेट और विश्व कप एक अलग स्तर पर हैं। विश्व कप में, आप अनकैप्ड खिलाड़ियों को गेंदबाजी करते नहीं देखेंगे। कोई प्रभाव नियम भी नहीं है।

# मैक्सवेल ने थकान और खराब प्रदर्शन के कारण आईपीएल से लिया ब्रेक

**बेंगलुरु ।**
ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीए) 2024 से ब्रेक ले लिया है। आईपीएल में इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम में शामिल रहे मैक्सवेल ने मानसिक थकान के कारण ये ब्रेक लिया है। मैक्सवेल ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उन्हें उंगली में चोट लग गयी थी। मैक्सवेल ने कहा कि ब्रेक का फैसला काफी आसान था। मैं मुंबई इंडियंस के खिलाफ अंतिम मैच के बाद कप्तान फाफ और कोचों के पास गया और कहा कि शायद अब समय आ गया है कि मेरी जगह किसी अन्य को शामिल किया जाये। यह वास्तव में खुद को थोड़ा मानसिक और शारीरिक आराम देने, अपने शरीर को तरोताजा करने का एक अच्छा समय है। अगर टूर्नामेंट के दौरान फिर मुझे इसमें शामिल होने की जरुरत होगी तो उस समय तक मैं मानसिक और शारीरिक रुप से बेहतर हो सकता हूं। यह करियर में दूसरी बार है जब मैक्सवेल ने अपने को तरोताजा करने के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से अलग होने का फैसला किया है। उन्होंने इससे पहले अक्टूबर 2019 में भी ऐसा ही ब्रेक लिया था और कहा था कि उस समय वह मानसिक और शारीरिक रूप से परेशानी का अनुभव कर रहे थे। इसके बाद इसखिलाड़ी ने कुछ महीने बाद वापसी की। इस आईपीएल में मैक्सवेल ने इस सत्र में खेले गए छह मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है और वह 5.33 की औसत और 94 की स्ट्राइक-रेट से केवल 32 रन ही बना पाये हैं। मैक्सवेल ने कहा, मैं पहले भी इस स्थिति में रहा हूं, जहां आप खेलना जारी रख सकते हैं पर इससे नुकसान ही होगा। मैं पावर प्ले में बल्ले से पर्याप्त योगदान और परिणाम नहीं दे रहा था और जिस स्थिति में हम खुद को तालिका में पाते हैं, मुझे लगता है कि यह किसी और को अपना कौशल दिखाने का मौका देने का एक अच्छा समय है और उम्मीद है कोई ऐसा कर सकता है।

# बतिस्ता अगुत ने बार्सिलोना में सफीउल्लिन को हराया


**बार्सिलोना।**
**पूर्व नंबर 9 रॉबर्टो बतिस्ता अगुत ने अपने करियर की 399वीं टूर-स्तरीय जीत के लिए बार्सिलोना ओपन में रोमन सफीउलिन को 6-3, 7-6(8) से हराया। उन्होंने पहले दौर में एक घंटे, 59 मिनट की जीत से पहले दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में एक सेट प्वाइंट बचाया। स्पैनियार्ड, जो इस सप्ताह अपने 12वें एटीपी टूर खिताब का पीछा कर रहा है, दूसरे दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से भिड़ेगा। बार्सिलोना में निक हार्ड के लिए एक यादगार दिन था। 23 वर्षीय क्वालीफायर ने घरेलू पसंदीदा मार्टिन लैंडल्यूस को पिस्ता राफा नडाल कोर्ट पर 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर एटीपी टूर के मुख्य ड्रॉ में पहली बार जीत हासिल की।**



हार्ड 2018 में क्विटो में विक्टर एस्ट्रेला बर्गोस के बाद एटीपी टूर मैच जीतने वाले पहले डोमिनिकन बन गए। हार्ड, जो अब तक बार्सिलोना में अपने प्रदर्शन के परिणामस्वरूप एटीपी लाइव रैंकिंग में 30 स्थान ऊपर चढ़कर 199वें नंबर पर पहुंच गए हैं, उनका अगला मुकाबला 13वीं वरीयता प्राप्त टॉमस मार्टिन एचेवेरी से होगा। ब्रैंडन नकाशिमा और हेरोल्ड मायोट ने भी दूसरे दौर में अपना स्थान पक्का कर लिया। नाकाशिमा ने 2023 के सेमीफाइनलिस्ट डेनियल इवांस को 7-6(5), 6-2 से हराकर दूसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव से मुकाबला तय किया, जबकि क्वालीफायर मेयोट ने पेड्रो कैचिन को 7-6(5), 2-6, 6-3 से हराकर कैमरून नोरी का सामना करने के लिए खुद को तैयार कर लिया है।

# पेरिस ओलंपिक में अब विजेताओं को मिलेगी भारी भरकम इनामी राशि

**पेरिस ।**
पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों को इसबार काफी लाभ होगा। इसका कारण है कि विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने ट्रैक एवं फील्ड के 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को 50,000 डॉलर करीब 41.60 लाख रुपये की पुरस्कार राशि देने की बात कही है। इस प्रकार डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ भी बन जाएगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत एथलेटिक्स के महत्व को देखते हुए की गयी है। साथ ही कहा कि हमने उन एथलीट की सहायता का फैसला किया है जो अपने प्रदर्शन से खेलों को वैश्विक स्तर पर सफल बनाते हैं। उन्होंने कहा, " अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के राजस्व आवंटन से कुल 2.4 मिलियन डॉलर लगभग 18.63 अरब रुपये पुरस्कार के लिए रखे गये है, जो हर चार साल में विश्व एथलेटिक्स को मिलता है।



# एमएलसी के दूसरे सत्र में खेलेंगे ट्रैविस हेड

**मुम्बई ।** भारत में अभी आईपीएल खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने कहा है कि वह टी-20 विश्व कप के बाद अमेरिकी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र में खेलेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप 29 जून को खत्म होगा। इसके बाद सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। इसी का लाभ उठाते हुए हेड ने अमेरिकी लीग में खेलने का फैसला किया है।



हेड ने आईपीएल के इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से अब तक शानदार प्रदर्शन किया है , इससे टी-20 प्रारुप में उनकी मांग भी बढ़ी है। हेड का कहना है कि उनका खेल से ब्रेक लेने का कोई इरादा नहीं है। वह मेजर लीग में वाशिंगटन फ्रीडम की ओर से खेलने के लिए टीम से जुड़ेंगे। हेड के अलावा इसमें ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ फ्रीडम भी खेलेंगे। टीम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग रहेंगे। पोंटिंग को इस लीग के लिए ग्रेग शिपर्ड की जगह कोच बनाया गया है। पोंटिंग भी अभी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कोच हैं। फ्रीडम की ओर से न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र भी खेलेंगे। टीम ने 2023 सत्र के लिए माकर जेन्सन और अकील होसेन जैसे दो विदेशी खिलाड़ियों को भी रखा है। इस लीग में एडम ज़म्पा लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स, स्पेंसर जॉनसन नाइट राइडर्स और टिम डेविड एमआई न्यूयार्क भी खेलेंगे। ) शामिल हो गए हैं। उन्होंने एमएलसी के दूसरे सत्र के लिए अनुबंध की पुष्टि की है।

# राम नवमी का पर्व और महत्व



रामनवमी का पर्व देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। सनातन धर्म में यह दिन विशेष महत्व रखता है। इस दिन लोगों की आस्था के केंद्र भगवान श्रीराम का जन्मदिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर मंदिर और मठों में पूजन और यज्ञ किए जाते हैं। साथ ही कई जगहों पर लोग भंडारे के रूप में प्रसाद का वितरण भी करते हैं। इसके साथ ही इस दिन नवरात्र की भी समाप्ति होती है। क्या है इस पर्व का महत्व और कब है रामनवमी, इन्हीं सभी सवालों का जवाब जानने के लिए यह लेख पढ़ें। यह दिन रामनवमी पर्व के रूप में मनाया जाएगा। खास बात यह है कि इस दिन चार शुभ मूहर्तों का भी संयोग बन रहा है। ऐसे में धार्मिक दृष्टि से इस दिन का महत्व और भी बढ़ जाता है। रामनवमी के दिन श्रद्धालु भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर पर्व को मनाएंगे। वहीं, इस दिन कुछ जगहों पर रैली का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें देवी-देवताओं की सवारी निकाली जाती है। हिंदु मान्याताओं के अनुसार, भगवान विष्णु ने त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों का अंत करने के लिए भगवान श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। भगवान श्रीराम का जन्म राजा दशरथ और माता कौशल्या के यहां हुआ था। श्रीराम का जन्म मध्याह्न काल में हुआ था। आपको बता दें कि मध्याह्न काल दो घंटे 24 मिनट तक चलता है। इस दिन को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस दिन लोग पवित्र नदियों में स्नान करते हैं और भगवान श्रीराम का भी अभिषेक कर पूजा अर्चना करते हैं। रामनवमी के अवसर पर भक्तों की श्रीराम के मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए भीड़ जुटती है। आपको बता दें कि अलग-अलग राज्यों में श्रीराम के कुछ प्रमुख मंदिर हैं, जिसमें अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि, नासिक का श्री कालाराम मंदिर, सोमनाथ, शिकोहाबदा और भीमाशंकर का श्रीराम मंदिर प्रमुख है।

# भगवान राम के पांच गुणों से कभी नहीं देखना पड़ेगा हार का मुंह

राम नवमी का पर्व इस साल 17 अप्रैल, बुधवार को मनाया जा रहा है। मान्यता है, कि इस दिन भगवान विष्णु के अवतार श्री राम का जन्म हुआ था। आज भी जब एक अ च छ` पुत्र, भाई, मित्र या किसी अन्य रिश्ते की बात आती है, तो भगवान राम का जीवन लोगों को बड़ी सीख देता है। ऐसे में क्या आप जानते हैं श्रीराम के वे गुण, जो उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम, यानी पुरुषों में उत्तम बनाते हैं? आइए इस आर्टिकल आपको ऐसे 5 गुणों के बारे में बताते हैं, जिन्हें अपनी जिंदगी में उतारकर आप भी हर मोड़ पर सफलता पा सकते हैं।




**धैर्य :** भगवान राम धैर्य की पराकाष्ठा सिखाते हैं। चाहे फिर वनवास हो, या फिर समुद्र से लंका के लिए रास्ता बनाने का आग्रह करना हो। जिंदगी में धैर्य यानी पेशेंस रखना बेहद जरूरी होता है, जो हर रिश्ते में काम आता है। हालांकि धैर्य के साथ-साथ श्रीराम ये भी सिखाते हैं, कि कौन-सा काम प्रेम या समझ से हो सकता है, और किस जगह धनुष की जरूरत है। इसलिए आपको भी पता होना चाहिए, कि क्रोध का सही इस्तेमाल कैसे करना है, और गैर जरूरी जगह पर इससे कैसे बचना है।

**उदारता :** आज भी जब दया, करुणा और उदारता की बात आती है, तो श्री राम की कोमल छवि सभी के सामने आती है। चाहे इंसान हो, पशु हो या फिर राक्षस, भगवान राम ने कभी किसी से द्वेष नहीं रखा, और हर किसी का भला ही चाहा। उन्होंने रावण को समझने का कई बार मौका दिया, जिससे युद्ध से होने वाले राक्षसों के नुकसान को टाला जा सके।


**विद्वता :** जीवन में सफल होने के लिए अपने क्षेत्र का भरपूर ज्ञान या नॉलेज होनी काफी जरूरी है। श्रीराम परम विद्वान भी थे और उन्होंने चारों वेदों का अध्ययन किया था। बता दें, अगर आप भी चार लोगों के बीच किसी भी मुद्दे पर ज्ञान के मामले में हार का सामना नहीं करना चाहते हैं, तो उनका चीजों को लेकर गहरे अध्ययन का ये गुण अपनी जिंदगी में जरूर उतार लीजिए।

**मित्रता :** भगवान राम एक-दो नहीं, अनेकों गुणों के धनी हैं। उनका स्वभाव हमेशा मित्रता का ही रहा है, जिसके चलते निषादराज, केवट और सुग्रीव ही नहीं, बल्कि लंका में रहने वाले विभीषण भी उनके परम मित्र बन गए थे। ये एक ऐसा गुण है, जो जीवन के हर पड़ाव पर आपको सफलता का रास्ता दिखाएगा, अच्छे दोस्त पास होने से आप न सिर्फ आने वाली कई मुसीबतों से पहले ही बच जाते हैं, बल्कि जिंदगी में रास्ता भटकने पर सही फैसले भी ले पाते हैं।

**कुशल प्रबंधन :** श्रीराम हमेशा सभी को साथ लेकर चलते दिखाई दिए हैं। उनकी इसी नेतृत्व क्षमता के चलते लंका जाने के लिए समुद्र को लांघना भी आसान हो सका। कुशल प्रबंधन या अच्छे मैनेजमेंट का ये गुण सभी की जिंदगी में जरूर होने चाहिए। उम्र के हर पड़ाव पर आपको इससे फायदा ही हाथ लगेगा, फिर चाहे आप स्टूडेंट हों, वर्किंग हों या हाउसमेकर। अच्छा नेतृत्व हर जगह काम आता है और समाज को ऐसे ही लोगों की जरूरत है।




# श्रीराम को लगाएं ये भोग सुख-समृद्धि की होगी प्राप्ति



देशभर में राम नवमी के पर्व को अधिक धूमधाम के साथ मनाया जाता है। रामभक्त राम नवमी के आने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। हर साल यह त्योहार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस बार रामनवमी 19 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस खास अवसर पर भगवान श्रीराम की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही उन्हें प्रिय चीजों का भोग लगाया जाता है। मान्यता है कि प्रभु को प्रिय चीजों का भोग लगाने से पूजा पूर्ण होती है और भगवान श्रीराम प्रसन्न होते हैं। चलिए जानते हैं प्रभु को किन चीजों का भोग लगाना कल्याणकारी होता है। माना जाता है कि भगवान राम को पंचामृत का भोग न लगाने से पूजा अधूरी रहती है। ऐसे में आप रामनवमी की पूजा के दौरान प्रभु को पंचामृत का भोग लगा सकते हैं। इसके अलावा भगवान राम के भोग में खीर को भी शामिल कर सकते हैं। मान्यता है कि जब राजा दशरथ के घर भगवान राम और समेत चारों भाइयों का जन्म हुआ था, तो उस समय खीर ही बनाई गई थी। ऐसे में आप भगवान राम को खीर का भोग लगा सकते हैं। अगर आप परिवार में खुशहाली चाहते हैं, तो इसके लिए आप राम नवमी पर मीठे बेर और कंदमूल का भोग लगाएं। पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान राम ने वनवास के दौरान कंदमूल का सेवन किया था। मान्यता है कि प्रभु को कंदमूल और बेर का भोग लगाने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। भगवान श्रीराम के भोग के लिए आप घर पर केसर भा बना सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि प्रभु को केसर भात का भोग लगाने दरिद्रता से छुटकारा मिलता है।

भोग लगाते समय मंत्र

*त्वदीयं वस्तु गोविंद तुभ्यमेव समर्पये।*
*गृहाण सम्मुखो भूत्वा प्रसीद परमेश्वर।।*

अर्थ- हे ईश्वर मेरे पास जो भी है वो आपका ही दिया हुआ है। आपका दिया आपको समर्पित करता हूं। कृपा करके इसे ग्रहण करे और मुझ पर प्रसन्न हों।




मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**